सूर्योदय 6:10 सूर्यास्त 6:15

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.4 न्यू | 26.0 अधि |
| धर्मशाला | 18.9 न्यू | 29.1 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84544.31 |
| निफ्टी | 25790.95 |
| सोना 73,340 | चांदी 92,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




जीत पर बोले रोहित शर्मा- मजबूत गेंदबाजी विकल्पों पर ध्यान

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 23 सितंबर 2024 | 8 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 277, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### कानपुर में फिर ट्रेन पलटाने की साजिश, सिलेंडर मिला



**प्रयागराज।** कानपुर में एक बार फिर से ट्रेन पलटाने की बड़ी साजिश रची गई। रेलवे पटरी पर 5 किलो का छोटा गैस सिलेंडर रखा था। नजर पड़ते ही लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर मालगाड़ी को रोक दिया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- अनुष्का दत्ता बनी मिस यूनिवर्स फाइनलिस्ट -पेज 3
- टांडा कॉलेज स्थापित कर रहा नए आयाम : बाली -पेज 5
- श्रीलंका के राष्ट्रपति बने चीनी समर्थक अनुरा दिसानायके -पेज 13
- शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक लगभग पक्का -पेज 14





# क्वाड नेताओं ने घोषणापत्र में चीन पर साधा निशाना

## संयुक्त बयान में बोले पीएम मोदी- रणनीतिक रूप से अधिक एकजुट है समूह

**एजेंसी, विलमिंगटन ( अमेरिका )**

**अमेरिका** के क्लेमोंट, डेलावेयर में हुए क्वाड के चार देशों ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के नेताओं ने संयुक्त घोषणा पत्र जारी कर चीन की आक्रामक कार्रवाइयों की निंदा की और एकजुटता को बढ़ाने पर जोर दिया।

उन्होंने समुद्री क्षेत्र में स्थिरता और अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करने की आवश्यकता पर ध्यान दिया। क्वाड नेताओं ने घोषणा पत्र में समुद्री क्षेत्र में हाल में की गई खतरनाक और आक्रामक कार्रवाइयों पर चिंता व्यक्त की गई। हम एक ऐसा क्षेत्र चाहते हैं, जहां कोई भी देश किसी भी देश पर हावी न हो, जहां सभी देश दबाव से मुक्त हों और अपने भविष्य को निर्धारित करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल कर सकें। वहीं, उत्तर कोरिया और रूस के संबंधों पर भी चिंता जताई। पीएम मोदी ने कहा कि क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) किसी के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह नियमों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और संप्रभुता के सम्मान के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि रणनीतिक रूप से समूह एकजुट है। इसके अलावा, युद्धग्रस्त देश यूक्रेन की स्थिति सहित वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा की गई। उधर, पीएम मोदी ने बाइडेन को चांदी से बनी, हाथ से उकेरी गई ट्रेन का मॉडल गिफ्ट किया है।



क्वाड के नेता संयुक्त बयान में घोषणा पत्र के बारे में जानकारी देते हुए।

### अमेरिका ने सौंपी 297 प्राचीन धरोहरें

**अमेरिका** ने पीएम मोदी की यात्रा के दौरान 297 प्राचीन धरोहरें भारत को सौंपी हैं, जिन्हें तस्करी कर देश से बाहर ले जाया गया था। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि सांस्कृतिक जुड़ाव को गहराते और सांस्कृतिक संपत्तियों की अवैध तस्करी के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करते हुए। मैं भारत को 297 अमूल्य कलाकृतियां लौटाने के लिए अमेरिकी सरकार का अत्यधिक आभारी हूं।

# मेरे खिलाफ रचा गया षड्यंत्र, मैं गलत करने नहीं आया: केजरीवाल

## जनता की अदालत में आरएसएस प्रमुख भागवत से पूछे पांच सवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**आम** आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ षड्यंत्र रचा गया। उनके कई नेता जेल में हैं। मुझे पीएमएलए एक्ट के तहत फंसाया। जनता से पूछा कि अगर वे वास्तव में बेईमान होते, तो क्या वे दिल्ली में मुफ्त बिजली और पानी उपलब्ध करा पाते।

**कहा- मैंने जिंदगी में केवल इज्जत ही कमाई है**

केजरीवाल ने अपनी ईमानदारी की रक्षा के लिए जनता से समर्थन मांगा और स्पष्ट किया कि वे तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे, जब तक जनता उन्हें ईमानदारी का प्रमाण पत्र नहीं देती। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी जिंदगी में केवल इज्जत कमाई है। मैं मुख्यमंत्री आवास खाली कर दूंगा। मेरे पास आज दिल्ली में रहने के लिए घर नहीं है। उन्होंने इस बात को दोहराया कि उन्होंने सत्ता या पैसे के लिए राजनीति में कदम नहीं रखा। अगर मैं पैसे कमाने की सोचता, तो मैं इनकम टैक्स की नौकरी करता। मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद जंतर-मंतर पर अपनी पहली सार्वजनिक रैली 'जनता की अदालत' में केजरीवाल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत से पांच सवाल पूछे। क्या सेवानिवृत्ति की आयु से संबंधित भाजपा का नियम मोदी पर भी लागू होता है, जैसा कि लालकृष्ण आडवाणी पर लागू हुआ था। जब भाजपा प्रमुख नड्डा ने कहा कि उनकी पार्टी को अपने वैचारिक मार्गदर्शक आरएसएस की जरूरत नहीं है, तो उन्हें कैसा लगा। केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर राजनीतिक दलों को तोड़ने, विपक्षी दलों की सरकारें गिराने और भ्रष्ट नेताओं को अपने पाले में करने की भाजपा की राजनीति से सहमत है।

# आरएसपुरा में घुसैपठ की कोशिश नाकाम, गोला-बारूद बरामद

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**बीएसएफ** जवानों ने जेएंडके के आरएसपुरा में बॉर्डर पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया।

जवानों ने रविवार सुबह तलाशी अभियान चलाकर एक एके असॉल्ट राइफल, दो मैगजीन, 17 राउंड और दो पिस्तौल, चार मैगजीन, 20 राउंड बरामद किए गए। हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। वहीं, किश्तवाड़ जिले में तलाशी अभियान के दौरान जवानों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। ( अनंत ज्ञान )



### पुंछ में पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

**जम्मू-**कश्मीर में पुंछ जिले के मेंढर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया गया है। घुसपैठिया रविवार तड़के सीमा पार से भारत में घुसने की कोशिश कर रहा था तभी जवानों ने उसे हिरासत में ले लिया।

### प्रदेश में बढ़ी गर्मी ऊना का तापमान 35 डिग्री पहुंचा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 2-3 दिनों से मौसम साफ बना हुआ है। तेज धूप से लोग बेहाल हो गए हैं। सितंबर माह में तापमान लोगों के पसीने छुड़ा रहा है।

अधिकतर स्थानों पर तापमान में उछाल आया है। ऊना में सर्वाधिक 35 डिग्री सेल्सियस तापमान बना हुआ है। प्रदेश के कई शहरों में तापमान सामान्य से ज्यादा है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 24 सितंबर तक मौसम साफ बना रहेगा। 25 सितंबर को येलो अलर्ट जारी किया है।

# आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के उच्च शिक्षा हासिल करने के सपने हो रहे साकार : सुक्खू

## मुख्यमंत्री बोले- डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना को दिया विस्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी बच्चों के उच्च शिक्षा प्राप्त करने के सपने साकार किए जा रहे हैं।

राज्य सरकार ने डॉ. वाईएस परमार ऋण योजना को विस्तार दिया है। इस योजना के तहत विदेश में शिक्षा ग्रहण करने के इच्छुक व आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को लाभान्वित करने का निर्णय लिया है। उच्च शिक्षा के लिए विदेशों में पढ़ाई करने के इच्छुक विद्यार्थियों की राह में वित्तीय सीमाएं आड़े नहीं आएंगी। शिक्षा विभाग की ओर से जल्द मानक संचालन प्रक्रिया जारी की जाएगी। वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी बच्चों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना शुरू की है। विद्यार्थियों को मात्र एक प्रतिशत ब्याज दर पर शैक्षिक ऋण प्रदान किया जाता है। युवाओं को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। सीएम सुक्खू ने कहा कि इस योजना से राज्य के पात्र विद्यार्थी धन की कमी की वजह से उच्च व व्यावसायिक शिक्षा से वंचित नहीं रहेंगे।

### कानपुर में गद्दा फैक्टरी में आग लगने से छह लोग जिंदा जले

**कानपुर।** यूपी के कानपुर देहात जिले के एक औद्योगिक क्षेत्र में गद्दा बनाने वाली फैक्टरी में भीषण आग लगने से छह मजदूर जिंदा जल गए, जबकि चार गंभीर रूप से झुलस गए। कानपुर देहात के एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि रनिया के खानपुर खड़ंजा रोड पर शनिवार रात को आरपी पॉली प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई, जिसके कारण एलपीजी गैस सिलेंडर से फैक्टरी में विस्फोट हो गया और छत ढह गई। 6 मजदूरों के पूरी तरह से जले हुए शव बरामद किए गए।




## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल लेक्चरर की फाइनल सूची जारी करने की मांग

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर के प्रधान लोकेंद्र सिह नेगी प्रांतीय सगठन एवं प्रेस सचिव राजन शर्मा ने सरकार से आग्रह किया है कि स्कूल लेक्चरर की फाइनल सिनयोरिटी लिस्ट शीघ्र जारी की जाए, लेक्चरर संघ ने लेक्चरर के काफी समय से लंबित कंफर्मेशन को भी शीघ्र कराने का शिक्षा निदेशक से आग्रह किया है, लेक्चरर संघ के प्रांतीय सगठन एवं प्रेस सचिव राजन शर्मा ने बताया कि काफी समय से लेक्चरर की कन्फर्मेशन नही हुई है और न ही फाइनल सीनियोरिटी लिस्ट जारी हुई हैं, लेक्चरर संघ ने इस बारे शीघ्र कार्रवाई करने का शिक्षा निदेशक से आग्रह किया है। लेक्चरर संघ लेक्चरर संघ के प्रदेश प्रधान लोकेन्द्र सिह नेगी,संगठन व प्रेस सचिव राजन शर्मा, महासचिव संजीव ठाकुर इस बारे में सरकार शिक्षा सचिव शिक्षा निदेशक से जल्द कार्यवाही की मांग की है।

### अग्निकांड पीड़ित परिवार को दी आर्थिक सहायता




**दशमी रावत, रोहड़ू।** संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू एक सामाजिक संस्था है जिसका उद्देश्य सदैव ही गरीब, अहसाय और जरूरतमंद लोगों की सहायता करना है। समिति ने चिढगांव तहसील के देनवाड़ी गांव के मोहन लाल की दस हजार रुपए देकर आर्थिक सहायता की। पीड़ित परिवार से जानकारी प्राप्त हुई कि 19 सितंबर को उसके घर में सिलेंडर फटने से आग लग गई थी। जिस कारण उनके 5 कमरों का मकान जल कर राख हो गया था। इस मौके पर महासचिव बंटू चौहान, प्रेस सचिव रविंद्र शर्मा, रूप लाल, जोगी नेगी, शमशेर कायथ, भूपिंद्र चौहान, विकास चौहान व हरिमन नेगी मौजूद रहे।

### महिलाओं ने सीखी आचार और पापड़ बनाने की कला



**जुब्गा (शिमला)।** जुब्गा से सटे नैहरा गांव में यूको आरसेटी के सौजन्य से महिलाओं को स्वाबलंबी बनाने के लिए आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन हो गया, जिसमें सत्यम ग्राम संगठन कोटी की 31 महिलाओं ने भाग लिया। यूको आरसेटी प्रशिक्षण प्रभारी मनीषा शर्मा ने बताया कि इस दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में महिलाओं को आचार, चटनी, पापड़ और मसाला पाउडर बनाने बारे प्रशिक्षित किया गया। इस शिविर में सोलन से आई आशा शर्मा ने महिलाओं को स्वाबलंबी बनने बारे टिप्स दिए गए।

### छात्रों के निष्कासन कॉलेज प्रशासन की तानाशाही : एसएफआई

**अनंत ज्ञान, शिमला।** एसएफआई ने हिमाचल प्रदेश राज्य कमेटी संजौली कॉलेज में छात्रों के निष्कासन को कॉलेज प्रशासन की तानाशाही व राजनीति से प्रेरित बताया है। महाविद्यालय का शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन रोकने का निर्णय छात्रों के अभिव्यक्ति और सभा की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। आजकल लड़कियों के खिलाफ यौन उत्पीड़न के बढ़ते मामलों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। एसएफआई लैंगिक संवेदीकरण समिति में लड़कियों को शामिल करके इसे लोकतांत्रिक बनाने की सही मांग उठा रहा है। एसएफआई हिमाचल प्रदेश राज्य कमेटी मांग करता है कि निष्कासन का निर्णय तत्काल वापस लिया जाए या परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें।

### राजेंद्र गर्ग ने मंत्री पर पुलिस अधिकारियों के तबादले में दबाव बनाने का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने जिला बिलासपुर में पुलिस अधिकारियों के तबादले में राजनीतिक दबाव बनाने का आरोप मंत्री पर लगाया है। उन्होंने कहा



कि पुलिस थाना घुमारवीं में 9 महीनों में तीन पुलिस थाना प्रभारियों को स्थानांतरित किया जा चुका है, जो राजनीतिक षड्यंत्र का शिकार हो रहे हैं। गर्ग ने बताया कि मई 2023 में एक अधिकारी ने पुलिस थाना प्रभारी का कार्यभार संभाला, लेकिन फरवरी 2024 में स्थानांतरित कर दिया गया। इसके बाद दो और अधिकारियों को भी स्थानांतरित किया गया। उन्होंने कहा कि यह अधिकारी लोगों के अधिकारों की रक्षा पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कर रहे थे, लेकिन मंत्री को पसंद नहीं आए। गर्ग ने मंत्री पर पुलिस प्रशासन में दखलअंदाजी का आरोप लगाया और मांग की कि सरकार तबादलों के पीछे के कारणों को स्पष्ट करे। उन्होंने कहा कि यह पुलिस की स्वतंत्रता और निष्पक्षता को खतरे में डालता है और अधिकारियों का मनोबल गिराता है। उन्होंने आगे कहा, 'मंत्री पुलिस प्रशासन में अपने राजनीतिक एजेंडे को लागू करने की कोशिश कर रहे हैं। यह न केवल पुलिस की स्वतंत्रता को खतरे में डालता है, बल्कि लोकतंत्र की मूल भावना को भी कमजोर करता है।' गर्ग ने सरकार से मांग की है कि वह इस मामले में जांच करे। उन्होंने कहा कि सरकार को पुलिस प्रशासन की स्वतंत्रता और निष्पक्षता को बनाए रखने के लिए कदम उठाने चाहिए।

### सुरजीत को चुना जिला डीपीई संघ का प्रधान



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला बिलासपुर डीपीई संघ के चुनाव वरिष्ठ डीपीई जगदेव मेहता की अध्यक्षता में तथा पर्यवेक्ष विनय कुमार अत्री प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा की उपस्थिति में घुमारवीं में सम्पन्न हुए। सुरजीत सिंह परमार को सर्वसम्मति से जिला बिलासपुर डीपीई संघ का प्रधान चुना गया, स्वतंत्र राणा को महासचिव तथा पवन मिन्हास को कोषाध्यक्ष चुना गया। जगदेव मेहता को मुख्य संरक्षक तथा अरुण चंदेल को मुख्य सलाहकार चुना गया। इस मौके पर सुरजीत परमार ने जिला बिलासपुर के सभी डीपीई का अभार व्यक्त किया तथा डीपीई की मांगों को लेकर चर्चा की गई और बताया कि हमारी प्रमुख मांग समान कार्य के लिए समान वेतन है, जिसको लेकर हिमाचल प्रदेश डीपी संघ मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री से मिल चुका है। मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया कि हमारी मांग को जल्द ही पूरा किया जाएगा। जिला बिलासपुर डीपीई संघ अपनी मांगों को लेकर हिमाचल प्रदेश के टाउन एंड कंट्री प्लानिंग एवं तकनिकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी से भी इसी महीने मिल चूका है तथा मंत्री ने हमारी मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया।

### जुखाला में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपमंडलीय विधिक सेवा समीति बिलासपुर द्वारा एक



दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पंचायत घर जुखाला के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में सीनियर सिविल जज एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी बिलासपुर धीरू ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम में तहसील कल्याण अधिकारी बनिता व नितिन कौंडल अधिवक्ता जिला संघ बिलासपुर ने बक्ता के रूप में भाग लिया। तहसील कल्याण अधिकारी ने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा चला जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। अधिवक्ता नीतिन कौंडल ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा चलाई जारी योजना जो कि नालसा की महिलाओं के लिए मुआवजा योजना/यौन उत्पीड़नन/ अन्य अपराधों के उत्तरजीवी 2018 व हिमाचल प्रदेश प्रतिकार स्कीम 2019 के बारे से विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की, इसके अतिरिक्त उन्होंने महिला घरेलु हिंसा इत्यादि के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## हाल-ए-आईजीएमसी : सुबह से शाम तक ओपीडी के बाहर रहना पड़ रहा खड़ा

# उपचार करवाने में छूट रहे पसीने

**अनंत ज्ञान, शिमला**

आईजीएमसी में मरीजों को सुविधा देने को लेकर प्रशासन की पोल खुलती नजर आ रही है। यहां पर सुविधा इतनी चरमरा गई है कि उपचार करवाने में मरीजों के पसीने छूट रहे हैं। मरीज सुबह से ही ओटी के बाहर उपचार करवाने बैठ जाते है और शाम तक भी मरीजों का उपचार करवाने के लिए नबंर नहीं आता है। नाम न छापने की शर्त पर शिमला के ही रहने वाले एक मरीज का कहना है कि उससे पत्थरी की शिकायत थी। ऐसे में वह यूरोलॉजी ओटी के बाहर डॉक्टरों से चैकअप करवाने चला गया था, उसने अपनी पर्ची भी अंदर दे दी थी। शाम तक इंतजार करता रहा, लेकिन उसका नबंर तक नहीं आया। जब शाम के समय में डॉक्टरों से बात की तो डॉक्टरों ने



कहा कि हमारे पास तो आपकी पर्ची ही नहीं है। यहां पर इस तरह की यह मरीज की पहली शिकायत नहीं है। इससे पहले भी मरीजों की प्रशासन के पास इस तरह की कई शिकायतें आई है।

यूरोलॉजी में पत्थरी व किडनी के मरीजों में काफी ज्यादा बढ़ौतरी हो रही है फिर भी इस विभाग में प्रशासन की ओर से कोई सुधार नहीं किया जा रहा है। यहां पर मरीज दर की ठोकरे खाने को मजबूर हो रहे है। आईजीएमसी में दिन प्रतिशत मरीजों की संख्या तो बढ़ रही है, लेकिन मरीजों के सुविधा के लिए कोई कड़े कदम नहीं उठाए जा रहे है। यहां पर एक ओर बड़ी बात यह है कि अभी तक पांच के करीब यहां पर दिल्ली एम्स के डॉक्टरों की निगरानी पर किडनी ट्रांसप्लांट हुए है। ऐसे में अब तो यहां पर यूरोलॉजी विभाग को और ज्यादा अपग्रेड किया जाना चाहिए था। बताया जा रहा है कि हिमाचल के सबसे बड़े अस्पताल आई.जी.एम.सी. में लीवर ट्रांसप्लांट की भी शीघ्र ही मिलनी थी, लेकिन यह सुविधा भी फाइलों में सिमट कर रह गई है। अभी भी यहां हालत सुधारने की काफी जरूरत है।

### किडनी के सैकड़ों मरीज पहुंचते हैं आईजीएमसी

आईजीएमसी में किडनी के ही सैकड़ों रोगी आईजीएमसी में पहुंचते हैं। इसके अलावा पत्थरी के तो इससे भी काफी ज्यादा मरीज आते है। किडनी के मरीजों में 10 फीसदी रोगियों को तुरंत किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत रही है। वहीं अन्य अंगों के ट्रांसप्लांट के लिए भी यहां से मरीजों को पीजीआई या एमस के लिए कहा जाता है। इसमें कई गरीब लोग खर्चा अधिक होने के कारण ट्रांसप्लांट नहीं करवा सकते। ऐसे में जब आईजीएमसी में यह सुविधा शुरू हो गई है। अब लोगों को ज्यादा पैसे भी खर्च नहीं करने पड़ेंगे। यहां पर प्रशासन को अब सिर्फ स्थिति में सुधार लाने की जरूरत है।

## ठोस कचरा प्रबंधन की जगह के लिए मिला वन विभाग से स्टेज वन अप्रूवल

**दशमी रावत, रोहड़ू**

नगर परिषद अध्यक्ष अशोक चौहान एवं उपाध्यक्ष सुजय अग्रवाल ने बताया कि 6 साल की लंबी इंतजार के बाद नगर परिषद रोहड़ू को ठोस कचरा प्रबंधन के लिए वन विभाग से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है।

उन्होंने बताया कि 5 सितंबर को आरईसी (वन संरक्षण अधिनियम के तहत गठित कमेटी) की बैठक में नगर परिषद द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र के लिए वन भूमि के उपयोग हेतु स्टेज 1 अप्रूवल (सैद्धांतिक मंजूरी) प्राप्त हुई है।

यह मंजूरी इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो नगर परिषद क्षेत्र और आसपास की ग्राम पंचायतों के कचरा प्रबंधन में व्यापक सुधार लाएगी। अगले 3-4 महीने में वैन विभाग से स्टेज 2 अप्रूवल मिलने की संभावना है। जिसके बाद ठोस कचरा प्रबंधन परियोजना के निर्माण का रास्ता साफ हो जाएगा। अशोक चौहान ने बताया कि वन संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत वन विभाग से इस परियोजना के लिए स्टेज 1 अप्रूवल मिलने में सफलता मिलना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

फिलहाल, रोहड़ू में ठोस कचरे का अस्थायी निपटान नदी किनारे स्थित एक टेंपरेरी डंपिंग साइट पर किया जा रहा है। इस अस्थायी व्यवस्था के कारण क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के प्रति चिंता बढ़ रही है, और ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। इस पूरी प्रक्रिया में प्रमुख विभागों द्वारा लगभग 60 बार फाइल को प्रश्न लगाकर वापिस भेजा गया। अशोक चौहान एवं सुजय अग्रवाल ने नगर परिषद रोहड़ू की ओर से वन अधिकार समिति, सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)

## एकल विद्यालय प्रतियोगिता शुरू

**नेरवा।** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धबास में एकल विद्यालय की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एक दिवसीय इस प्रतियोगिता का शुभारंभ सरैन क्लस्टर की उप-प्रधान रीटा चौहान व सुंदरी देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। जानकारी के अनुसार एकल विद्यालय की प्रतियोगिता में संच धबास व संच चौपाल के 60 विद्यालय के लगभग चार सौ छात्र व छात्राएं भाग ले रहे है।

## अध्यापकों का प्रतिनिधिमंडल बैंकाक रवाना

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

अंतराष्ट्रीय शिक्षक संगठन एजुकेशन इंटरनेशनल और यूनेस्को के तत्वाधान में थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में 23 सितंबर से लेकर 5 अक्तूबर तक जान थॉमसन फैलोशिप प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर आर्गेनाइजेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश के डॉ. अश्विनी कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल इस कार्यशाला में भाग लेने के लिए आज रवाना हुआ। फेडरेशन प्रवक्ताओं ने बताया कि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शिक्षण पेशे में परिवर्तन लाने के लिए शिक्षण पेशे के भविष्य को बदलने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा दी गई सिफारिशें पर पर विचार करने के लिए अंतराष्ट्रीय शिक्षक संगठन एजुकेशन इंटरनेशनल द्वारा यह पहल बहुत ही सराहनीय है। इस सम्मेलन में शिक्षकों के लिए सिफारिशों पर चर्चा होंगी।

## चूड़धार मंदिर में होगा शांत महायज्ञ

**सपना सूद, चौपाल/ नेरवा**

चूड़धार मंदिर कमेटी अध्यक्ष एवं एसडीएम चौपाल हेम चंद वर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए है कि चूड़धार मंदिर में आयोजित होने वाले शांत महायज्ञ से सम्बंधित सभी तेयारियां समय से पूर्व पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण हो चूका है और शांत उत्सव के लिए बिजली, पानी, रास्ते का निर्माण व मुरमत करने आदि के कार्यों में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि चूड़धार स्थित शिरगुल देवता के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा (शांद महायज्ञ) कार्यक्रम आगामी 11 अक्तूबर को आयोजित होना है जिसके लिए तैयारियां जोरो से चली है।

एसडीएम हेमचंद वर्मा ने सयुंक्त समन्वय समिति जिसमें मंदिर समिति, नंबरदार, और चुड़ैश्वर सेवा समिति के सदस्य सम्मिलित है से भी आग्रह किया है कि शांद महायज्ञ कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

बिजली बोर्ड को उत्सव के दौरान बिजली की सुचारू व्यवस्था की करने, जल शक्ति विभाग को चूड़धार में श्रद्धालुओं को उचित मात्रा में पेयजल उपलब्ध करवाने और वन विभाग को रास्ता चौड़ा करने तथा लोकनिर्माण विभाग को पासिंग प्वाइंट बनने ए निर्देश दिए हैं।

## कोटखाई ट्रॉमा सेंटर के स्थापन को कांग्रेस सरकार ने अधर में लटकाया : बरागटा

**भरत ठाकुर, कोटखाई**



कोटखाई में ट्रॉमा सेंटर के निर्माण के लिए पूर्व भाजपा सरकार ने लगभग साढ़े सात करोड़ रुपए आवंटित किए थे। जुलाई 2021 में उस समय के स्वास्थ्य मंत्री डा. राजीव सहजल ने कोटखाई में ट्रॉमा सेंटर का शिलान्यास किया। लेकिन ये ट्रामा सेंटर कांग्रेस सरकार के राज में लावारिसी का दंश झेल रहा है। 20 महीने के अपने कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने इस स्वास्थ्य संस्थान को एक नया पैसा आवंटित करना तो दूर,जो धनराशि पूर्व भाजपा सरकार ने जारी की थी उसका क्या हुआ ,वो भी धरातल पर नज़र नही आ रहा है। इस क्षेत्र से मंत्री जी गहरी निद्रा मे है। लगता है उनको जुब्बल कोटखाई नावर विधानसभा क्षेत्र के विकास से कोई सरोकार नही है।

## सीपीएस ब्राक्टा ने किया सिंचाई योजनाओं का लोकार्पण

**दशमी रावत, रोहड़ू**




योजनाओं का लोकार्पण करते मोहन लाल ब्राक्टा व अन्य।

रोहड़ू विधानसभा के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण विकासात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव व विधायक मोहन लाल ब्राक्टा के कर-कमलों द्वारा विश्व बैंक पोषित सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। ग्राम पंचायत कुटाडा के जाखर में और ब्रासली में सिंचाई योजनाएं तैयार की गई हैं। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के किसानों और बागवानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएं प्रदान करना है। इन योजनाओं के लागू होने से किसानों को मौसम की अनिश्चितताओं से भी बचाव मिलेगा, क्योंकि पानी की उपलब्धता बेहतर होगी। इससे किसानों की निर्भरता मानसून पर कम हो जाएगी और वे सालभर अपनी फसलों को सुरक्षित रूप से उगाने में सक्षम होंगे। इन सिंचाई परियोजनाओं से न केवल किसानों को लाभ होगा, बल्कि यह जल संसाधनों के संरक्षण में भी मददगार साबित होंगी। (अनंत ज्ञान)

## शिवानी भारतीय सेना में बनी लेफ्टिनेंट



**सुन्नी।** गांव जुब्बड़ की शिवानी शमी भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनी है। शिवानी शर्मा मूलतः विकास खंड चुराग से संबंध रखती है। इनके पिता खुशी राम सेवानिवृत शिक्षक और माता मीना शर्मा समाज सेविका है। उन्होंने भारतीय सेना में मेघालय राज्य के शिलांग में अपनी सेवाएं आरंभ की है।

# बॉक्सिंग में बिलासपुर स्कूल बना चैंपियन

## घुमारवीं में अंडर-19 छात्रा वर्ग की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला घुमारवीं में चल रही चार दिवसीय अंडर-19 छात्रा वर्ग की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। समापन समारोह में उपमंडलाधिकारी गौरव चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर स्कूल प्रधानचार्य परमजीत शर्मा और स्कूल प्रबंधन कमेटी के प्रधान राजीव शर्मा ने मुख्यतिथिको शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर समानित किया।




चार दिन चली इस खेलकूद प्रितियोगता में 10 खंडों के 23 स्कूलों के 678 छात्रा खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने विजेताओं को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। बॉक्सिंग में बिलासपुर स्कूल विजेता रहा, जबकि कोठी स्कूल उपविजेता रहा।

कुश्ती में मोरसिंघी स्कूल विजेता और बिलासपुर स्कूल उपविजेता, हैंडबॉल में मोरसिंघी स्कूल विजेता और दधोल स्कूल उपविजेता रहा। वॉलीबाल में झंडूता जोन विजेता रहा जबकि जुखाला जोन उपविजेता रहा। कबड्डी में जुखाला सेकंडरी जोन विजेता रहा तो बरठी सेकेंडरी जोन उपविजेता रहा। खो-खो में घुमारवीं सेकेंडरी जोन विजेता और जुखाला जोन उवविजेता रहा। बैडमिंटन में स्वारघाट सेकेंडरी जोन विजेता और झंडूता सेकेंडरी जोन उपविजेता, हॉकी में बिलासपुर स्कूल विजेता और कंदरौर स्कूल उपविजेता रहा। बास्केटबॉल में दधोल स्कूल विजेता और बरमाणा स्कूल उपविजेता, फुटबॉल में मोरसिंघी स्कूल विजेता और औहर स्कूल उपविजेता रहा। योगा में कपाहड़ा स्कूल विजेता और ज्योरा स्कूल उपविजेता,टेबल टेनिस में कलोल स्कूल विजेता और बिलासपुर स्कूल उपविजेता रहा। जबकि चैस में झंडूता स्कूल विजेता और स्वारघाट स्कूल उपविजेता, जूडो में मोरसिंघी स्कूल विजेता और घुमारवीं स्कूल उपविजेता, ताइक्वांडो में अदितीय बिरला पब्लिक स्कूल बाघा और मोरसिंघी स्कूल उपविजेता रहा। (अनंत ज्ञान)

## सोनम वांगचुक की पदयात्रा लिखेगी नया इतिहास : संदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश कांग्रेस के मीडिया समन्वय संदीप सांख्यान जारी बयान में कहा लद्दाख से सोनम वांगचुक का अभियान का मुख्य संकल्प ही हिमालय को बचाना है और लद्दाख क्षेत्र में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की बहाली है। संदीप सांख्यान ने कहा कि सोनम वांगचुक एक इंजीनियर, इनोवेटर और शिक्षा सुधारक है, इनके द्वारा स्थापित स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख ने विदेशी शिक्षा प्रणाली के खिलाफ आवाज़ उठाई थी, जिसे लद्दाख पर थोपा गया। सोनम वांगचुक और इनके इसी संगठन ने अपने परिसर को डिजाइन भी किया जो पूरी तरह से सौर-ऊर्जा पर चलता है, और खाना पकाने, प्रकाश या तापन (हीटिंग) के लिए जीवाश्म ईंधन का उपयोग नहीं करता। सोनम वांगचुक को सरकारी स्कूल व्यवस्था में सुधार लाने के लिए सरकार, ग्रामीण समुदायों और नागरिक समाज के सहयोग से साल 1994 में 'ऑपरेशन न्यू होप' शुरू करने का श्रेय भी प्राप्त है। सोनम ने बर्फ-स्तूप तकनीक का आविष्कार किया है जो कि कृत्रिम हिमनदों (ग्लेशियरों) का निर्माण करता है। हिंदी सिनेमा की सुपरहिट फिल्म 'थ्री इडियट्स' में अभिनेता आमिर खान का किरदार 'फुंगसुक वांगडू' भी इन्हीं की जिंदगी से प्रेरित था। बीती सर्दियों में इन्होंने भूख हड़ताल भी लद्दाख में किया था, इनका उद्देश्य लोगों को हिमालय के संरक्षण, वनों को बचाने और पहाड़ों में हो रहे अवैज्ञानिक खनन और अवैज्ञानिक कंस्ट्रक्शन के प्रति जागरूकता फैलाना है। आज लाखों लोगों का जो समर्थन इनको मिल रहा है, वह एक नया इतिहास लिखेगा।

## भाषण प्रतियोगिता में अनामिका ने हासिल किया प्रथम स्थान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में हिंदी विभाग के द्वारा हिंदी पखवाड़ा धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल रहे। महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने भाषण, कविता, निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। डॉक्टर पीएस कटवाल ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है, हमारी पहचान है। हमें सिर्फ एक ही दिन नहीं, अपितु प्रत्येक दिन हिंदी दिवस मनाया चाहिए। हमें अपना हर कार्य हिंदी में करना चाहिए। आप सभी विद्यार्थी कोई ऐसा काम या खोज हिंदी में करें, जिससे दूसरे देश के लोग भी आपसे हिंदी सीखने के लिए मजबूर हो जाएं। आज हमें हिंदी को इतना सम्मान देने की जरूरत है, ताकि हिंदी हमारी प्रेरणा बनें मजबूरी नहीं। चाहे राज्य सरकार हो या केंद्रीय सरकार दोनों को ही नई शिक्षा नीति में कार्यालयों में हिंदी को अनिवार्य कर विशेष रूप से लागू कर देना चाहिए। हमारी मानसिकता जब तक नहीं बदलेगी तब तक हिंदी अपना स्नान प्राप्त नहीं कर सकती। भाषण प्रतियोगिता में तृतीय वर्ष की अनामिका पहले, प्रथम वर्ष की सपना दूसरे और द्वितीय वर्ष की तनीषा तीसरे स्थान पर रही। कविता पाठ में एमए प्रथम वर्ष की मनीषा पहले, तृतीय वर्ष की दीपिका दूसरे और तृतीय वर्ष की कल्पना तीसरे स्थान पर रही। निबंध लेखन में तृतीय वर्ष की साक्षी पहले, द्वितीय वर्ष की कोमल शर्मा दूसरे और द्वितीय वर्ष की आरती तीसरे स्थान पर रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महादेवी सदन पहले, कबीर सदन दूसरे और सरोजनी सदन तीसरे स्थान पर रहा।

## पूनम मिस, विशाल बने मिस्टर फ्रेशर

**बिलासपुर।** राजकीय कॉलेज श्री नयना देवी जी में शनिवार को फ्रेशर पार्टी आयोजित की गई। द्वितीय और तृतीय वर्ष के छात्रों ने प्रथम वर्ष के छात्रों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में हुई प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर छात्रा पूनम को मिस फ्रेशर, विशाल को मिस्टर फ्रेशर, शबनम, ज्योति और दिनेश को मिस्टर पर्सनेलिटी का खिताब दिया गया।

## संस्कार सोसायटी 29 को आयोजित करेगी कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान के तहत संस्कार सोसायटी 29 सितंबर को एक कार्यशाला का आयोजन करने जा रही है। संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने बताया कि इस कार्यशाला में ओम प्रकाश शर्मा पूर्व नारकोटिक अधिकारी एवं पूर्व संयोजक नशा निवारण कमेटी हिमाचल प्रदेश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। घुमारवीं उप मंडल की पंचायत प्रतिनिधि व गांव के अन्य वरिष्ठ लोगों को इस कार्यशाला में प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि ये पंचायत प्रतिनिधि अपने-अपने गांव व पंचायत में मोटीवेटर का काम कर सके।

धर्माणी ने बताया कि घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा जागरूकता अभियान की शुरुआत संस्था द्वारा अक्तूबर 2023 में कई गई थी। एक वर्ष के कार्यकाल में संस्था ने विभिन्न कार्यक्रमों व माध्यमों से इस अभियान को जनता और युवाओं के बीच में ले जाने की एक सार्थक पहल की है। घुमारवीं की 40 पंचायतों के प्रतिनिधियों से पत्र व व्यक्तिगत संपर्क से चर्चा करने के उपरांत 24 पंचायतों के 30 स्थानों पर बड़ी व छोटी बैठकें आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त 20 शिक्षण संस्थानों में जाकर जागरूकता का कार्यक्रम किया गया। स्कूली बच्चों के लिए उपमंडल स्तर की पेंटिंग प्रतियोगिता करवाया गया। इस प्रकार के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से घुमारवीं में 8000 लोगों से प्रत्यक्ष संवाद व संपर्क करने का काम किया गया।

**उपलब्धि** | 23 बीघा भूमि किराए पर लेकर बीस पुरुष एवं महिलाओं को दिया रोजगार

# मीना ने फ्लोरीकल्चर में राष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर के बैहना-जट्टा से संबंधित मीना चंदेल ने फ्लोरीकल्चर के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मीना को आउटलुक एग्रीटेक सबमिट एंड बाई-2024 के दौरान नेशनल पुरस्कार-2024 मिला है। कृषि एवं कल्याण मंत्रालय भारत सरकार सचिव दिनेश चक्रवर्ती द्वारा सम्मानित किया गया है। गौरतलब है कि मीना चंदेल ने झंडूत्ता तहसील की ग्राम पंचायत हीरापुर में फ्लोरीकल्चर फॉर्म स्थापित किया है। विशेष बात यह है कि मीना



चंदेल ने करीब 23 बीघा भूमि किराए पर लेकर करीब बीस पुरुष एवं महिलाओं को रोजगार प्रदान किया है। मीना चंदेल ने फ्लोरीकल्चर में बेरोजगार युवाओं को रोजगार के प्रति प्रेरित किया जिसके कारण प्रदेश के करीब 4 हजार लोगों ने अपनी आर्थिकी सुदृढ़ की है। इस बड़ी उपलब्धि के प्रति राष्ट्रीय स्तर पर मीना चंदेल को पुरस्कृत किया गया। मीना चंदेल ने फ्लोरीकल्चर का विस्तार एवं प्रचार करने में अपनी अहम भूमिका अदा की है। प्रदेश भर में हजारों लोगों के लिए यह रोजगार का साधन बना है। मीना चंदेल ने कहा कि फ्लोरीकल्चर में बेरोजगार युवाओं को रोजगार के प्रति अपार संभावनाएं हैं। लोगों को इसे सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ अपनाना चाहिए। कड़े परिश्रम का फल हमेशा प्राप्त होता है। मीना चंदेल को राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त होने के हीरापुर के पंचायत प्रधान प्रताप ठाकुर, उपप्रधान वासुदेव पंचायत सदस्यों और समस्त क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

# सीटू आज मनाएगी ब्लैक-डे, 30 को ब्लॉक व जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सीटू जिला कमेटी शिमला की दो दिवसीय कार्यशाला शिमला में आयोजित की गई, जिसमें सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, महासचिव प्रेम गौतम, उपाध्यक्ष जगत राम,जिलाध्यक्ष कुलदीप डोगरा, महासचिव अजय दुलटा, बालक राम, रमाकांत मिश्रा, हिमी देवी, अमित कुमार, सुनील मेहता सहित 100 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला में संगठन को मजबूत करने के साथ ही आंदोलनात्मक गतिविधियां तेज करने का आह्वान किया गया। मोदी सरकार की मजदूर व आम जनता विरोधी नीतियों तथा चार लेबर कोडों के खिलाफ सीटू केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर 23 सितंबर को प्रदेशव्यापी ब्लैक डे मनाने का निर्णय लिया गया।




कॉन्ट्रैक्ट, आउटसोर्स, कैजुअल, फिक्स टर्म, मल्टी पर्पज व मल्टी टास्क वर्कर्स को नियमित करने की नीति को लेकर 30 सितंबर को सभी ब्लॉक व जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन होंगे। सीटू जिलाध्यक्ष कुलदीप डोगरा ने कहा कि मजदूरों का न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए घोषित करने, मजदूर विरोधी चार लेबर कोडों, नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन, अग्निवीर, आयुद्धवीर, कोयलावीर व अन्य फिक्स टर्म रोजगार को रद्द करने, ईपीएफ, ईपीएस, ईडीएलआई सुविधा की अवहेलना करने पर सजा शर्तों में कटौती करने, असंगठित मजदूरों के लिए सार्वभौमिक व्यापक सामाजिक सुरक्षा देने, ठेका मजदूरों की रोजगार सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें नियमित कर्मियों के बराबर वेतन देने, केंद्रीय व प्रदेश सरकार के बोर्ड व निगम कर्मियों की ओपीएस बहाल करने, न्यूनतम पेंशन 9 हजार लागू करने, आंगनबाड़ी, आशा, मिड डे मील कर्मियों को नियमित करने, उन्हें न्यूनतम वेतन देने आदि मांगों को लेकर सीटू राज्य कमेटी मजदूरों व जनता में जाएगी।

## युवाओं की भूमिका सिर्फ राजनेता बनने तक ही सीमित नहीं : खन्ना

**शिमला ।** भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व राज्यसभा सांसद अविनाश राय खन्ना ने प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राज भवन में मुकालत की। इस दौरान अविनाश राय खन्ना और राज्यपाल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए राष्ट्रीय कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम पर, किस प्रकार से युवा देश की मजबूती के लिए इस महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है और विभिन्न सामाजिक विषयों को लेकर चर्चा हुई।

खन्ना ने कहा की लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका सिर्फ राजनेता बनने तक ही सीमित नहीं है, यह सक्रिय नागरिक बनने के बारे में भी है। युवाओं ने विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक आंदोलनों में अपनी क्षमता दिखाई है। उन्होंने कहा कि युवा राजनीतिक सहभागिता आगे का रास्ता भारतीय राजनीति में युवाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने और उनकी क्षमता का एहसास करने के लिए बहु-आयामी दृष्टिकोण आवश्यक है।

# आम जनता ही नहीं, कांग्रेस कार्यकर्ता भी प्रदेश सरकार से त्रस्त : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान टीम, मटौर/नगरोटा**

पूर्व केंद्रीय मंत्री, हमीरपुर लोक सभा क्षेत्र से सांसद व भाजपा सदस्यता अभियान के अंतर्गत हिमाचल के 6 संगठनात्मक जिले के पालक अनुराग सिंह ठाकुर ने कांगड़ा जिला के ओल्ड मटौर व नगरोटा बगवां में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ता बैठक को संबोधित कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को भाजपा परिवार से जोड़ने का आह्वान किया।



अनुराग ठाकुर ने कांगड़ा के शाहपुर में सत्यम कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड वेटरनरी फॉर्मासिस्ट के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में संस्थान से जुड़े गणमान्यों व छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल में आम जनता ही नहीं बल्कि कांग्रेस कार्यकर्ता भी इस कांग्रेस सरकार से त्रस्त आ चुके हैं, और भाजपा से जुड़ना चाहते हैं। आज इस सरकार में कांग्रेस कार्यकर्ता अपने काम न होने से दुखी हैं और सरकार को कोस रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं से निवेदन है कि कांग्रेस के ऐसे नाराज वर्करों तक पहुंचे जो भाजपा का सदस्य बनने के लिए तैयार बैठे हैं।

अनुराग ठाकुर ने कहा, 'हिमाचल में कांग्रेस सरकार आर्थिक कुप्रबंधन के चलते आज प्रदेश 96 हजार करोड़ के कर्जे में डूब गया है और यही हालात रहे तो इस साल के अंत तक यह एक लाख करोड़ पहुंच जाएगा। कांग्रेस सरकार ने 1.5 वर्ष में प्रदेश का बंटाधार कर दिया है। प्रदेश पर महंगाई का बोझ, इंडस्ट्री के साथ बेरुखी, कर्मचारियों को सैलरी-पेंशन के लिए तरसाना दिखाता है कि कांग्रेस से सरकार चलाई नहीं जा रही।

कांग्रेस का हाथ प्रदेश की जनता के गिरेबान पर है। बिजली के दाम इन्होंने आते ही दो बार बढ़ा दिए, पर्यावरण और दूध का सेस लगा दिया, उद्योगों पर भी सेस बढ़ाया गया है जिससे राज्य में उद्योग पलायन कर रहे हैं। कांग्रेस ने चुनावों से पहले बड़े बड़े वादे किए मगर चुनाव के बाद वादे पूरे करना तो दूर प्रदेश की माली हालत इतनी ख़राब कर दी कि यहाँ वेतन और पेंशन के लाले पड़ गये हैं। कांग्रेस पार्टी अगर सरकार नहीं चला सकती तो इन्हें सरकार छोड़ देनी चाहिए। भाजपा सदा जोड़ने तो वहीं कांग्रेस सदा तोड़ने की बात करती है।'

# वक्फ बोर्ड में भी सुधार की आवश्यकता : विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

वक्फ बोर्ड में भी बदलते समय के साथ सुधार की आवश्यकता है। यह जानकारी सोशल मीडिया अकाउंट पर लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने दी है। उन्होंने लिखा कि हिमाचल और हिमाचलियत के हित सर्वश्रेष्ठ, सर्वत्र हिमाचल का संपूर्ण विकास। आगे लिखते हैं कि समय के साथ हर कानून में तब्दीली लाना आवश्यक है। वक्फ बोर्ड में भी बदलते समय के साथ सुधार की आवश्यकता है। विक्रमादित्य सिंह की पोस्ट पर लोग अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।



शिमला, मंडी और नेरवा में मस्जिदों में हुए अवैध निर्माण के खिलाफ भड़की विरोध की चिंगारी सिरमौर पहुंच गई है। शनिवार को शिलाई में देवभूमि संघर्ष समिति के बैनर तले सैकड़ों लोग सड़क पर उतरे और जिले के भीतर बिना पंजीकरण रह रहे बाहरी राज्यों के लोगों की जांच की मांग की और वक्फ बोर्ड की कार्यप्रणाली के खिलाफ आवाज उठाई। समिति ने वक्फ बोर्ड पर भू माफिया के तौर पर काम करने का आरोप लगाते हुए इसे तुरंत भंग करने की मांग उठाई। समिति ने कहा कि वक्फ बोर्ड की आड़ में विशेष समुदाय सरकारी जमीन पर लगातार कब्जे कर रहा है।

लोगों ने विश्रामगृह से लेकर एसडीएम कार्यालय तक रैली निकाली और एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन भी भेजा।

देवभूमि संघर्ष समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश और उपाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि शिलाई क्षेत्र में विशेष समुदाय के लोगों ने जमीन खरीदी है। गाताधार में 14 बीघा जमीन खरीदने का मामला सामने आया है और जमीन का मालिक अब उनके पास नौकर बन गया है। द्राबिल पंचायत में भी 22 लोगों ने जमीनों की पावर आफ अटॉर्नी ग्रामीणों से ली हुई है।

# प्रदेश वासियों को सुक्खू सरकार ने दिया पानी का झटका : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार हर दिन प्रदेश वासियों को झटका दे रही है। चुनाव के समय लोक लुभावन वादे करने वाली कांग्रेस पार्टी भूल गई है कि प्रदेश के लोगों पर महंगाई का बोझ लादना सरकार चलाना नहीं होता है। चुनाव के समय हर चीज फ्री-फ्री-फ्री की घोषणा करने वाले पहले से मिल रही सुविधाएं छीनते चले जा रहे हैं।



बिजली पर मिलने वाली 125 यूनिट की सब्सिडी बंद करने और 300 यूनिट से अधिक बिजली खर्च करने पर ज्यादा बिल वसूलने के तानाशाही फैसले के बाद अब सरकार ने प्रदेश की जनता को फिर एक झटका दिया है।

इस बार सुक्खू सरकार ने प्रदेश के लोगों को को नि:शुल्क मिल रहे हैं पेयजल की योजना भी खत्म कर दिया है। इसके साथ ही शहरों में मिलने वाले पानी के कीमतों में भारी वृद्धि की है, जिसका असर प्रदेश वासियों के जेबों पर पड़ना तय है। चुनाव में सभी चीजें फ्री देने का वादा करने के बाद पहले से फ्री मिल रही है चीजों को छीन लेना, सुविधाओं को महंगा कर देना प्रदेश के लोगों से एक धोखा है। मुख्यमंत्री को प्रदेश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए।

जयराम ने कहा कि सबसे हास्यास्पद ये है कि हिमाचल में उसी कांग्रेस पार्टी की सरकार है, जिसनें चुनाव के दौरान बड़े-बड़े वादे किए थे। सब कुछ फ्री में देने का आश्वासन दिया था। खटाखट की स्कीम चलाकर हिमाचल समेत पूरे देश के लोगों को बरगलाने का काम किया था। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश में सत्ता में आने के बाद से प्रदेश के लोगों को महंगाई और बेरोजगारी की दलदल में धकेलने वाली कांग्रेस देश के अन्य भागों में हो रहे विधानसभा चुनाव में फिर से झूठे वादे कर रही है। हरियाणा और जम्मू कश्मीर में कांग्रेस के नेता सरकारी नौकरियों की भरमार, रोजगार की भरमार लगाने समेत बिजली, पानी जैसी सुविधाओं को लेकर बड़ी बड़ी बातें कर रहे हैं।

**शानदार** रोहड़ू की बेटी ने राज्य की पहली प्रतियोगी बनकर रचा इतिहास

# अनुष्का दत्ता बनी मिस यूनिवर्स फाइनलिस्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के रोहड़ू की 22 वर्षीय अनुष्का दत्ता ने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 के राष्ट्रीय फाइनल में पहुंचने वाली अपने राज्य की पहली प्रतियोगी बनकर इतिहास रच दिया है। वर्तमान में शिमला में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में बीएड की पढ़ाई कर रही अनुष्का न केवल अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए बल्कि राष्ट्रीय मंच पर अपने राज्य को गौरवान्वित करने की अपनी महत्वाकांक्षा और दृढ़ संकल्प के लिए भी जानी जाती हैं। फाइनल तक का उनका सफर उनके और हिमाचल प्रदेश दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि इस तरह के प्रतिष्ठित मंचों पर सीमित प्रतिनिधित्व वाला क्षेत्र है।




मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता अपनी कठिन चयन प्रक्रिया के लिए प्रसिद्ध है, जहां प्रतियोगियों का मूल्यांकन सिर्फ शारीरिक सुंदरता से कहीं ज्यादा होता है। संचार कौशल, आत्मविश्वास और वैश्विक मुद्दों के लिए वकालत भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। अनुष्का इन गुणों को साकार करती हैं, खासकर 'सुंदर आत्मविश्वासी' होने के विचार को। वह अपनी व्यक्तिगत पहचान को अपनाने और दूसरों को शालीनता और संतुलन के साथ प्रेरित करने के लिए अपने आत्मविश्वास का उपयोग करने में विश्वास करती हैं।

राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता सितंबर में समाप्त होगी और यदि वह इसमें सफल होती हैं तो अनुष्का को इस वर्ष के अंत में वैश्विक मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

यह उपलब्धि हिमाचल प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है और उनकी यात्रा क्षेत्र की अनगिनत युवा महिलाओं को ऊंचे लक्ष्य और बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित कर रही है।

कहानी-16

अनंत ज्ञान

# हर गांव कुछ कहता है

**अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।**

**पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।**

# पांच सौ साल से भी ज्यादा मछिंद्र महादेव की महिमा

## चार भुजाधारी व जटाधारी विष्णु भगवान का अवतार हैं मछिंद्र महादेव

'हर गांव कुछ कहता है' सीरीज की अगली कड़ी के तहत आज हम बात करेंगे कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के तहत आते एक ऐसे धार्मिक महत्व वाले ऐतिहासिक स्थल की जिसकी मान्यता दूर-दूर तक फैली है। इस पवित्र स्थल का नाम है मछिंद्र नाथ महादेव, जो प्रकृति से सराबोर बेहद खूबसूरत मूमता गांव में स्थित है।


अतुल
नगरोटा बगवां

मूमता में बने मंदिर का हाल ही में निर्माण हुआ है और अब यहां बेहद खूबसूरत मंदिर बनकर तैयार है। मंदिर की फिनिशिंग और साज-सज्जा से लेकर रंग-रोगन का काम होना अभी शेष है। पांच सौ साल से भी ज्यादा पुराना यह मंदिर अपने आप में कई रहस्य समेटे हुए है। मंदिर परिसर में भोले नाथ, दुर्गा मां, भगवान श्री रामचंद्र, हनुमान जी और शनिदेव की मूर्तियां भी स्थापित हैं।


मंदिर का दृश्य

### मुमताज रानी के नाम पर पड़ा गांव का नाम

**मूमता** गांव के नामकरण के पीछे की कहानी भी काफी रोचक है। ग्रामीणों के अनुसार, काफी समय पहले यहां पहाड़ी के टीले पर मुमताज रानी का महल हुआ करता था, उनके स्वर्ग सिधारने के बाद ही इस गांव का नाम मूमता पड़ गया। महल की ईंटें आज भी इस बात की तस्दीक देती हैं कि यहां वाकई कभी मुमताज रानी निवास करती थी। यहां कई बार चांदी के सिक्कों का खजाना भी निकलता रहा, लेकिन अब पुरातत्व विभाग ने खनन पर रोक लगा दी है।


मुमताज महल की ईंट

### होटल बनने से मिलेगा पर्यटन को बढ़ावा

**मंदिर** कमेटी के प्रधान सुमित्र सिंह मसंद ने बताया कि अगर सरकार चाहे तो यहां पर्यटन की दृष्टि से बहुत कुछ हो सकता है। वन विभाग की 35 कनाल जमीन सरकार पर्यटन विभाग को ट्रांसफर कर दे तो यहां बढ़िया होटल बन सकता है। इस होटल के बनने से दूर से आने वाले श्रद्धालु यहां रुककर आराम से मछिंद्र महादेव के दर्शन कर उनकी महिमा को समझ सकते हैं। यहां पूर्व मंत्री स्व. जीएस बाली ने एक जलाशय का निर्माण करवाया था, लेकिन रखरखाव के अभाव में वह बंद पड़ा हुआ है। उस जलाशय में गाद पड़ी रहती है। मैं इसे पुनः चालू करने के लिए उनके पुत्र एवं मंत्री आरएस बाली से अपील करना चाहूंगा कि वे अपने पिता की सोच को बढ़ावा दें और इस धार्मिक स्थल को पर्यटन की दृष्टि से उभारें।


सुमित्र सिंह मसंद

### मछिंद्र महादेव की कृपा से मिलते थे बर्तन

**गांव** के बुजुर्गों ने बताया कि पहले ग्रामीणों के पास शादी आदि समारोहों के लिए बर्तन नहीं होते थे। ऐसे में वे मछिंद्र महादेव को चने, चावल, डोरी तथा पैसे डालकर शाम को नियुंद्र (निमंत्रण) देते थे और सुबह खड्ड में चरोटी, डमरू, कड़छी, थालियां इत्यादि बर्तन उनकी कृपा से तैरते हुए मिल जाते थे। यह प्रथा तब बंद हो गई जब गांव के एक व्यक्ति ने लालच में आकर कुछ बर्तन अपने पास रख लिए। उस व्यक्ति के कुल का बाद में नाश हो गया है। घर का कोई सदस्य जिंदा नहीं बचा था।



### मन्नत पूरी होने पर रानी मछली को डाली जाती है नथ

**मछिंद्र** महादेव मंदिर के साथ जोगल खड्ड बहती है, जिसमें बारह महीने मछलियां रहती हैं। लोग इन मछलियों को कुदरत की देन और मछिंद्र महादेव का गण बताते हैं। चाहे जितनी भी बाढ़ आ जाए ये कभी यहां से विलुप्त नहीं होती। वे खड्ड के किनारे बनी कंदराओं में छिपकर अपने आपको सुरक्षित कर लेती हैं। लोग मनोकामना पूर्ण होने पर यहां रानी मछली के नाक में सोने का जेवर जैसे नथ, बालू या सोने की तार आदि डालते हैं। रानी मछली को पकड़ना आसान नहीं होता। गांव के गोताखोरों की मदद से उसे पकड़ा जाता है। ऐसी भी मान्यता है कि यदि जेवर डालने के बाद मछली दाईं और घूमकर वापस लौटती है तो उस भक्त पर मछिंद्र महादेव की कृपा हमेशा बनी रहती है। लोग शनिवार और मंगलवार को यहां मछलियों को दाना और आटा वगैरह डालकर पुण्य कमाते हैं।


धूना

### मंदिर के निर्माण में कई अड़चनें

**हर** ज्येष्ठ शनिवार, शिवरात्रि और जन्माष्टमी पर यहां मंदिर क़मेटी और श्रद्धालुओं की ओर से चढ़ाए गए चढ़ावे से अटूट भंडारा लगता है। गुल्लक में इक्ट्ठा होने वाला पैसा मंदिर निर्माण में लगाया जाता है। इस मंदिर के निर्माण पर करीब 85 लाख अब तक खर्च हो चुके हैं, जिसमें मंदिर कमेटी के अलावा दानी सज्जनों का भी सहयोग रहा। गुल्लक का पैसा सीधा बैंक में जमा होता है। इस मंदिर के निर्माण में कई अड़चनें आईं। निर्माण पर स्टे लगाने के लिए दो केस कोर्ट में चले, लेकिन मंदिर का निर्माण मछिंद्र महादेव की कृपा से फिर भी हो गया। यहां हाल ही में शिवलिंग, नंदी और गणेश जी की मूर्तियां स्थापित की गई हैं।

### गुफा के अंदर गए व्यक्ति की रहस्य खोलने पर हुई मृत्यु

**एक** बार गांव का एक व्यक्ति नहाते नहाते खड्ड के साथ लगती गुफा में चला गया। जिस दिन घर वाले उसका 'चबर्ख' करे रहे थे, उसी दिन वह बावड़ी में तैरता हुआ लौट आया। बावड़ी से पानी भरने आए लोग डर के मारे वहां से भाग गए, लेकिन उस व्यक्ति ने फिर बताया कि वह जिंदा है। इसके बाद वह व्यक्ति तकरीबन एक साल जिंदा रहा। उसे मछिंद्र महादेव ने रहस्य बताने से मना किया था। साथ ही हिदायत दी थी कि यदि उसने रहस्य खोला तो उसी समय उसकी मृत्यु हो जाएगी। पत्नी की जिद पर उसने जैसे ही रहस्य खोला तो उसकी उसी समय मृत्यु हो गई। उस व्यक्ति ने तब पत्नी को बताया था कि गुफा के अंदर सोने का महल है और वहां पर स्वयं विष्णु भगवान का अवतार चार भुजाधारी तथा जटाधारी मछिंद्र महादेव हैं, जिनके ऊपर शेषनाग की छतरी है और वह धूना लगाकर तपस्या में लीन रहते हैं।

विष्णु भगवान मत्स्य अवतार में हैं। यहां एक मछली ने करीब हजार वर्ष तपस्या की थी। फिर मछली के मुख से विष्णु भगवान ने अवतार लिया। यहां स्वयं मछिंद्र महादेव ने तप किया। गुरु गोरखनाथ जी ने भी यहां तप किया।

### जयपुर में बन रही मछिंद्र महादेव की प्रतिमा

**मंदिर** कमेटी के प्रधान ने बताया कि मंदिर परिसर में मछिंद्र नाथ महादेव की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह प्रतिमा राजस्थान के जयपुर के विशेष कारीगरों द्वारा तैयार की जा रही है। मूर्ति लगभग तैयार है, बस फिनिशिंग का काम बाकी रह गया है। जैसे ही यह मूर्ति पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगी तो उसे जयपुर से लाकर यहां स्थापित किया जाएगा।

### सरकार से नहीं मिलती मदद, दान की अपील

**मंदिर** कमेटी के कैशियर कालू राम, सचिव राजकुमार, सदस्य सीताराम, राजकुमार, करतार चंद और रत्न लाल आदि ने बताया कि हाल ही में बाढ़ की वजह से मंदिर को आने वाले रास्ते का डंगा बह गया है। श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है। इस टूटे रास्ते का निर्माण जल्द होना चाहिए। उन्होंने बताया कि मंदिर का काम अधूरा पड़ा है। पैसे की कमी है, इसलिए दानी सज्जनों से अपील है कि वे दिल खोलकर इस मंदिर के लिए दान करें।



### ऐसे पहुंचें

**अगर** आप कांगड़ा से पालमपुर की तरफ जा रहे हों तो नगरोटा बगवां से तीन किलोमीटर पहले आपको बड़ोह रोड से दाईं तरफ टर्न लेना होगा। वहां से दो किलोमीटर आगे चलकर बाईं ओर मुड़कर आप मूमता से होते हुए मछिंद्र महादेव तक पहुंच सकते हैं। हालांकि, नगरोटा बगवां से मूमता गांव तक बस सुविधा भी उपलब्ध है। इसके अलावा आप पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलवे लाइन से समलोटी स्टेशन पर उतरकर भी दो किलोमीटर पैदल चल कर खेतों से होते हुए मछिंद्र महादेव पहुंच सकते हैं।

# जनता से बदले ले रही प्रदेश की कांग्रेस सरकार : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार द्वारा प्रदेशभर में पीने के पानी की दरों की अधिसूचना जारी की है, जिसके अनुसार हिमाचल प्रदेश का कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं बचा जिसकी जेब पर कांग्रेस सरकार ने डाका न डाला हो।



डॉ. बिंदल ने कहा कि भाजपा सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पीने का पानी पूरी तरह मुफ्त कर दिया था और आज तक पानी मुफ्त में ही मिल रहा था परंतु कांग्रेस सरकार ने भारी भरकम बोझ गरीब आदमी पर डाल दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति के घर में 3 नलके हैं तो उसको 300 रुपए प्रतिमाह का बिल देना होगा और यदि वह मीटर लगाता है तो पानी की नई दरें अधिसूचित कर दी है जिसके अनुसार सैंकड़ों रुपए का बिल हर महीने आएगा और मीटर खराब होने की सूरत में 300 रुपए से 8000 रुपए तक प्रतिमाह भरना होगा। इसी प्रकार शहरी क्षेत्रों में और औद्योगिक क्षेत्रों में पानी की दरों में कई गुना बढ़ौतरी करके जनता के उपर भारी भरकम बोझ लाद दिया है। डॉ. बिंदल ने कहा कि वो सरकार जो हर चीज मुफ्त में देने का वायदा करके वोट बटोर कर सत्ता में आई, वो दोनों हाथों से जनता से नोट बटोर रही है।

उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने सत्ता में आते ही 7 रुपए लीटर डीजल महंगा किया, तत्पश्चात स्टैम्प डयूटी कई सौ गुना बढ़ाई, फिर बिजली के दाम 20 महीने में 4 बार बढ़ाए, बसों के किराए में भारी भरकम बढ़ौतरी की है।

## लोगों की आवाज कुचलने को दर्ज करवाए जा रहे मामले : राणा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर हमला करते हुए कहा कि देश में लोकतंत्र के होते हुए भी सरकार भोली-भाली जनता की आवाज को कुचलने पर आमदा है। उन्होंने कहा कि जब दरकोटी सहित कुछ अन्य क्षेत्रों में लोगों ने प्रदेश सरकार, एनएच-3 निर्माण कंपनी, विभागीय अधिकारी और सुजानपुर के वर्तमान विधायक रणजीत राणा से पेयजल आपूर्ति बहाल करने की मांग रखी, तो सभी ने इसे अनसुना कर दिया।

लोगों को 3 से 4 महीने तक पीने के पानी से वंचित रहना पड़ा। उसके उपरांत लोगों ने मजबूरी में सड़कों पर उतरकर अपनी पेयजल आपूर्ति की मांग मनवाने का प्रयास किया, परंतु सरकार द्वारा दरकोटी के लोगों की इस जायज मांग बारे उठाई आवाज को भी अपनी दमनकारी नीतियों से कुचलने का प्रयास किया गया।

इन लोगों पर बेबुनियाद मुकद्दमे दर्ज कर उन्हें डराने और प्रताड़ित करने का प्रयास किया गया। इस घटना से प्रदेश सरकार ने अपनी दमनकारी सोच और नीतियों का परिचय दिया है। (अनंत ज्ञान)

## हाइड्रा क्रेन के नीचे दबने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, आनी ।** किन्नौर जिला के मोरंग गांव में बीते दिन टिटोंग परियोजना में मैकेनिक का काम कर रहे युवक की हाइड्रा क्रेन के नीचे दबने से मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त पेश आय जब मकेनिक युवक अपना काम कर रहा था।

हाइड्रा क्रेन के नीचे दबकर युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। उनके साथ काम कर रहे अन्य व्यक्तियों द्वारा उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए रिकांगपिओ के सरकारी अस्पताल लाया गया और अस्पताल के चिकित्सक द्वारा उन्हें शिमला आईजीएमसी के लिए रेफर किया गया। शिमला ले जाते समय निगुलसरी के पास घायल युवक ने दम तोड़ दिया।

बताते चलें की मृतक व्यक्ति की पहचान देवराज (39)नालागई, डाकघर पोषणा तहसील निरमंड के रूप में हुई है। देवराज के पिता तुलाराम की मृत्यु नवंबर 2018 में ढांक से गिरने के कारण हुई थी, जबकि विधवा मां के पास केवल एक ही सहारा था जो भी छूट गया। पुलिस ने शव को हिरासत में ले कर पोस्टमार्टम करवा कर इसे परिजनों को सौंप दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### ढलियारा कॉलेज परिसर में की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, देहरा।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ढलियारा की एनएसएस एवं एनसीसी के सयुंक्त तत्वावधान से स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत रविवार को कॉलेज परिसर में साफ-सफाई करवाई गई, जिसमें 80 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ. सुरेश राणा, डा. शर्मिता पठानिया व एनसीसी. प्रभारी प्रो कपिल सूद ने स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह स्वच्छता पखवाड़ा, स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत वर्तमान प्रधान मंत्री श्री नरेंदर मोदी जी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी के जन्मदिन 2 अक्तूबर तक चलेगा। इस दौरान हर रोज़ स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा जिसमें जागरूकता रैलियां, आसपास के क्षेत्र की सफाई आदि गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा।



### घियोरी पंचायत में फेरीवालों का प्रवेश बंद

**अनंत ज्ञान, गरली।** ग्राम पंचायत घियोरी पंचायत प्रधान पूनम धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि आसपास के क्षेत्र में बढ़ती हुई आपराधिक घटनाओं को देखते हुए ग्राम पंचायत घियोरी में अवैध रूप से फेरीवाले या फेरी लगाने वालों पर पंचायत ने पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया है। इसके साथ ही बाहर से आए प्रवासी लोगों का पंजीकरण पुलिस स्टेशन देहरा में होना भी आवश्यक है। अगर कोई व्यक्ति बिना पंजीकरण के पंचायत के क्षेत्र में रहता हुआ पाया गया या फेरी लगाता हुआ पाया गया तो उसे 1000 रुपए तक जुर्माना वसूला जाएगा। जिन लोगों ने प्रवासियों को रहने के लिए कमरा किराए पर दिया है, वह इनका पंजीकरण पुलिस स्टेशन देहरा में करवाना सुनिश्चित करें, नहीं तो ग्राम पंचायत द्वारा मकान मालिक के ऊपर भी उचित कार्रवाई करेगी। उन्होंने सभी पंचायतवासियों से सहयोग की अपील की है, ताकि आपराधिक गतिविधियों पर रोकथाम लगाई जा सके।



### रोज स्कूल सुल्याली बना फुटबॉल चैंपियन



**संजीव महाजन, नूरपुर।** जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रैहन राजकीय उच्च विद्यालय मे आयोजन किया गया जिसमें जिल कांगड़ा की कुल 16 टीमों ने भाग लिया।इस खेल प्रतियोगिता में रोज पब्लिक स्कूल सुलयाली की टीम ने फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया और प्रथम स्थान पर रहे कर स्कूल व गांव का नाम रोशन किया ।इस प्रतियोगिता के दौरान फुटबॉल प्रतियोगिता में अंतिम फाइनल मुकाबला गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रैहन और रोज पब्लिक स्कूल सुल्याली के बीच हुआ जो नियमित समय तक 1-1 से बराबर रहा। अंत निर्णय शूट के द्वारा हुआ, जिसमें रोज पब्लिक स्कूल ने 2 के मुकाबले 3 गोल करके विजय हासिल की। रोज पब्लिक स्कूल सुलयाली की टीम ने इस प्रतियोगिता में फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया, जिसको लेकर स्कूल चेयरमैन संजय सौगुणी ने सभी टीम सदस्यों तथा उनके कोच को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

# श्रमिकों के हितों के लिए काम कर रही सुक्खू सरकार : सीपीएस

## श्रमिकों की मांगों को पूरा करने के लिए ही किया श्रमिक कल्याण बोर्ड का गठन

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

बैजनाथ के विधायक और मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने कहा है कि श्रमिकों और कामगारों की मांगों को पूरा करने के लिए श्रमिक कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है, जिसके तहत इन वर्गों के कल्याण के लिए कई योजनाएं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री की व्यक्तिगत रुचि की वजह से ही यह संभव हो पाया है कि आज प्रदेश के प्रत्येक उस श्रमिक को नियमों के अनुसार तमाम सरकारी लाभ दिए जा रहे हैं, जो मजदूर और श्रमिक 90 दिन का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। इन वर्गों के लिए सरकार संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इन दोनों वर्गों को सरकार की ओर से श्रम कल्याण बोर्ड के माध्यम से पर्याप्त लाभ दिए जा रहे हैं। किशोरी लाल बैजनाथ में इंटक द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने चुनावों से पूर्व की गई घोषणाओं के अनुरूप कार्य करते हुए सरकार बनते लंबे अरसे से बंद पड़े श्रमिक कल्याण बोर्ड को शुरू करवाया और सरकार द्वारा कल्याण बोर्ड के माध्यम से दी जाने वाली सुविधाओं की स्वयं निगरानी करते हुए इस वर्ग तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। इस मौके पर इंटक जिला अध्यक्ष संजय सैनी और उपाध्यक्ष सुरेश कुमार ने कहा कि पंप ऑपरेटर मल्टी टास्क वर्कर इत्यादि के यूनियन का गठन किया जाएगा, ताकि इस वर्ग को किसी भी सूरत में शोषण का शिकार न होना पड़े। इंटक नेताओं ने स्थानीय विधायक किशोरी लाल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का श्रमिकों के हित में कार्य करने के लिए आभार जताया है। (अनंत ज्ञान)



### श्रमिकों और कामगारों को दिए जा रहे ये लाभ

**सीपीएस** ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मनरेगा मजदूर, गृह निर्माण में लगे श्रमिकों, जिसमें प्लंबर, पेंटर, मिस्त्री और सहायकों को शामिल किया गया है, इन सबके 90 दिन मुकम्मल होते ही बच्चों की पढ़ाई का खर्चा, विधवाओं को घर बनाने के लिए 7 लाख, बच्चों के विवाह के लिए 51000 की राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ क्षेत्र से एक टी कंपनी मजदूरों के हितों को अनदेखा करते हुए भाग खड़ी हुई है, प्रदेश सरकार उन मजदूरों को भी उनका हक दिलवाने के लिए वचनबद्ध है, जो इस टी कंपनी में कार्य कर चुके हैं।

# परौर स्कूल में अध्यापिका ने छात्र की चप्पल से की पिटाई

**राकेश डोगरा, डरोह**

सुलह विधानसभा क्षेत्र के अधीन शहीद सुरेंद्र सिंह राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परौर में शनिवार को अध्यापिका द्वारा दसवीं कक्षा के छात्र को चप्पल से पीटने का मामला सामने आया है। गुस्साए अभिभावकों ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1100 पर दर्ज करवाई है। सूत्रों के अनुसार उक्त अध्यापिका ने छात्र को बुरी तरह से पीटा है। पीड़ित छात्र के सहपाठियों ने बताया कि अगर समय पर पहुंच कर स्कूल के अन्य अध्यापकों ने छात्र को नहीं छुड़ाया होता तो छात्र की जान तक जा सकती थी।

वहीं, विद्यालय की प्रधानाचार्या संगीता चौधरी ने बताया कि उक्त अध्यापिका शनिवार को उनके कार्यालय में आईं और उन्हें दसवीं कक्षा में चलने के लिए कहा। प्रधानाचार्या ने कहा कि क्या बात हो गई। उसने कहा कि दसवीं कक्षा के बच्चे मेरे द्वारा पढ़ाए जा रहे विषय का होमवर्क करके नहीं आते व कुछ ने तो कापियां भी नहीं बनाई हैं। प्रधानाचार्या ने जब बच्चों से पूछा कि आप लोग होम वर्क क्यों नहीं करके आते तो बच्चों ने कहा कि हमें मैडम का पढ़ाया समझ नहीं आता और हमें मारती भी बहुत हैं। पीड़ित छात्र के पिता ने बताया कि यह घटना बहुत निंदनीय है तथा आज यह मेरे बच्चे के साथ हुआ है तथा कल को यह घटना किसी और के बच्चे के साथ भी घटित हो सकती है।

उन्होंने कहा कि अध्यापिका ने बच्चे को इतनी बेरहमी से पीटा है कि बच्चे को नाक तथा कंधे पर गहरी चोटें आई हैं। छात्र के पिता के कहा कि शिक्षा विभाग को ऐसे अध्यापकों के खिलाफ कड़ा संज्ञान लेना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

> **मामले** की गंभीरता को देखते हुए तुरंत मीटिंग बुलाकर व विचार-विमर्श किया गया। अध्यापिका द्वारा छात्र को चप्पल से पीटने पर स्कूल द्वारा उक्त अध्यापिका को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है।
>
> **-संगीता चौधरी, प्रधानाचार्य, राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परौर।**

# 32 मील में एसबीआई का एटीएम डेढ़ साल से खराब, जनता परेशान

**अनिल छांगू, जवाली**

32 मील चौक के समीप स्थापित भारतीय स्टेट बैंक का एटीएम डेढ़ साल से खराब होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि हम एटीएम कार्ड लेकर पैसे निकलवाने एटीएम में जाते हैं तो एटीएम खराब होने से मायूस होकर लौटना पड़ता है।

बता दें कि 32 मील चौक में रोजाना सैकड़ों दूरदराज से लोग आते हैं। एटीएम से पैसे न निकलने के कारण लोगों को खाली हाथ ही वापस लौटना पड़ता है। ज्यादा परेशानी शाम चार बजे के बाद आती है, क्योंकि उससे पहले तो बैंक के अंदर लगी एटीएम से पैसे निकलवा सकते हैं परंतु चार बजे के बाद बैंक में भी लेनदेन नहीं होता है और उपभोक्ताओं को भारी परेशानी होती है। उपभोक्ताओं ने कहा कि डेढ़ महीने से एटीएम खराब है, लेकिन बैंक प्रबंधन कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि बैंक के पास लगाई गई एटीएम को ठीक करवाया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को कोई परेशानी न हो। (अनंत ज्ञान)




### क्या कहते हैं बैंक मैनेजर

**इस** बारे में जब बैंक मैनेजर देवी चंद से बात हुई तो उन्होंने कहा कि डेढ़ साल पहले फोरलेन कार्य के चलते मशीन शिफ्ट की गई थी, तब से मशीन जाम हो गई है। इसके बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है। जैसे ही नई मशीन आएगी लगवा दी जाएगी।

# पर्यटन को रोजगार से जोड़ने के लिए सीयू गरली में लगाएगी कार्यशाला : डॉ. हरीश

**सालबिया शर्मा, गरली**

केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन विभाग ने पर्यटन सप्ताह के प्रथम दिन गरली-परागपुर हेरिटेज गांव का भ्रमण किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर सत प्रकाश बंसल ने हरी झंडी दिखाकर किया और साथ ही स्कूल के समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को इस हेरिटेज यात्रा के लिए अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। गरली पंचायत पहुंचने पर इस यात्रा में सर्वप्रथम चातेउ गरली हैरिटेज होटल का भ्रमण किया और इसके बारे में जानकारी एकत्रित की।

इसके बाद गरली ग्राम पंचायत की प्रधान शशि लता के माध्यम से ग्राम पंचायत गरली के पंचायत भवन में एक सेमिनार का आयोजन किया, जिसमें पंचायत प्रधान के साथ-साथ उपप्रधान सुशांत मोदगिल, वार्ड मेंबर और आम जनमानस ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम की शुरुआत में विभाग के अध्यक्ष प्रो. आशीष नाग ने पर्यटन प्रबंधन विभाग द्वारा समस्त ग्राम पंचायत की जनता का स्वागत एवं अभिनंदन किया और कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश का पर्यटन प्रबंधन विभाग के विद्यार्थी आज ग्राम पंचायत गरली में आए हैं और यहां पर आम जनता को पर्यटन से कैसे लाभ हो इस विषय में जागरूकता अभियान चला रहे हैं। पर्यटन सप्ताह के समन्वयक डॉ. हरीश गौतम ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, शोधार्थी और शिक्षकगण पर्यटन सप्ताह के प्रथम दिन गरली परागपुर पंचायत का दौरा कर रहे हैं, जिसमें लगभग 100 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पर्यटन के माध्यम से कैसे स्वरोजगार के अवसर ग्राम के अंदर विकसित हो किस तरह से यहां पर आने वाले पर्यटकों को स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए गए उत्पादों को बेचा जाए और किस तरह से पर्यटन को आजीविका का माध्यम बनाया जाए, इस पर केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश का पर्यटन विभाग कार्यशाला आयोजित करेगा और आने वाले समय में इस पंचायत के स्थानीय लोग पर्यटन का लाभ कई मायनों में उठा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



## हेल्थ इज वेल्थ

# हरड़ जीवन के लिए गुणकारी

**हरड़ एक आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी है जो शरीर के लिए कई रूपों में फायदेमंद है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट भरपूर होता है। इसके साथ ही इसमें भरपूर मात्रा में एंटीबैक्टीरियल गुण भी होते हैं। हरड़ या उससे तैयार मिश्रण पाचन तंत्र को ठीक करता है। आयुर्वेदिक चिकित्सकों द्वारा बताई गई विधि से ही इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। हरड़ के बारे में आयुर्वेद में बहुत कुछ बताया गया है। इसके प्रयोग, फायदे जैसी चीजों पर कई रिसर्च किए गए हैं। पाचनतंत्र, गठिया, डायबीटिज आदि कई रोगों में इसके फायदे मिलते हैं।**





### पेट की समस्याओं के लिए रामबाण

**हरड़** पेट की समस्याओं के लिए रामबाण है। अपच, कब्ज की समस्या, पेट दर्द जैसी विकारों को दूर करने में इसका इस्तेमाल कई सालों से किया जाता रहा है। हरड़ डायजेस्टिव एंजाइम्स को बढ़ाती है और इस तरह स्मॉल इंटेस्टाइन के माध्यम से जरूरी पोषक तत्वों के अवशोषण को बढ़ाती है। हरड़ शरीर में वात संतुलन गुण को बैलेंस करता है। इससे गठिया की समस्या में हरड़ का सेवन बहुत ही फायदेमंद साबित होता है। हरड़ का हाइपोग्लाइकेमिक गुण शरीर में शुगर के लेवल को कम करने में जरूरी भूमिका निभाता है। इसका नियमित सेवन ब्लड शुगर के स्तर को प्रभावी ढंग से कम करता है। यह दिल को मजबूत करने, ब्लड में कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करने और लिपिड के निर्माण को रोकने में मदद करता है, जो बदले में एथेरोस्क्लेरोसिस, दिल के दौरे, ब्लॉकेज, क्लॉटिंग आदि के जोखिम को कम करता है। आंखों की समस्याओं के लिए हरड़ बहुत ही फायदेमंद है।जैसे आंखों से पानी आना, आंखों में सूजन और इंफेक्शन को रोकता है।



डॉ. कोमल पटियाल
आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी

### एंटीबैक्टीरियल और एंटीबायोटिक गुण

**हरड़** एंटी-ऑक्सीडेंट ब्रेन बूस्टर की तरह काम करता है। इसका सेवन शरीर में सूजन को कम करने में मदद करता है। इससे दिमाग भी हेल्दी रहता है और इससे कामकाज करने में तेजी आती है। हरड़ का एंटीबैक्टीरियल और एंटीबायोटिक गुण अस्थमा को रोकने में मदद करता है। यह सर्दी, खांसी और फ्लू, अस्थमा जैसी कई श्वास की समस्याओं के इलाज में महत्व रखता है। विटामिन सी, मैग्नीशियम, पोटेशियम, आयरन जैसे एंटीऑक्सिडेंट और पोषक तत्वों की प्रचुरता इसे स्किन केयर के लिए परफेक्ट बनाती है। एक नैचुरल टोनर होने के नाते स्किन की से जहरीली पदार्थों को बाहर निकालता है। बालों के स्वास्थ्य में सुधार लाने में हरड़ मदद करता है। यह डैंड्रफ, बालों के झड़ने जैसे स्कैल्प इन्फेक्शन के इलाज के लिए उपयोगी है। यह बालों को जड़ों से मजबूत करता है, बालों को टूटने और झड़ने से रोकता है। हरड़ एक ऐसी औषधी है, जिसमें कई गुण पाए जाते हैं।

प्रस्तुति : राजेश शर्मा, ऊना

# युवाओं में तेजी से बढ़ रहे बवासीर के मामले

**युवा जनरेशन अनहेल्दी खाद्य पदार्थों के प्रति अधिक आकर्षित हो रही है, जिसकी वजह से तरह तरह की स्वास्थ्य स्थितियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। बवासीर मलाशय से जुड़ी एक तरह की परेशानी है, जो मल त्याग करते समय जोर लगाने, बैठने की लंबी अवधि, कब्ज या दस्त का अधिक समय तक होना, ओबेसिटी, और गर्भावस्था के कारण हो सकती है। आज के समय में यह समस्या बेहद तेजी से बढ़ रही है और बेहद कम उम्र में यंग लोगों को प्रभावित कर रही है। इसका सबसे बड़ा कारण है जंक और फास्ट फूड्स का अधिक उपयोग माना जा रहा है। आमतौर पर बवासीर वृद्ध वयस्कों को प्रभावित करने वाली समस्या मानी जाती है, पर आज की स्थिति की बात करें तो किशोरों और बीस के दशक में युवा वयस्कों में इसका प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। इस दर्दनाक स्थिति को रोकने और प्रबंधित करने के लिए जल्दी से स्वस्थ आहार की आदतें अपनाने की जरुरत है। मल के साथ आने वाले खून के कारण और किस प्रकार इस समस्या को किया जा सकता है।**



**डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि युवा लोगों में मामलों में वृद्धि मुख्य रूप से जीवनशैली विकल्पों, विशेष रूप से उच्च वसा, कम फाइबर वाले जंक फूड के सेवन के कारण होती है। प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, फास्ट फूड और मीठे स्नैक्स से भरपूर आहार कब्ज में योगदान करते हैं, जो बवासीर के विकास के लिए एक प्राथमिक जोखिम कारक है। गतिहीन जीवनशैली इस जोखिम को और ज्यादा बढ़ा देती है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि जंक फूड के सेवन से बवासीर के बढ़ते खतरे पर चर्चा करते हुए इससे बचाव के कुछ हेल्दी टिप्स सुझाए हैं। जंक फूड में उचित पाचन और मल त्याग के लिए आवश्यक आहार फाइबर की कमी होती है। फाइबर मल को भारी बनाता है, जिससे उन्हें पास करना आसान हो जाता है और मल त्याग के दौरान तनाव कम होता है। फाइबर की कमी से, कब्ज की संभावना अधिक हो जाती है, जिससे शौचालय में तनाव होता है, जो बवासीर के विकास में योगदान देता है।**



डॉ. एनके गुप्ता
हेल्थ एक्सपर्ट

प्रस्तुति : मोहन चौहान, सोलन

### बवासीर के लक्षण

**बवासीर** के शुरुआती लक्षणों में एनस क्षेत्र के आसपास खुजली या जलन, मल त्याग के दौरान असुविधा और मल में या एनस को पोंछने के बाद टॉयलेट पेपर पर खून की उपस्थिति शामिल है। जैसे-जैसे स्थिति बढ़ती है, व्यक्तियों को सूजन, दर्द और यहां तक कि बवासीर के ऊतकों के आगे बढ़ने का अनुभव हो सकता है।

### बवासीर में राहत के उपाय

**डाइट में बढ़ाएं फाइबर की मात्रा :** अपने आहार में अधिक फल, सब्जियां, साबुत अनाज और फलियां शामिल करें। ये खाद्य पदार्थ फाइबर से भरपूर होते हैं, जो स्वस्थ पाचन और नियमित मल त्याग को बढ़ावा देते हैं।

**पूरी तरह से हाइड्रेटेड रहें :** पूरे दिन में अपने शरीर के आवश्यकता अनुसार पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से मल नरम हो जाता है, जिससे मल त्यागना आसान हो जाता है, और मलाशय की नसों पर दबाव कम पड़ता है।

**नियमित रूप से व्यायाम करें :** उचित सर्कुलेशन और बॉवेल फंक्शन को बढ़ावा देने के लिए शारीरिक गतिविधि में शामिल होना बेहद जरूरी है। व्यायाम कब्ज को रोकने में मदद करता है और समग्र पाचन स्वास्थ्य का समर्थन करता है।

**जंक फूड का सेवन कम करें :** फास्ट फूड, तले हुए स्नैक्स, मीठे व्यंजन और प्रोसेस्ड भोजन का सेवन कम से कम मात्रा में करें। इसके बजाय, पौष्टिक, घर का बना भोजन चुनें जिसमें फैट कम और फाइबर अधिक हो।

**टॉयलेट से जुड़ी अच्छी आदतें अपनाएं :** मल त्याग के दौरान तनाव से बचें और लंबे समय तक टॉयलेट पर बैठने से बचें। जलन को कम करने के लिए मुलायम, बिना गंध वाले टॉयलेट पेपर का उपयोग करें।

**वेट मैनेजमेंट पर ध्यान दें :** संतुलित पोषण और नियमित व्यायाम के माध्यम से स्वस्थ वजन बनाए रखना आसान हो जाता है। अधिक वजन मलाशय की नसों पर दबाव बढ़ा सकता है, जिससे बवासीर होने की संभावना बढ़ जाती है।

# अच्छी नींद न लेने से लीवर सिरोसिस का खतरा

***आपने अक्सर सुना होगा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छी नींद बेहद जरूरी है, हर व्यक्ति को 7 से 8 घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए। प्रयाप्त नींद न लेने से शरीर को कई तरह की बामारियां घेर लेती हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि नींद की कमी खराब लीवर का कारण बन सकता है। लंबे समय तक अच्छी नींद न लेने से लीवर सिरोसिस का खतरा बढ़ सकता है।***

**चीन** में हुआज़होंग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में किए गए शोध से पता चला है कि नॉन एल्कोहॉलिक फैटी लीवर और नींद के बीच एक संबंध है। यह अध्ययन हेल्दी नींद के पैटर्न और नॉन एल्कोहॉलिक फैटी लीवर रोगियों में सिरोसिस के कम जोखिम के बीच एक संबंध दिखाता है। अध्ययन के दौरान, लगभग 112,196 नॉन एल्कोहॉलिक फैटी लीवर रोगियों में नींद के खराब पैटर्न पाए गए, जिससे सिरोसिस विकसित होने का खतरा बढ़ गया। हेपेटोलॉजी इंटरनेशनल के मुताबिक, अच्छी नींद के फायदे लोगों में देखे गए, चाहे उनमें आनुवंशिक जोखिम कम हो या ज्यादा।





# हल्के में न लें पीठ और सिरदर्द को

**अगर** आप उन लोगों में हैं जो पेशाब में खून, पीठ और सिरदर्द को अनदेखा कर देते हैं, तो यकीन मानिए ये आप सबसे बड़ी गलती कर रहे हैं, क्योंकि इस तरह के दर्द का मतलब पॉलीसिस्टिक किडनी रोग भी हो सकता है। जी हां, पॉलीसिस्टिक किडनी रोग एक तरह का किडनी डिजीज है। इसमें किडनी में फ्लूइड से भरा सिस्ट बनने लगता है। इस स्थिति में किडनी को काम करने में दिक्कत आती है, जिससे किडनी फेल होने का जोखिम बढ़ सकता है। इसलिए इस तरह के लक्षण नजर आएं तो कुछ उपाय जरूर फॉलो करें, ताकि बीमारी को बढ़ने से रोका जा सकता है। अब सवाल है कि आखिर पॉलीसिस्टिक किडनी डिजीज के लक्षण क्या हैं? पॉलीसिस्टिक किडनी डिजीज से कैसे पाएं निजात? बता दें कि पॉलीसिस्टिक किडनी की बीमारी किडनी फेल होने के सबसे प्रमुख कारणों में से एक है। ऐसे में पीकेडी से पीड़ितों में देखा गया है कि उनके लीवर और कई अन्य मुश्किल जगहों पर भी सिस्ट बनने लगती हैं, जो खतरनाक हो सकते हैं।

# टांडा कॉलेज स्थापित कर रहा नए आयाम : बाली

## पर्यटन निगम के अध्यक्ष ने विश्व फार्मेसी दिवस पर बेहतरीन कार्य करने वालों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष व कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य संस्थानों के सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दे रही है तथा नियमित तौर पर चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल स्टाफ के पदों भरने के लिए कार्य किया जा रहा है, ताकि लोगों को स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं मिल सकें। रविवार को विश्व फार्मेसी दिवस के उपलक्ष्य पर हिमाचल प्रदेश हॉस्पिटल फार्मेसी ऑफिसर संगठन जिला कांगड़ा द्वारा टांडा मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने फार्मेसी संगठन को विश्व फार्मेसी दिवस के लिए बधाई देते हुए कहा कि आज किसी भी स्वास्थ्य संस्थान में मरीजों को उचित स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के लिए फार्मेसी का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। सरकार द्वारा मरीजों के लिए चलाई गई योजनाओं को सुचारू रूप से लोगों तक पहुंचाने में फार्मेसी अधिकारियों का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि टांडा मेडिकल कॉलेज स्वास्थ्य क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा मेडिकल कॉलेज टांडा में डॉक्टरों द्वारा गुर्दे का सफल प्रत्यारोपण ऑपरेशन करके स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित किया।

उन्होंने बताया कि दिल के छेद और वल्व प्रत्यारोपण की सुविधा भी मेडिकल कॉलेज टांडा में मरीजों को मिल रही है यह भी कॉलेज की बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री ने टांडा मेडिकल कॉलेज के लिए भी अनेकों घोषणाएं की हैं, जिनके पूरा होने पर मरीजों को और अधिक सुविधाएं मिलेंगी। इस अवसर पर उन्होंने फार्मेसी क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वालों को सम्मानित किया।



### ज्वालामुखी ब्लॉक बेहतर कार्य के लिए पुरस्कृत

**कार्यक्रम** में मुख्यातिथि ने सेवानिवृत्त फार्मेसी ऑफिसर को स्मृति चिन्ह बांटे। ज्वालामुखी ब्लॉक को बेहतर फार्मेसी कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर मिलाप शर्मा ने मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि को कॉलेज की गतिविधियों के बारे में संबोधन के दौरान विस्तृत जानकारी दी। सीएमओ कांगड़ा डॉ. राजेश गुलेरी ने मरीजों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया। फार्मेसी ऑफिसर संगठन जिला कांगड़ा के अध्यक्ष सनी डोगरा ने मुख्य अतिथि समक्ष फार्मेसी ऑफिसर के कार्य और उनकी समस्याओं को रखा।जिला कांगड़ा के फार्मेसी ऑफिसर संगठन ने टांडा मेडिकल कॉलेज के लिए 5 व्हीलचेयर दीं। मेडिकल कॉलेज टांडा के प्रशिक्षुओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के उपरांत आरएस बाली ने टांडा मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य और सीएमओ कांगड़ा के साथ विकास कार्यों को लेकर बैठक की। आज के इस कार्यक्रम में अतिरिक्त निदेशक डॉ मेजर अवनिंद्र कुमार, अध्यक्ष फार्मेसी ऑफिसर जिला कांगड़ा सनी डोगरा, महासचिव कांगड़ा गगन, चीफ एडवाइजर हेम सिंह गुलेरिया, स्टेट सीनियर वाइस प्रेसिडेंट भारत भूषण, स्टेट स्पोक्सपर्सन सुरेंद्र नड्डा, संगठन के सदस्य फार्मेसी ऑफिसर और प्रशिक्षु मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अजय बने कांगड़ा कंप्यूटर साइंस संघ के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** हिमाचल प्रदेश कंप्यूटर साइंस प्रवक्ता संघ की कांगड़ा इकाई के चुनाव 22-09-2024 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला न्यू कांगड़ा में चुनाव पर्यवेक्षक जीवन कुमार की अध्यक्षता में सफलता पूर्वक संपन्न हुए। इसमें अजय कुमार प्रवक्ता को अध्यक्ष चुना गया है। इस चुनाव में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश, उपाध्यक्ष अनूप, महासचिव विजय, सयुंक्त सचिव दलविंदर व अरुण कुमार, वित्तसचिव सुमित कुमार, प्रेससचिव जितेंद्र कुमार को चुना गया। इस चुनाव में राज्य कार्यकारिणी से रजनीश कुमार व इंद्रजीत विशेष रूप से उपस्थित रहे। कांगड़ा इकाई से पूर्व अध्यक्ष पंचम परमार व अन्य सदस्य मोहिंदर, ज्ञानसागर, सुशील, अभिषेक, वीर वीरेंद्र, राहुल व अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### सेवा भारती कांगड़ा ने मनाया वार्षिक उत्सव



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** सेवा भारती जिला कांगड़ा ने अपने वार्षिक उत्सव का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि कांगड़ा के सांसद राजीव भारद्वाज रहे। इस दौरान मुख्य वक्ता बलवीर उत्तरीय क्षेत्र प्रचारक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सेवा भारती के विषय में अपना संबोधन दिया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। हिमाचल प्रदेश प्रांत सेवा भारती के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने प्रांत की गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। तत्पश्चात कोरोना काल में सेवा भारती कांगड़ा के सहयोगियों एवं दान दाताओं को सेवा भारती के स्मृति चिह्नों से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सेवा भारती के प्रांत कोषाध्यक्ष विनोद अग्रवालप्रांत संगठन मंत्री राकेश, सेवा भारती कांगड़ा अध्यक्ष ओम प्रकाश, महासचिव करतार सिंह डडवाल, कोषाध्यक्ष जोगिंदर राणा, सुरेंद्र कटोच, सुमन सैनी एवं अशोक उपस्थित रहे।

### ज्वालामुखी में बिना पंजीकरण के रह रहे प्रवासी

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** मां ज्वाला जन कल्याण सभा ज्वालामुखी के समस्त सदस्यों ने प्रधान राकेश कुमार बंटा की अध्यक्षता में एसडीएम ज्वालामुखी डाक्टर संजीव शर्मा को ज्ञापन सौंपा और उन्हें अवगत करवाया कि ज्वालामुखी नगर और आसपास के क्षेत्र में अंधाधुंध अवैध रूप से प्रवासियों के रहने का विषय आपके सम्मुख रख रहे हैं, जो कि इस क्षेत्र में कई घटनाओं का कारण भी रहा है और भविष्य में कई अवांछनीय घटनाओं को जन्म दे सकता है। उन्होंने बताया कि ज्वालामुखी एक सुविख्यात तीर्थ स्थल है, जहां पर पूरे देश के ही नहीं अपितु विदेश के यात्री आते हैं। परंतु कुछ समय से यहां बहुत बड़ी संख्या में अवैध रूप से रहने वाले लोगों की संख्या बहुत बढ़ गई है। एक तरफ जहां धर्मशाला और होटल एक-दो दिन के लिए जिन लोगों को ठहराते हैं उनका उनके पास रिकॉर्ड रहता है। परंतु जो निजी रूप में लंबे समय तक यहां पर झुग्गियों में या लोगों के मकान किराए पर रहकर यहां की व्यवस्थाओं को बिगाड़ रहे हैं उन सब की कोई भी पहचान और रिकॉर्ड प्रशासन के पास अब तक नहीं है। मंदिर परिसर के भीतर भी प्रवासी महिलाओं और बच्चों को यात्रियों से छीनाझपटी करते देखा जा सकता है। इस हालात में हमें चिंतपुर्णी की घटना से भी सबक लेना होगा, जहां पर एक व्यापारी की घर में घुसकर प्रवासियों द्वारा हत्या कर दी गई थी। प्रशासन अवैध रूप से रह रहे इन लोगों के विषय में कड़ी से कड़ी नीति बनाकर कार्रवाई करें अन्यथा यहां पर भी प्रदेश के बाकी शहरों जैसे हालात बन सकते हैं।

# हिमालय उन्नति मिशन ने न्यूगल खड्ड में मनाया विश्व नदी दिवस

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

आध्यात्मिक गुरु व आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर के सतत हिमालय हेतु लिए संकल्प हिमालय उन्नति मिशन द्वारा विश्व नदी दिवस के अवसर पर रविवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन न्यूगल खड्ड में किया गया। यह आयोजन नदियों के संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय के साथ-साथ कई प्रतिष्ठित संगठनों की भी सक्रिय भागीदारी रही, जिनमें रोटरी क्लब पालमपुर, एलआईसी, पालमपुर वेलफेयर एंड एनवायरनमेंटल प्रोटेक्शन फोरम, टेनेशियस बी कलेक्टिव, ब्रह्मकुमारी संगठन और हिलधारी परियोजना भी संयुक्त रूप से सम्मिलित हुए।




कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे हुई, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, पर्यावरण प्रेमी और युवा उपस्थित थे।

इसी के साथ साथ चंगर परिदृश्य के महिला मंडलों ने इरा संस्था के मार्गदर्शन में खातरियों के सफाई अभियान में सम्मिलित होकर इस दिवस को मनाया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य नदियों के संरक्षण के महत्व को समझाना और ग्रामीण समुदायों को इसमें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान पौधरोपण और स्वच्छता अभियान आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य जलवायु संतुलन बनाए रखना और जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाना था। मिशन के प्रमुख सलाहकार विजय राणा कहा कि नदियां हमारे जीवन का आधार हैं और उनके संरक्षण के बिना हमारा अस्तित्व संकट में आ सकता है।

उन्होंने कहा कि पौधरोपण और स्वच्छता जैसे सामूहिक प्रयासों से नदियों की सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में मदद मिलेगी।

## अब 23 व 24 अक्तूबर को होगा फिल्म फेस्टिवल

**शिमला/धर्मशाला।** हिम सिने सोसाइटी हिमाचल प्रदेश द्वारा द्विवार्षिक फिल्म फेस्टिवल हिम फिल्मोत्सव-2024 का आयोजन धर्मशाला में 19, 20 अक्तूबर के बदले अब 23 व 24 अक्तूबर को राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के प्रेक्षागृह में किया जाएगा। फिल्म प्राप्ति की तिथियों में भी बदलाव किया गया है। अब फिल्में 10 अक्तूबर को भेजी जा सकती हैं। यह जानकारी सोसाइटी की उपाध्यक्ष भारती कुठियाला ने दी। उन्होंने बताया कि इस फिल्महोत्सव में विभिन्न श्रेणियों में नकद राशि तथा प्रशस्ति पत्र पुरस्कार के रूप में विजेताओं को प्रदान की जाएगी। विख्यात फिल्म निर्देशक सुदिप्तो सेन (द केरला स्टोरी) विशेष रूप से फिल्म उत्सव में उपस्थित रहेंगे तथा नवोदित फिल्मकारों और फिल्म रसिको के साथ संवाद कायम करेंगे।

# शाहपुर बाजार बचाने के लिए क्रमिक हड़ताल पर बैठे दुकानदार

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

पठानकोट-मंडी फोरलेन का काम अब बरसात के बाद जोर पकड़ने लगा है। इस जद में सौ साल पुराना शाहपुर बाजार भी आ गया है। शाहपुर बाजार बचाने को लेकर दुकानदार पिछले दो साल से संघर्ष कर रहे हैं। अब फिर शाहपुर बाजार बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले दुकानदारों ने शनिवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इस मौके पर स्थानीय दुकानदार नवनीत शर्मा, सचिन महाजन, प्रतीक महाजन, सतीश कुमार गुप्ता और कमल कुमार आदि ने कहा कि पुरानी तहसील कार्यालय से पुलिस स्टेशन शाहपुर तक फ्लाईओवर बनाया जाए। यदि फ्लाईओवर संभव न हो सके तो सड़क की चौड़ाई को कम करके 28 मीटर किया जाए। बाजार के बीच स्थित बंदला पुल की चौड़ाई 24 मीटर रखी जा रही है तो फिर दुकानों को 36 से लेकर 48 मीटर क्यों तोड़ा जा रहा है। लोगों ने मांग की कि बाजार में सड़क की चौड़ाई कम किया जाए। यदि यह भी संभव न हो तो शाहपुर में बाईपास बनाया जाए। उन्होंने सवाल उठाए कि पठानकोट से लेकर मंडी तक सभी बाजारों को उजाड़ने से बचाया जा रहा है, तो फिर शाहपुर को ही क्यों उजाड़ा जा रहा है। अगर शाहपुर बाजार को उजड़ने से बचाया जा सकता है तो लगभग एक हजार लोगों की रोजी रोटी बन सकती है। एक तरफ सरकार रोजगार देने की बात करती है। यहां तो लोगों का रोजगार ही छीना जा रहा है। अभी फिलहाल दुकानदारों की क्रमिक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल रहेगी। अगर सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है तो हड़ताल और भी तेज की जाएगी।

# स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में कांगड़ा बना चैंपियन

## भवारना में राज्य स्तरीय दो दिवसीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग प्रतियोगिता संपन्न

**राकेश डोगरा, डरोह**




हिमाचल प्रदेश स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन के सौजन्य से भवारना में राज्यस्तरीय दो दिवसीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग, आर्म रेस्लिंग (पंजा लड़ाना) एवं इनक्लाइन बेंच प्रेस में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, एंड मास्टर्स महिला और पुरुष वर्ग में खेल प्रतियोगिताएं करवाई गईं। पुरुष वर्ग में 600 किलोग्राम लिफ्ट में चैंपियन ऑफ चैंपियन सोलन के विक्रम सिंह, महिलाओं में 195 किलोग्राम लिफ्ट में कांगड़ा की अनुराधा और टीम चैंपियनशिप में प्रथम जिला कांगड़ा, द्वितीय सोलन व शिमला तीसरे स्थान पर रहा।

दो दिवसीय प्रतियोगिता के समापन पर रविवार को इंटक के प्रदेश महासचिव व जिला अध्यक्ष सजंय सैनी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। सजंय सैनी ने कहा कि एसोसिएशन व खास कर ध्रुव सिंह द्वारा युवाओं को एक नई दिशा देने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। ऐसी प्रतियोगिताओं से युवाओं को नशे जैसी कुरीतियों से बचाया जा रहा है, वहीं युवाओं को स्वस्थ व हष्ट पुष्ट बनने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। सैनी ने कहा कि पिछले 15 सालों से ध्रुव सिंह यहां के युवाओं के लिए इस तरह की खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने में प्रेरणा के स्त्रोत रहे हैं। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में आर्म रेस्लिंग (पंजा लड़ाना) खेल प्रतियोगिता राज्य स्तर पर पहली बार संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर 200 युवाओं ने इन प्रतियोगिताओं में अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिता के आयोजक ध्रुव सिंह ने कहा कि उनका मकसद युवाओं को नशे से दूर रखना व युवाओं को हष्ट पुष्ट बनाना है।

इस मौके पर मुख्यातिथि द्वारा विजेता युवाओं को सम्मानित भी किया गया। समापन के मौके पर अजित सिंह, पवन कुमार, पंकज जसवाल, भवारना के प्रमुख व्यवसायी मनोज नागपाल, अजय कुमार, पालमपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष जसवंत कठियाल, स्थानीय पंचायत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# तीर्थन के युवा ले रहे ट्रैवल एंड टूरिस्ट गाइड का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क और ट्राउट मछली के लिए विख्यात जिला कुल्लू की तीर्थन घाटी में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। साल दर साल यहां पर आने वाले पर्यटकों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है। घाटी में पर्यटन बढ़ने से स्थानीय लोगों को घर द्वार पर स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं। पर्यटन के सफल संचालन हेतु लोगों को शिक्षण और प्रशिक्षण की बहुत जरूरत है क्योंकि पर्यटन स्थानीय लोगों के लिए आजीविका का एक मुख्य जरिया बनता जा रहा है। इसी कड़ी में आजकल तीर्थन घाटी गुशैनी में यहां के स्थानीय लोगों को ट्रेवल एंड टूरिस्ट गाइड का प्रशिक्षण कार्यक्रम चला हुआ है। केंद्र सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के सौन्जय से आयोजित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कुल्लू द्वारा प्रायोजित 10 दिवसीय ट्रेवल एंड टूरिस्ट गाइड का निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम गुशैनी में शुरू किया गया है। इस प्रशिक्षण के प्रथम बैच में 35 प्रतिभागियों ने सफलता पूर्वक अपना प्रशिक्षण पूरा किया, जिसमें 10 महिला टूरिस्ट गाइड भी शमिल है। यह प्रशिक्षण गुशैनी में 9 से 18 सितंबर तक करवाया गया। वहीं, स्थानीय लोगों की मांग पर पीएनबी आरसेटी द्वारा गुशैनी में 10 दिवसीय ट्रेवल एंड टूरिस्ट गाइड का दूसरा बैच भी शुरू हुआ है। इस बैच में 35 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं जिसमें 12 महिलाएं भी शमिल हैं। लिहाजा,अब तीर्थन घाटी में घूमने फिरने आने वाले सैलानियों को प्रशिक्षित महिला एवं पुरुष गाइड यहां की हसीन वादियों की सैर के साथ जैविक विविधता, विभिन्न प्रजातियों के पेड़ पौधों, पक्षियों, वन्यजीवों और यहां की प्राचीनतम संस्कृति के बारे में भी सही व सटीक जानकारी प्रदान करेंगे।

# बगली में उमड़ी आंखों के रोगियों की भीड़

## तीन दिन में 150 का चेकअप, सर्वोदय इंस्टीट्यूट की व्यवस्था को सराहा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



बगली में चल रहे सर्वोदय इंस्टीट्यूट के तीन दिवसीय निशुल्क कैंप के तीसरे दिन काफी संख्या में आंखों के रोगी पहुंचे। हिमाचल के विभिन्न हिस्सों से आए रोगियों के अलावा पंजाब, हरियाणा व दिल्ली के रोगियों ने भी शिविर का लाभ उठाया। दिल्ली से पहुंचे विकास शर्मा और प्रियवंश तथा पंजाब के लुधियाना शहर से आए राजदीप सिंह व जसप्रीत कौर ने कहा कि उन्हें इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के कैंप में पहली बार बहुत अच्छा अनुभव रहा। हरियाणा से आए रोगियों ने प्रबंधन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इससे पूर्व कई अन्य कैंप में जाने का मौक़ा मिला परंतु सर्वोदय भवन बगली की व्यवस्था बेहतर है। स्थानीय पंचायत के लोगों ने बताया कि यहां नियमित ओपीडी आरंभ होने से अच्छा लग रहा है यह भी कहा कि वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति में विश्वास बढ़ा है। उल्लेखनीय है कि इस शिविर में रविवार शाम तक 100 से अधिक संख्या में लोग पंजीकरण करवा चुके थे, जबकि कुछ लोग पंक्ति में लगे हुए थे। यद्यपि तीन दिवसीय निशुल्क कैंप के दौरान 150 से अधिक संख्या में लोगों की जांच की गई और सभी को मुफ्त दवाई वितरित कीं। प्रबंधन समिति की तरफ से पूर्व प्रधान हरीश कुमार ठाकुर ने सबका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे हमारे लोगों को फायदा मिलेगा। निदेशक डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि यहां नियमित ओपीडी आरंभ की गई है, जहां हर प्रकार के रोगियों को सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## नगरोटा बगवां मेन बाजार व आसपास के क्षेत्रों में कल लगेगा पावर कट

**नगरोटा बगवां।** 33/11केवी सब-स्टेशन नगरोटा बगवां में आवधिक परिक्षण हेतु 24 सितंबर दिन मंगलवार को उपमंडल के अंतर्गत आते गांव नगरोटा मेन बाजार, काइस्थ्वाडी, ठारु, नगरोटा, नागरिक चिकित्सालय, कवाडी, ठारु, काईस्थवाडी, त्रिंड, ओद्योगिक क्षेत्र, हटवास, अंबाडी, पंतेहड़, जूस फेक्टरी, पठियार, मझेली, राणा मोहल्ला, मुहाल्कड़, गुजरेहडा, चाहड़ी, मला, औद्योगिक क्षेत्र एसबीआई बैंक घोडब, सरोत्री मोहल्ला, न्यू पुलिस स्टेशन कवाड़ी, डिग्री कॉलेज, महिंद्रा शोरूम समलोटी में विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी और अगर मौसम अनुकूल न रहा तो यह कार्य अगले दिवस किया जाएगा।

## खोली के पास दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल

**अनंत ज्ञान धर्मशाला।** मंडी-पठानकोट राष्ट्रीय उच्च मार्ग खोली के पास दो बाइकों की टक्कर हो गई। दुर्घटना में एक बच्चा और दो लोग मामूली घायल हुए हैं। उन्हें पुलिस की ओर से उपचार के लिए डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा ले जाया गया, जहां पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस थाना कांगड़ा के तहत पड़ते मंडी-पठानकोट राष्ट्रीय उच्च मार्ग खोली के पास दो बाइकों की आपस में टक्कर हो गई, जिसमें एक बच्चा और दो लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। एक बाइक कांगड़ा से नगरोटा की तरफ जा रही थी और दूसरी नगरोटा से कांगड़ा के पास आ रही थी। एक व्यक्ति खोली में अपनी बाइक को मोड़ने लगा तो अचानक से दूसरी उसके साथ टकरा गई। तीनों घायलों को उपचार के लिए टांडा ले जाया गया, जहां पर उपचार के बाद घायल विशाल निवासी रजियाणा, प्रीतम निवासी खोली, यूवीन निवासी खोली को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। मौके पर पहुंचे आईओ रजनीश शर्मा ने बताया कि पुलिस में किसी प्रकार का मामला दर्ज नहीं हुआ है।

# कांगड़ा शहर में आईफोन-16 सीरीज सफलतापूर्वक लॉन्च



**आशीष दमीर, कांगड़ा**

कांगड़ा में आईफोन-16 सीरीज सफलतापूर्वक लॉन्च हुई। कांगड़ा शहर के बीच बाजार में स्थित आइकोनसेप्ट शोरूम में इसे लॉन्च किया गया। एप्पल के नए मॉडल आईफोन-16, आईफोन-16 प्लस, आईफोन-16 प्रो और आईफोन-16 प्रो मैक्स पेश किए गए। इस दौरान स्टोर के प्रबंधक निदेशक जतिन शर्मा सहित तमाम कर्मचारी आईफोन-16 सीरीज के फीचर बताते नजर आए। आईफोन-16 सीरीज में कुछ नए फीचर पेश किए गए हैं जो स्मार्टफोन तकनीक को फिर से परिभाषित करेंगे। इसके अलावा आईफोन-16 में जबरदस्त स्पीड और हाई टेक्नोलॉजी फीचर लोगों को देखने के लिए मिलेंगे।

प्रबंधक निदेशक जतिन शर्मा ने कहा कि आज आईफोन-16 सीरीज को लांच किया गया है। आइकोनसेप्ट में आकर कई बेहतरीन ऑफर्स के साथ लोग 16 सीरीज के आईफोन खरीद सकते हैं। बिना इंटरेस्ट के लोग ईएमआई पर भी आईफोन खरीद सकते हैं। इसके अलावा आईसीआइसीआई और एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर 5 हजार रुपए तक का कैशबैक मिलेगा। जतिन शर्मा ने कहा कि फिलहाल आईफोन-16 सीरीज के लॉन्च के पहले दिन काफी अच्छा रिस्पॉन्स रहा। आईफोन-16 प्रो और 16 प्रो मैक्स की एडवांस बुकिंग चल रही है। आगामी नवरात्रों में भी ऐसे ही ऑफर कस्टमर को मिलते रहेंगे। आईफोन-16 सीरीज के सभी आईफोन की अलग-अलग कीमत है, ज्यादा जानकारी के लिए आप कांगड़ा आइकोनसेप्ट स्टोर में विजिट कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## काहनफट में आज बंद रहेगी बिजली

**डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत 11 केवी काहनफट फिडर के उचित रखरखाव एवं मरम्मत हेतु विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों गगल खोली, भद्रोल, काहनफट, रक्कड़ व औचा आदि में 23 सितंबर को सुबह 9 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी तथा मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

## शाहपुर-क्यारी मार्ग 30 तक बंद

**धर्मशाला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शाहपुर से खुशीनगर चौक तक सड़क के मरम्मत कार्य के चलते शाहपुर-क्यारी मार्ग का यह हिस्सा 30 सितंबर तक यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा।

## खेलकूद

### धर्मशाला में जिला स्तरीय मिनी अंडर-11 एवं सब-जूनियर अंडर-13 बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न

# बैडमिंटन में धर्मशाला की अराध्या चौधरी बनी विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय मिनी अंडर-11 एवं सब-जूनियर अंडर-13 बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन किया गया। इस प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि अध्यक्ष एवं मैनेजिंग डायरेक्टर रोज पब्लिक स्कूल सुलियाली संजय सौगुणी द्वारा किया गया। वशिष्ठ अतिथि के रूप में धीरेंद्र वर्मा एवं रविकांत विशेष रूप से उपस्थित रहे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा विजेता एवं उपविजेता रहे खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी बच्चों को संबोधन किया गया कि आप इसी तरह खेल की गतिविधियों में हिस्सा लेते रहें, ताकि हर एक खिलाड़ी स्वस्थ रहकर अच्छे राष्ट्र का निर्माण करें।



अंडर-11 लड़कों के एकल मुकाबले में पंचरुखी का आरीव विजेता तथा धर्मशाला का दर्श उपविजेता रहा। अंडर-11 लड़कियों के एकल मुकाबले में धर्मशाला की आराध्या चौधरी विजेता तथा परल उपविजेता रही। अंडर-11 लड़कों के युगल मुकाबले में दर्श एवं निशित की जोड़ी विजेता तथा राजवीर पटियाल एवं अहान की जोड़ी उपविजेता रही। अंडर 11 लड़कियों के युगल मुकाबले में आराध्या चौधरी एवं परल की जोड़ी विजेता हजल एवं यना की जोड़ी उपविजेता रही। अंडर 13 लड़कों के एकल मुकाबले में कपूर बैडमिंटन अकादमी के राजवीर विजेता तथा तन्मय में उपविजेता रहे। लड़कियों के अंडर 13 एकल मुकाबले में आराध्या चौधरी विजेता तथा नूरपुर की वैष्णवी सिंह पठानिया उपविजेता रहे। अंडर 13 लड़कों के युगल मुकाबले में राजवीर एवं तन्मय की जोड़ी विजेता तथा हर्षिल सिंह पठानिया एवं हर्षवर्धन ठाकुर की जोड़ी उपविजेता रही।

अंडर-13 लड़कियों के युगल मुकाबले में आराध्या चौधरी एवं वैष्णवी सिंह पठानिया की जोड़ी विजेता तथा प्रिय एवं राबिया की जोड़ी उपविजेता रहे। समापन समारोह में जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ की तरफ से पंकज शर्मा गौरव चड्ढा पवन चौधरी रविंदर कपूर विक्रम चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के महासचिव विलास हंस ने बताया कि इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में एकल मुकाबलों के पहले चार स्थानों पर रहे खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे तथा युगल मुकाबले के विजेता एवं उपविजेता रहे खिलाड़ी कुल्लू में होने जा रही 29 सितंबर से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। साथ में इस वर्ष से जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ अंडर- 9 आयु वर्ग की लड़कों एवं लड़कियों वर्ग में जिला स्तर पर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन करेगा, जो कि पहली मर्तबा होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक सुरेश बने हरियाणा के चुनाव प्रभारी



**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** भोरंज विधायक सुरेश कुमार हरियाणा चुनाव में सिरसा जिला के रतिया विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रभारी बनाए गए हैं। रतिया विधानसभा क्षेत्र में पार्टी हाईकमान ने राजस्थान से लोकसभा सांसद कुलदीप सिंह इंदौरा व हिमाचल से विधानसभा सदस्य सुरेश कुमार को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी ने इस महत्वपूर्ण सीट की जिम्मेदारी सुरेश कुमार को सौंप कर इन पर भरोसा जताया है। सुरेश कुमार इससे पहले भी कई राष्ट्रीय स्तर के पदों पर कार्य कर चुके हैं और स्वयं भी कड़े संघर्ष के बाद भोरंज से विधायक बने हैं।

### अंकिता ने उत्तीर्ण की एचपी सेट की परीक्षा



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर की ग्राम पंचायत बिझड़ी से संबंध रखने वाली अंकिता राणा ने एचपी सेट 2023-24 परीक्षा उत्तीर्ण कर अपना नाम चमकाया है। अंकिता के पिता महेंद्र सिंह राणा शिक्षा विभाग में हिंदी के लेक्चरर के पद के रूप में सेवाएं दे रहे हैं तथा माता प्रवीण राणा ग्रहणी है। उन्होंने बताया कि अंकिता शुरू से ही पढ़ाई में होशियार थी। बॉटनी लाइफ साइंस में एचपी सेट की डिग्री हासिल करने के बाद अंकिता को क्षेत्रवासियों ने बधाई दी है।

### अब एक नए 'लुक' में नजर आने लगा हमीरपुर शहर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर शहर की कायाकल्प के लिए करोड़ों रुपए की धनराशि खर्च की जा रही है। प्रदेश के सबसे छोटे जिले हमीरपुर का मुख्यालय अब नए लुक में नजर आने लगा है। गांधी चौक टाउन हॉल के आसपास का क्षेत्र पीडब्ल्यूडी



कॉलोनी के साथ लगता पार्क हो या बस स्टैंड क्षेत्र या फिर शहर के विभिन्न वार्डों के शौचालय, इन सभी स्थानों की कायाकल्प को देखकर सभी शहरवासी और बाहर से आने वाले लोग प्रदेश सरकार और स्थानीय नगर परिषद की खूब प्रशंसा कर रहे हैं। शहर का गांधी चौक अब जीर्णोद्धार के बाद खूब चमक रहा है। यहां आम लोगों के लिए बैठने की भी अच्छी व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार, ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सामने भी एक छोटा-सा पार्क बनाया गया और वहां पर आम लोगों के लिए बैंच लगाए गए हैं। लोक निर्माण विभाग की कॉलोनी के पास भी सुंदर पार्क विकसित किया गया है। शहर के अन्य चौक-चौराहों का भी सौंदर्यीकरण किया जा रहा है और सेल्फी प्वाइंट बनाए जा रहे हैं। उधर, उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि हमीरपुर शहर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों को तेजी से पूरा करवाया जा रहा है। इसके लिए नगर परिषद के अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अमरजीत सिंह ने बताया कि आने वाले समय में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार हमीरपुर शहर में कई अन्य बड़े प्रोजेक्टों को भी क्रियान्वित किया जाएगा।

### बेटियां हमारे देश की आन और शान हैं

**अनंत ज्ञान, नादौन।** 22 सितंबर को 'बिटिया दिवस' पूरे भारत में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। बेटियां हमारे देश की आन और शान हैं और भारत वर्ष की पहचान हैं। प्राचीन काल से ही बेटियों ने इतिहास में अपना नाम रचा है। लक्ष्मी बाई का नाम कौन भूल सकता है। सावित्री जो कि यमराज से भी अपने पति को मृत्यु के मुंह से छुड़ाकर ले आई। हमारे देश की पहली प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी एक मिशाल हैं। इसके अलावा कई और उदाहरण भी हैं। यूं तो बिटिया दिवस सितंबर माह के अंतिम रविवार को मनाया जाता है, लेकिन इसकी तिथि में फेरबदल हो सकता है। बिटिया दिवस मनाने के प्रमुख कारण उन्हें सम्मान दिलाना और उनका पालन-पोषण बेटों के समान करना है। लैंगिक असमानता को समाप्त करना और निष्पक्षता का भाव पैदा करना, इस दिवस का प्रमुख उद्देश्य है।

### स्नेक कैचर ने पकड़ा साढ़े पांच फुट का किंग कोबरा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत उखली के अधीन आने



वाले सनेड़ गांव में पम्मी धीमान के घर में किंग कोबरा घुस गया था, जिसे निकालने के लिए जाहू से स्नेक कैचर बुलाए गए थे। जिन्होंने काफी मशक्कत के बाद घर की रसोई से करीब साढ़े पांच फुट का किंग कोबरा पकड़ने में सफलता हासिल की। उसके बाद घर के लोगों ने राहत की सांस ली है। पम्मी का कहना है कि उनके पुराने घर की रसोई में एक सांप घुस गया था जो कि बंद रहती थी। आज जाहू से प्रवासी मूल के बंगाली को बुलाकर सांप को पकड़ा है।

### रास्ता रोककर अपमानित करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नादौन।** जिला के उपमंडल नादौन के पुलिस थाना में ज्योति पत्नी अरुण सिंह निवासी गांव गब्बा, जिला हमीरपुर ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह राजकीय प्राथमिक पाठशाला समीरपुर में बतौर जेबीटी अध्यापिका के पद पर तैनात है तथा वह अपने घर से प्रतिदिन इन्डक्शन ट्रेनिंग के लिए डाइट केंद्र गौना-करौर नादौन में प्रशिक्षण के लिए जाती है। बीते 19 सितंबर को जब वह अपनी तीन अन्य सहयोगी अध्यापिकाओं के साथ शाम को छुट्टी होने के बाद डाइट केंद्र गौना के मेन गेट पर बस का इंतजार कर रही थी तो उसी समय एक प्राइवेट कार सड़क से गुजर रही थी। उसके चालक से शिकायतकर्ता ने अपनी सहयोगी अध्यापिकाओं के साथ नादौन तक की लिफ्ट मांगी। जैसे ही वह अपनी सहयोगिनियों सहित उक्त गाड़ी में बैठी तो लगभग 50 मीटर के बाद एक आदमी ने सड़क के बीचोंबीच आकर उनका रास्ता रोक दिया तथा उस व्यक्ति ने उक्त गाड़ी के मालिक को धमकाना शुरू कर दिया और बोला कि पीछे उसकी निजी बस आ रही है आप सभी को उसमें ही जाना पड़ेगा। इस पर शिकायतकर्ता ने अपनी तीनों सहयोगी अध्यापिकाओं सहित उस व्यक्ति को बहुत समझाया कि लेकिन वह व्यक्ति बहस करता रहा तथा इनको जबरदस्ती गाड़ी से उतार दिया। शिकायतकर्ता को मालूम हुआ कि उक्त व्यक्ति का नाम त्रिलोकी नाथ निवासी गांव गौना है। इस शिकयात के आधार पर थाना नादौन में त्रिलोकी नाथ के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस ने आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि एसपी हमीरपुर भगत सिंह ने की है।

# पुलिस ने चोरी के आरोपी को 24 घंटे में सामान सहित दबोचा

## लैपटाप, चांदी के सिक्के और 10 हजार रुपए चुरा ले गया था शातिर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला मुख्यालय हमीरपुर के साथ लगते गांव अणु खुर्द के निवासी पारस राम शर्मा ने पुलिस थाना हमीरपुर में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। हमीरपुर जिला पुलिस ने एसपी हमीरपुर के दिशा-निर्देश में काम करते हुए चोरी के आरोपी को मात्र 24 घंटे में सामान सहित धर-दबोचा है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता हमीरपुर के नादौन चौक में आईसीएफएम नाम से एक शिक्षण संस्थान चलाता है। सुबह जब वह अपने संस्थान में पहुंचा तो उसने दरवाजा टूटा हुआ पाया, जब अंदर जाकर देखा तो एक दो लैपटॉप, एक मोबाइल फोन, 10 हजार रुपए व कुछ चांदी के सिक्के संस्थान से चोरी हो गए थे। इस अभियोग के पंजीकृत होने पर पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर के दिशा-निर्देशानुशार के अनुसार तुरंत थाना प्रबंधक अधिकारी थाना सदर हमीरपुर के नेतृत्व में एक विशेष अन्वेषण टीम गठित करके चोरी हुए सामान व नकदी की बरामदगी के लिए हरसंभव तरीके से प्रयत्न किए गए।

इस बारे में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग प्राप्त होने पर चोरी के आरोपी सूरज पाल उर्फ बबलू पुत्र राज कुमार गांव गटुई उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को उसी शाम गांव जियान, जिला होशियारपुर, पंजाब से गिरफ्तार कर चोरी हुए सामान व नकदी को बरामद कर लिया है। आरोपी सूरज पाल को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया , जहां से आरोपी को तीन दिन का पुलिस रिमांड़ प्रदान किया है।इस मामले में पुलिस आगामी कार्रवाई में जुट गई है। मामले की पुष्टि एसपी हमीरपुर भगत सिंह ने की है।

### झंडवी शिव मंदिर में हजारों की चोरी

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** भोरंज के गांव झंडवीं के तहत शिव मंदिर में शनिवार रात्रि को चोरी होने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिर का पुजारी बीरबल सिंह सुबह करीब 5 बजे शिव मंदिर पहुंचे तो मंदिर से शिवलिंग पर से तांबे का नाग, तांबे का वर्तन, पीतल की ज्योति गायब थी व दानपात्र के गल्ले का ताला भी टूटा हुआ था। चोर मंदिर से करीब 20 से 25000 हजार रुपए के समान व नकदी चुरा ले गए हैं। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधि व पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची व घटनास्थल का मुआयना कर छानबीन शुरू कर दी।



## भाजपा की नीतियां समांतशाही का प्रतीक : प्रेम कौशल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने आरोप लगाया है कि भाजपा के नेता जिस दलित प्रेम की बात बार-बार कर रहे हैं, वह मात्र एक दिखावा है। उन्होंने कहा कि अन्यथा भाजपा तो हमेशा से सामंतशाही की पक्षधर रही है। रविवार को यहां जारी एक बयान में कौशल ने कहा कि देश के दलितों,आदिवासियों, पिछड़ों और असहाय लोगों को लेकर राहुल गांधी द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों से बीजेपी नेताओं के पैरों तले से जमीन खिसकती जा रही है और राहुल गांधी जिस तरीके से पूरे देश में जाति जनगणना की बात कर रहे हैं। उससे भाजपाई आतंकित हैं, जिसके चलते वह राहुल गांधी को आतंकी तक कह रहे हैं।



कौशल ने कहा कि दलित समाज के लोग आज अगर देश में सिर ऊंचा कर बराबरी का जीवन बसर कर रहे हैं, तो यह कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और नीतियों के चलते ही संभव हुआ है। स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने भूमिहीन लोगों को जमीनें दीं, मुजारों को जमीनों का मालिक बनाया। शिक्षा और रोजगार में समान अवसर मुहैया करवाए, जबकि केंद्र की भाजपा सरकार की तमाम नीतियां और कार्यक्रम सरमायदारों के मुनाफे को ध्यान में रखकर बनाए जा रहे हैं। सरकारी क्षेत्र में रोजगार खत्म किए जा रहे हैं। जिसके चलते आरक्षण स्वत ही समाप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में गुंडा राज चल रहा है। बिहार में सैंकड़ों दलितों के घर जला दिए गए, दलित बच्चियां यौन शौषण का शिकार हो रही हैं। उन्होंने कहा कि राहुल वंचितों और दलितों को बराबरी तथा मुख्यधारा में लाने की मुहिम के महानायक बन कर उभरे हैं। यही भाजपा की बौखलाहट का कारण है।

## बसु भवन में शहीदों को किया याद



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी का जिला सम्मेलन रविवार को यहां बसु भवन में आयोजित किया गया, जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा हुई। सम्मेलन की शुरुआत में पार्टी का झंडा पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रताप राणा ने फहराकर की। उसके बाद शहीदों को फूल अर्पित किए गए। सम्मेलन ने पार्टी महासचिव सीताराम येचुरी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सम्मेलन का उद्घाटन पार्टी राज्य सचिव डॉ. ओंकार शाद ने किया। पार्टी जिला सचिव जोगिंद्र कुमार ने पार्टी की रिपोर्ट सम्मेलन के समक्ष रखी। सम्मेलन में बढ़ती मंहगाई के खिलाफ, जन विरोधी तीन आपराधिक कानूनों के नए संस्करण के विरोध में व सांप्रदायिकता के खिलाफ प्रस्ताव पास किए गए। चर्चा के उपरांत रिपोर्ट को पारित किया गया। सम्मेलन में 11 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। प्रताप राणा को पार्टी का सचिव चुना गया। कमेटी में प्रताप राणा, जोगिंद्र कुमार, रंजन शर्मा, जितेंद्र धीमान, कुलदीप, अश्विनी, संतोष कुमार, सुरेश राठौर, धर्म सिंह, हरनाम सिंह वर्मा, कपिल भारद्वाज चुना गया।

### सार्वजनिक जगह पर बांधा डालने पर मामला दर्ज

**हमीरपुर।** रविवार को पुलिस सहायता कक्ष भोटा की एक टीम मोरसु-झींरा में गश्त पर थी तो इस दौरान उक्त टीम ने पाया कि राजेश कुमार निवासी गांव मोरसु झींरा ने अपनी कबाड़ की दुकान के बाहर कबाड़ रखा है।जिसमें कुछ टूटी हुई मोटरसाइकिल व प्लास्टिक का सामान था। जिससे आने-जाने वाले वाहनों व पैदल चलने वाले लोगों को बाधा उत्पन्न हो रही थी। इस पर पुलिस ने राजेश कुमार के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि एसपी हमीरपुर भगतसिंह ने की है।

## भारत सरकार से चिल्ड्रन साइंस को लेकर अभी तक कोई गाइड लाइन नहीं : वीरेंद्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



हिमाचल प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस को लेकर प्रदेश सरकार को आगे आकर फंडिंग करने की अपील की है, क्योंकि भारत सरकार से चिल्ड्रन साइंस को लेकर अभी तक कोई गाइड लाइन नहीं आई है, जो कि चिंता का विषय है।

चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस नन्हे वैज्ञानिकों का चहुंमुखी विकास करता है। ऐसे में प्रदेश सरकार को इसमें आगे पहल करते हुए स्टेट से फंडिंग करवानी चाहिए, ताकि चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस की एक्टिविटी प्रदेश में सुचारु रूप से चलती रहे। यह बात वीरेंद्र चौहान ने हमीरपुर में आयोजित प्रैस वार्ता के जरिए कही।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश राजकीय अध्यापक संघ शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर लगातार प्रयास कर रहा है, लेकिन देखने में आया है कि कुछ वर्षों से सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्यां काफी तेजी से कम हो रही है। इसकी वजह छात्रों के अभिभावकों का प्राइवेट स्कूलों की तरफ ज्यादा रुझान होना है, क्योंकि सरकारी स्कूलों के अच्छे छात्रों को प्राइवेट स्कूल अपनी ओर खींच रहे हैं। ऐसे में सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या कम होने से स्कूल बंद हो रहे हैं। प्राइमरी व मिडल स्कूलों के बाद अब हाई व सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को कम छात्रों के चलते नजदीक के स्कूलों में मर्ज किया जा रहा है। इसकी एक वजह स्कूलों में शिक्षक स्टाफ कम होना भी बताया जा रहा है। शिक्षकों के कई पद लंबे समय से खाली चल रहे हैं। एचजीटीयू प्रदेश सरकार से मांग करता है कि मर्ज स्कूलों को मिड सत्र की बजाय अगले सत्र से बंद किया जाए, ताकि मर्ज हो रहे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो सके।

## प्रधानाचार्य पदोन्नति सूची शीघ्र जारी करने का सरकार से किया आग्रह



बैठक के बाद सामूहिक चित्र में मुख्याध्यापक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर में विभिन्न जिलों से आए हुए मुख्याध्यापकों ने राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मुख्याध्यापक से प्रधानाचार्य पदोन्नति सूची से है जो कि पिछले एक वर्ष से नहीं निकली है। उसी पर गहन चिंतन व मनन हुआ। बैठक में चर्चा यह हुई कि यदि इस सूची को शीघ्र नहीं निकाला गया तो बहुत से मुख्याध्यापक बिना पदोन्नति के ही अक्तूबर 2024 में सेवानिवृत्ति हो जाएंगे।

एक शिक्षक जो 28 से 30 वर्ष अपने विभाग को सेवाएं देता है, उसे कहीं अंत में जाकर यह पदोन्नति 5 वर्ष या 6 महीने तक ही मिलती है। सभी मुख्याध्यापकों की मांग है कि पदोन्नति सूची को जल्द से जल्द निकाला जाए, ताकि सेवानिवृत्त होने वाले मुख्याध्यापक पदोन्नति का लाभ प्राप्त कर सकें। यह पदोन्नति सूची वर्ष में दो बार निकलती है, परन्तु इस बार बहुत ज्यादा विलंब हो गया है। विभाग ने सारी औपचारिकताए पूरी कर ली हैं ।बस अब सरकार की तरफ से आदेश होने की बात है। सभा में उपस्थित सभी मुख्यध्यापकों का आग्रह है कि कर्मचारी हितैषी प्रदेश सरकार इस सूची को शीघ्र अतिशीघ्र निकाले। वर्तमान में प्रधानाचार्यों के लगभग 500 पद खाली चल रहे हैं। यदि यह पदोन्नति सूची जल्दी निकल जाती है तो जो प्रवक्ता इस वक्त स्कूलों में कार्यवाहक प्रधानाचार्य हैं वे भी भार मुक्त हो जाएंगे और अपनी कक्षाओं को सही ढंग से पढ़ा पाएंगे।इस बैठक में प्रदेश भर के लगभग 100 मुख्याध्यापकों ने भाग लिया। इस बैठक में और भी कई मुद्दों पर चर्चा की गई।

## पेंशन फंड में सात करोड़ बकाया शीघ्र डाले सरकार

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम का सेवानिवृत्ति संघ बीती शाम निगम के एमडी राजेश्वर गोयल के साथ मिला। उन्होंने सेवानिवृत्ति तकरीबन 400 लोगों की समस्याओं को लेकर उनसे लंबी बातचीत की। खास बात यह रही कि एमडी ने उनकी समस्याओं के हल के लिए सौहार्दपूर्ण माहौल में शीघ्र निपटारे के लिए आश्वासन दिया है।

बैठक के बाद अध्यक्ष नरेंद्र चौहान और महासचिव बलदेव राणा ने बताया कि वर्ष 2007 में निगम ने जो पेंशन ट्रस्ट गठित किया था, उसमें 25 करोड़ रुपए जमा होने थे, मगर अभी तक 18 करोड़ ही जमा हो पाए हैं। इसमें 7 करोड़ रुपए 2016 के बाद जमा नहीं किया गया। इसी वजह से कुल राशि 25 करोड़ इसके खाते में नहीं हो पाई, जबकि कर्मचारियों का 60 करोड़ का फंड अलग से अभी भी जमा है। यह सारी राशि 100 करोड़ के आसपास बनती है, इसी के बाद व्यावहारिक रूप में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन का इंतजाम होना था। जिसमें लगातार विलंब हो रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2016 के बाद कर्मचारियों को जो पे स्केल रिवाइज्ड दिया गया है, उसमें एरियर, लीव इनकैशमेंट और ग्रेच्युटी का लाभ सेवानिवृत्ति निगम के कर्मचारियों को भी नहीं मिल पाया है। उसे भी शीघ्र दिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार को इसकी नोटिफिकेशन जल्दी करनी चाहिए, ताकि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बुढ़ापे में इन पैसों का कहीं न कहीं लाभ मिल सके। (अनंत ज्ञान)



एमडी कार्यालय के बाहर सेवानिवृत्त कर्मचारी।

### जन सुधार संस्था ने सुनील कुमार को भेंट की व्हील चेयर

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन की जन सुधार संस्था कोहला समाजिक कार्यों में प्रयासरत है। इसी कड़ी में संस्था ने नादौन के कोहला गांव के सुनील कुमार को एक व्हील चेयर दी तथा एक हजार रुपए मासिक सहायता भी देनी शुरू कर दी है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राजीव खावला, उपाध्यक्ष रवि कुमार, सचिव जगदीश चंद, कोषाध्यक्ष कुलवंत सिंह आदि उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष राजीव खावला ने बताया कि सुनील कुमार को ब्लड शूगर है जिसके चलते डाक्टरों को उनकी एक टांग काटनी पड़ी है। उनके पिता को भी ब्लड शूगर थी उनकी टांगें भी काटनी पड़ी थीं। उन्होंने बताया कि संस्था ने सुनील को पांच हजार रुपए की आर्थिक सहायता की है। तथा हर महीने एक हजार रुपए आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है।

### ओंकार सिंह पठानिया बने नारायण सेवा समिति बिझड़ी के प्रधान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** नारायण सेवा समिति बिझड़ी की पांचवीं वर्षगांठ व आमसभा की बैठक समिति के पूर्व प्रधान व समिति के संरक्षक दीनानाथ वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समिति की बैठक के दौरान मंच संचालन राजकुमार चौधरी ने किया तथा करतार सिंह ढिल्लो ने पिछले पांच वर्षों की आय व्यय का विस्तृत ब्योरा पेश किया। वर्मा ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की तदोपरांत नई कार्यकारिणी का गठन उनकी अध्यक्षता में किया गया। नई कार्यकारिणी में प्रधान पद पर ओंकार सिंह पठानिया, उपप्रधान बिक्रम ठाकुर, सुरेंद्र कुमार, महासचिव करतार सिंह ढिल्लों, सयुक्त सचिव जोगिंदर सिंह ढटवालिया, राजकुमार चौधरी आदि को चुना गया। इस अवसर पर कृष्ण चंद शर्मा, सुरेश, सुख राम, मेहर सिंह, अजमेर सिंह, तारा चंद, प्रधान सिंह, सत्या देवी आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## कांग्रेस करती है झूठ की राजनीति : आशीष

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

विधायक आशीष शर्मा ने रविवार को ग्राम पंचायत बल्ह के बल्ह गांव और ग्राम पंचायत धनेड के खटवीं व लिंगवीं गांवों में आयोजित बैठकों में शिरकत कर जनसमस्याएं सुनीं। इस मौके पर विधायक ने विपरीत परिस्थितियों में और झूठ फरेब की राजनीति से उपर उठकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजयी बनाने के लिए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।



आशीष शर्मा लोगों से मिलते हुए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के जो हालात आज बने हुए हैं, उसके लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है।

सत्ता के लोभ में झूठी घोषणाएं कर प्रदेश को कंगाली की ओर ले गए हैं। न अब महिलाओं को 1500 मिला रहा न 300 यूनिट बिजली फ्री हुई, जबकि चुनावों के समय जिन गिनी चुनी महिलाओं को मतदान के लोभ में पैसे डाले थे, अब उन्हें भी वापस मांगा जा रहा है। कांग्रेस झूठ-फरेब की राजनीति करती है। युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगा जा रहा है। बिजली पानी सहित अन्य चीजें महंगी कर दी हैं। रोजगार उतपन्न करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। चुनावों के समय बड़ी बड़ी घोषणाएं की गई, लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री अपने हमीरपुर जिला को तो जैसे भूल ही गए हैं।

अशीष शर्मा ने कहा कि जो विधायक निधि उन्हें मिलेगी, वह उस जनता की सेवा में समर्पित करेंगे। केंद्र सरकार के सहयोग से हमीरपुर का चहुमुखी विकास करवाएंगे। उन्होंने कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र में पहले भी विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए विधायक निधि का एक एक पैसा जारी कर काम करवाए हैं।

इनमें से कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं व लोगों को सौगात मिली है, जबकि कुछेक कार्य चले हुए हैं। वह अपने स्तर पर कार्य करवाने का प्रयास करते हैं और जो भी कार्य बताए गए हैं उन्हें पूरा किया गया है।

इस मौके पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, ग्राम केंद्र व बूथ अध्यक्ष सहित गांववासी, विधायक को स्वाती व अन्य मौजूद रहे।

**कवायद** प्लाट में खाली पड़ी जगह की विभाग ने करवाई पैमाइश

## क्या दुग्ध अभीशीतन केंद्र जलाड़ी को जल्द मिलेगा नया भवन

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

नादौन के जलाड़ी में एक जर्जर भवन में कार्य कर रहे दुग्ध अभीशीतन केंद्र को क्या अतिशीघ्र नया भवन मिलेगा ? क्या अनंत ज्ञान समाचार पत्र में इस जर्जर अवस्था में कार्य कर रहे दुग्ध अभीशीतन केंद्र के सर्बंधित समाचार प्रकाशित होने पर विभाग ने केंद्र के पास खाली पड़ी जमीन की पैमाइश करवाकर इसके लिए नया भवन बनाने के लिए अपनी कवायद शुरू कर दी है। इन चर्चाओं का बाजार इसलिए गर्म हैं कि जब गत दिवस 'अनंत ज्ञान' ने इस केंद्र का विशेष विजिट करने पर इस केंद्र की समस्याओं को अपने समाचार पत्र में प्रकाशित किया था। उन समस्याओं में से इस केंद्र की जर्जर अवस्था में खड़े भवन की समस्या भी मुख्य थी।

समाचार प्रकाशित होने के बाद विभाग ने राजस्व विभाग से इस केंद्र के नाम कुल भूमि की पैमाइश करवाई, जिसमें पाया गया कि केंद्र के नाम वर्तमान समय में कुल 10 कनाल 16 मरले जमीन दर्ज है, जिसमें से 3 कनाल में इस केंद्र का जर्जर अवस्था में खड़ा भवन एवं रेजिडेंस बना हुआ हैं एवं 19 मरले जमीन निर्माणाधीन फोर लाइन द्वारा एक्वायर कर ली गई है और शेष लगभग 7 कनाल भूमि केंद्र के पास अभी भी खाली पड़ी हुई है।

गौर है कि यदि मिल्क फेडरेशन विभाग केंद्र के पास वर्तमान समय में खाली पड़ी जमीन में केंद्र के लिए नए भवन का निर्माण कर देता है तो केंद्र के लिए नया भवन भी मिल जाएगा और कर्मचारियों को समस्या से भी निजात मिल जाएगी। अत: सर्बंधित विभाग एवं मुख्यमंत्री सुक्खू को इस पर मंथन करना चाहिए।

### 'अनंत ज्ञान' में समाचार प्रकाशित होने पर मिल्क फेडरेशन विभाग आया हरकत में



दुग्ध अभीशीतन केंद्र जलाड़ी का भवन जो जर्जर अवस्था में खड़ा है।

### क्या कहते हैं पटवारी

**केंद्र** द्वारा अपनी कुल जमीन की पैमाइश करवाने की हल्का जलाड़ी के पटवारी राकेश शर्मा ने पुष्टि की है और बताया कि केंद्र के नाम कुल 10 कनाल 16 मरले जमीन दर्ज है उसमें से 3 कनाल में केंद्र का भवन एवं रेजिडेंट्स हैं। 19 मरले फोर लाइन द्वारा एक्वायर कि गई है और अभी भी केंद्र के पास लगभग 7 कनाल भूमि खाली पड़ी हुई हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एनएसएस वालंटियर्स ने दिया स्वच्छता का संदेश




**अनंत ज्ञान, मंडी।** रविवार को वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के एनसीसी युनिटो के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में एनसीसी इकाई के द्वारा महाविद्यालय परिसर की सफाई की गई और एक रैली का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य था महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करना था। यह कार्यक्रम में फ्लाइट ऑफिसर डॉ चमन, एनसीसी अधिकारी डॉ बलबीर सिंह व एनसीसी अधिकारी डॉ कविता के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

### होटलियर एसो. के पदाधिकारियों से पूछताछ

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली होटलियर एसोसिएशन की कार्यकारिणी पर नियमों के विपरीत अपना कार्यकाल बढ़ाने के आरोपों को लेकर आज एसडीएम रमण कुमार शर्मा ने मामले की जांच की। उन्होंने एसोसिएशन के रिकॉर्ड को जांचा। उन्होंने एसोसिएशन की कार्यकारिणी के कुछ पदाधिकारियों और चुनाव समिति के अध्यक्ष से पूछताछ की। अब 26 सितंबर को इस सिलसिले में फिर जांच की जाएगी। एसोसिएशन के चुनाव 25 सितंबर को होने थे जिसके लिए चुनाव कमेटी का भी गठन किया गया था। 14 सितंबर को नामांकन पत्र भरने से ठीक पहले एसोसिएशन को मिले उपायुक्त का आदेश पत्र के चलते चुनाव रोकने पड़े। एसोसिएशन के कुछ सदस्यों ने शिकायत की थी कि एसोसिएशन की पुरानी कार्यकारिणी ने नियमों के विपरीत अपना कार्यकाल बढ़ाया। एसडीएम ने जांच प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए शनिवार को एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष, महासचिव, चुनाव समिति के प्रभारी और शिकायतकर्ता को अपने कार्यालय में बुलाकर पूछताछ की। चुनाव समिति के प्रभारी गजेंद्र ठाकुर ने बताया कि उपायुक्त के आदेशों की पालना की जा रही है। एसडीएम ने जांच के सिलसिले में पूछताछ की है। अब 26 सितंबर को फिर बुलाया गया है।

### युवराज मिस्टर व छात्रा अनु बनी मिस फ्रेशर




**शीला कौल, बंजार।** राजकीय महाविद्यालय गाड़ा गुशैनी, जिला कुल्लू में बी. ए./बी. कॉम प्रथम वर्ष के छात्र एवं छात्राओं के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किए गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ट छात्र एवं छात्राओं ने गीत, संगीत, पारंपरिक नृत्य व अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में नए छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

इस दौरान बी. कॉम, प्रथम के छात्र युवराज को मिस्टर फ्रेशर व बी.ए. प्रथम की छात्रा अनु को मिस फ्रेशर चुना गया। इस समारोह में महाविद्यालय के छात्रों ने आपसी तालमेल, भाईचारे और स्नेह का परिचय दिया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यकारी प्राचार्य सन्नी नेगी ने छात्र एवं छात्राओं को शुभ संदेश दिया और छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में सहायक प्रोफेसर डुमेश कुमार, प्रवीण कुमार, निशा एवं प्रियंका भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# एचआरटीसी की बसें रास्ते में हो रहीं खराब, यात्री परेशान

**ओपी शर्मा, चंबा**

हिमाचल पथ परिवहन निगम डिपो चंबा में बसों के बीच रास्ते में रुकने का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। यहां पर आए दिन पुरानी और खटारा बसें बीच रास्ते में ही सवारियों को लेकर खराब हो रही है। आलम यह है की जगह-जगह रास्ते में खड़ी बसें विभाग की कार्यप्रणाली पर भी की सावलिया निशान खड़े कर रही हैं।

लॉन्ग रूट की बसें भी बीच रास्ते में ही खड़ी होना शुरू हो गई है और साथ ही लोकल रूटों पर भेजी जाने वाली बसें भी जगह-जगह खड़ी होकर विभाग की कार्यप्रणाली को चिढ़ा रही है। चंबा भरमौर रूट पर मौजूदा समय में दो से तीन बसें पिछले कई दिनों से बीच रास्ते में खड़ी होकर अपनी दास्तां बयां कर रही है। निगम की बसों के बीच रास्ते में खराब होने के कारण इनकी कार्य प्रणाली पर भी की तरह के सवाल उठाने शुरू हो गए हैं।

जानकारों की माने तो स्पेयर पार्ट्स न होने के कारण इस तरह की समस्याएं आ रही है, लेकिन






सड़क किनारे खड़ी एचआरटीसी की बसें।

विभाग की लापरवाही के कारण आए दिन सवारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो वहीं पर अब यात्री सरकारी बस में सफर करने से भी कतराने लगे हैं। निगम द्वारा लगातार पुरानी व खटारा बसों को सड़क पर दौड़ने के कारण यात्रियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस तरह के वीडियो सोशल मीडिया पर अक्सर खूब वायरल हो रहे हैं।

### मणिमहेश यात्रा के दौरान निगम ने कमाया 55 लाख से अधिक का मुनाफा

**मणिमहेश** यात्रा के दौरान निगम की बस ने इस बार रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। हालांकि इस दौरान भी निगम की बसों ने कई बार सवारियों को बीच रास्ते में ही छोड़ा है। आलम यह है की बीच रास्ते में ही यह बसें खराब होकर कई दिनों तक विभाग की कार्यप्रणाली को खड़ी होकर दर्शा रही हैं। अब सवाल यह है कि जहां पर बसों के रूट से कमाई हो रही है बावजूद इसके हर मोड़ पर आए दिन खराब बसें देखने को मिल रही। बहरहाल निगम की इस तरह की कार्यपाली की चारों तरफ खूब चर्चाएं हो रही है

## कुगती में मोबाइल सिग्नल न होने से लोग परेशान

**भरमौर।** भरमौर के कुगती में मोबाइल टावर लगने के बाद भी लोगों की फोन पर बात नहीं हो पाती है यहां पर मोबाइल का सिग्नल बहुत ही कमजोर होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गौरतलब है यहां पर हर साल लाखों श्रद्धालु प्रसिद्ध कार्तिक स्वामी मंदिर के दर्शन के लिए जाते हैं। लेकिन मोबाइल सिग्नल न होने के कारण लोगों की एक दूसरे से बात नहीं हो पाती है।

यहां पर हर वर्ष देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। लेकिन मोबाइल सिग्नल न होने के चलते यहां पर डिजिटल पेमेंट के लिए भी लोगों को काफी परेशानियां आती है हालांकि कंपनी ने यहां पर एक टावर लगाया भी है जिसे केवल 40 फोन ही चल पाते हैं।

स्थानीय निवासी शिशु कुमार अशोक कुमार प्रदीप कुमार केवल सिंह अनुवाला में कहा है कि यहां पर कंपनी ने एक टावर तो लगाया है लेकिन सिग्नल बहुत ही कम होने के चलते यहां पर लोगों की एक दूसरे से बात नहीं हो पाती है लिहाजाजी टावर शोपीस बनकर रह गया है।

# पठानकोट-भरमौर एनएच पर पुलों का निर्माण अंतिम चरण पर



एनएच के चले हुए कार्य का दृश्य।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर शीघ्र ही तीन नए बड़े पुल बनकर तैयार हो जाएंगे। बड़ी परियोजनाओं के तहत बन रहे इन पुलों के बन जाने के बाद पठानकोट भरमौर नेशनल हाईवे की दूरी भी थोड़ी कम हो जाएगी।

हालांकि इस कड़ी में बत्ती हटी के समीप एक पुल बनकर पूरी तरह से तैयार भी हो गया है। इस कड़ी में धरवाला के पास दूसरा पुल का निर्माण अंतिम पडाव में है। गौरतलब है पठानकोट भरमौर नेशनल हाईवे पर चंबा से लेकर भरमौर तक तीन बड़े पुलों का निर्माण प्रस्तावित है। बरसात व बारिश के दिनों में इन नालों में भारी पानी आ जाने के कारण कई घंटे तक सड़क बंद हो जाती थी। वहीं पर कई बार बड़ी गाड़ियां तंग मोड होने के चलते यहां पर लटकती रहती थी। जिसको लेकर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने यहां पर तीन नए पुलों के निर्माण को स्वीकृति दी थी। कयास लगाए जा रहे हैं कि जल्द ही इन पुलों का उद्घाटन हो जाएगा। विभाग की माने तो आने वाले दो महीनों ने के भीतर सभी पुल बनाकर पूरी तरह से तैयार हो जाएंगे और वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी।

बहरहाल बग्गा से लेकर खड़ा मुख तक पठानकोट भरमौर मार्ग की दुर्दशा को लेकर विभाग व प्रशासन के ऊपर कई सवालिया निशान उठ रहे हैं। जगह-जगह कच्ची सड़क वह गढ्डे पड़े होने के कारण यहां से गुजरने वाले वाहनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# स्वयंसेवकों ने किया योगासन व प्राणायाम अभ्यास

**अनंत ज्ञान चंबा**

सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाट में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने विद्यालय में सुबह योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया।

योग प्रशिक्षक प्रवक्ता अंग्रेजी विक्रम वर्मा ने स्वयं सेवकों से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग को नियमित रूप से जीवन का अभिन्न अंग बनाने को प्रेरित किया।

विद्यालय में वित्तीय साक्षरता के अंतर्गत हिमाचल ग्रामीण बैंक शाखा चम्बा की प्रबंधक शमा मिर्जा ने इस मौके पर बच्चों को बैंक द्वारा प्रायोजित अनेक योजनाओं की जानकारी प्रदान की और वर्तमान समय में अपने आप



स्वयंसेवक योगासन व प्राणायाम अभ्यास करते हुए।

को वित्तीय ठगी का शिकार होने से बचने हेतु भी जागरूक होने का संदेश दिया।

शिविर के दौरान स्वयं सेवकों ने श्रमदान भी किया और आसपास के क्षेत्र में सफाई भी की। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य हुसैन शाह और कार्यक्रम अधिकारी अमिता नैय्यर के साथ अन्य अध्यापक और स्वयंसेवी उपस्थित रहे। 7 दिनों तक चलने बल्कि इस शिवर के दौरान अलग-अलग दिन बच्चों से अलग-अलग एक्टिविटीज करवाई जाएगी।

# 7 वर्ष बाद भी गलथन-मासू सड़क का नहीं हुआ निर्माण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

कार्य आवंटन होने के 7 वर्ष भी जाने के बाद भी गलथन मासू सडक का निर्माण नहीं हो पाया है। जगह-जगह कच्चा रोड व तंग मोड यहां पर सड़क हादसे को न्योता दे रहे हैं। 4 किलोमीटर लंबी सडक पर अभी तक कच्ची नालिययों का नमोनिशान नहीं है। जानकारी के अनुसार यह सड़क वर्ष 2017 में स्वीकृत हुई थी।

विभाग ने इस सड़क निर्माण की नई सीमा वर्ष 2019 रखी हुई थी। लेकिन 7 वर्ष की जाने के बाद भी अभी तक इस सड़क का निर्माण सही हो पाया है। जगह-जगह तंग मोड व कच्ची सड़क यहां पर आए दिन हादसों को न्योता दे रही है। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा स्वीकृत सड़क का निर्माण न होने




के कारण यहां के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान ग्राम पंचायत छतराडी मंहदो राम ने कहा है कि इतने बरस बीत जाने के बाद भी इस सड़क का सही निर्माण न होने के कारण विभाग की कार्यप्रणाली पर कई सवालिया निशान उठ रहे हैं रहे हैं।

उन्होंने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस लड़की सुध ली जाए ताकि यहां आने जाने के लिए लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। हालांकि मेले के दौरान यहां पर पहुंचे हिमाचल प्रदेश उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानीयां के समक्ष लोगों ने इस सड़क निर्माण को जल्द से जल्द पूरा करने व पक्का करने की मांग प्रमुखता के साथ उठाई थी जिस पर केवल सिंह पठानिया ने विभाग को जल्द से जल्द इस पर उचित कार्रवाई करने का आदेश दिए थे

अधिशासी अभियंता मंडल भरमौर मीत कुमार शर्मा ने कहा है कि इस सड़क निर्माण के लिए अतिरिक्त धन का प्रावधान हो गया है जिसके तहत लगभग 1 किलोमीटर तक सड़क को पक्का कर दिया जाएगा। जिसके लिए काम जोर जोर से चला हुआ है। बजट का प्रावधान होने पर शेष बचे भाग को भी जल्द से जल्द पूरा कर दिया जाएगा।

# सलूणी में सांसद हर्ष महाजन ने किया कामधेनु चेयर का शुभारंभ

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

चंबा जिले को आकांक्षी जिले से प्रेरणात्मक जिले में बदलने के प्रयास की कड़ी में राजकीय महाविद्यालय सलूणी में सांसद हर्ष महाजन द्वारा कामधेनु चेयर का औपचारिक शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि महोदय एवं अन्य मेहमानों ने सबसे पहले महाविद्यालय परिसर में पौधा लगाया। कामधेनु चेयर राजकीय महाविद्यालय सलूणी एवं इनडो यूरोपियन चैंबर ऑफ स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज द्वारा संचालित कामधेनु चेयर के बीच हुए समझौता ज्ञापन के परिणामस्वरूप गठन किया गया है।

हाल ही में 14 सितंबर को यह एमओयू साइन किया गया था और एक सप्ताह के भीतर सांसद हर्ष




हर्ष महाजन को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

महाजन ने औपचारिक उद्घाटन भी कर दिया। इस उपलक्ष्य पर उनके साथ डीएस ठाकुर, विधायक डलहौजी विधान सभा क्षेत्र, धीरज नरयाल, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, विनीत विज जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, कार्यकर्ता रशीद मालिक तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस चेयर का उद्देश्य समझाते हुए चैंबर के सचिव मनोज सिंह ने बताया कि कामधेनु चेयर का उद्देश्य युवाओं के मन में उद्यमशीलता का पोषण करना है ताकि आकांक्षी जिला चंबा को भारत का प्रेरणादायक जिला बनाया जा सके। प्राचार्य डॉ. महिंदर कुमार सलारिया ने कामधेनु चेयर के महत्व के बारे में बताते हुए हर्ष महाजन एवं अन्य को बताया कि इस चेयर का उद्देश्य विकास खंड सलूणी की सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामीण उद्यमिता का सृजन करना और छात्रों को तैयार करना है। इसके लिए महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्रों को प्राथमिक अनुसंधान पर आधारित रिसर्च असाइनमेंट दी जाएगी जिसका मुख्य उद्देश्य पूरे ब्लॉक में उपलब्ध संसाधनों की मैपिंग की जाएगी एंड इकट्ठे किए गए डाटा को वैज्ञानिक ढंग से प्रोसेस करके प्रशासन एवं केंद्र और राज्य सरकार को भेजा जाएगा जिस पर अंत में कार्य योजना त्यार कर के इसे कार्यान्वित किया जाएगा। हर्ष महाजन ने महाविद्यालय द्वारा लिए जा रहे इनिशिएटिव को सराहा और अपना पूर्ण सहयोग का वादा किया।

## जिला परिषद चंबा की बैठक में गूंजेगा सड़कों का मुद्दा

**चंबा।** जिला परिषद चंबा की अध्यक्ष डा. नीलम कुमारी ने कहा कि 27 सितंबर को जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक का आयोजन बचत भवन में किया जा रहा है। इस बैठक में हर बार की तरह इस बार भी जन समस्याओं को प्रमुखता से सदन में उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़कें हमारे भाग्य की रेखाएं हैं, लेकिन जिला चंबा के कई गांव आज भी सडक़ सुविधा से वंचित हैं।

सड़क सुविधा न होने के कारण लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। सड़क न होने के कारण शिक्षण एवं स्वास्थ्य संस्थानों में कई पद वर्षों से रिक्त चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक गांव-गांव तक सड़क नहीं पहुंचेगी तब तक जिले से पिछड़ेपन के दाग को नहीं मिटाया जा सकता है।

# खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेले : ठाकुर

**अनंत ज्ञान, बंजार**

सैंज के साथ लगते शलबाड़ में शायरी मेले के उपलक्ष्य पर ढाका मैदान में स्थानीय खेल प्रेमियों द्वारा वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आई 18 टीमें हिस्सा ले रही हैं। बंजार भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश ठाकुर ने रविवार को वॉलीबॉल प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इससे पूर्व उन्होंने वॉलीबॉल प्रतियोगिता के पहले मैच में हिस्सा ले रहे युवा खिलाड़ियों को जीत के प्रति प्रोत्साहित किया तथा रिबन काट कर मैच का आगाज करवाया।

प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों व आयोजकों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ओम प्रकाश ठाकुर ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में खेल में युवा



वॉलीबॉल प्रतियोगिता के खिलाड़ियों के साथ भेंट करते हुए मुख्यातिथि।

अपना कैरियर अन्य क्षेत्रों की तुलना में खेल के क्षेत्र में भव्य बना सकते हैं। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि खिलाड़ियों को मैच में खेल की भावना के साथ खेलना चाहिए। खेलों से शारीरिक व मानसिक तनाव भी खत्म होता है।

भाजपा नेता ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वह जिस किसी खेल से भी सम्बंध रखते हो मगर खेल का अभ्यास निरंतर जारी रखें और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रयास करें। इस मौके पर प्रतियोगिता के आयोजन कर्ता ने मुख्य अतिथि का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया तथा उन्हें टोपी व शाल पहना कर कुल्लवी परम्परा के साथ सम्मानित किया।

पहला मैच तरेहड़ा व न्यूली के बीच खेला गया जिसमें तरेहड़ा की टीम विजय रही। भाजपा नेता ओम प्रकाश ठाकुर ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता के पहले मैच में विजेता व उपविजेता टीम को बधाई दी।

## सूडोकु 0065

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0064 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

23 सितंबर, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** अमांत भाद्रपद, **तिथि** षष्ठी :(01:52): **नक्षत्र** रोहिणी (10:07), **पक्ष :** कृष्ण **योग:** सिद्धि (3:08) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:48-12:37), **राहुकाल** (07:40 -9:11)।

**विशेष दिन**

- 23 सितंबर 2024 : विषुव दिवस आज।
- 23 सितंबर 2024 : किशोर जागृति दिवस आज।

**मेष:** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आपका आज का दिन परोपकार और सद्भावनाओं में बीतेगा।

**वृषभ:** आज का दिन बहुत शुभ है। आज आपको वाद-विवाद में अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी वाणी किसी को मोहित करेगी और वह आप के लिए लाभदायी रहेगा।

**मिथुन:** आपको आज संभलकर चलने की आवश्यकता है। खासकर भावना और संवेदनशीलता में बहकर स्त्रीवर्ग से सम्बंध बनाने से आपको बचना होगा।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए अच्छा है। आज आप प्रफुल्लितता का अनुभव करेंगे। नए कार्य का आरंभ भी आज कर सकते हैं।

**सिंह:** आपके लिए आज का दिन बहुत शुभ है। आज आर्थिक लाभ होने के संकेत मिल रहे हैं। परिवारजनों के साथ आप अ%छी तरह से समय बिता सकेंगे।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आप वाक्चातुर्य से मीठे सम्बंध बना सकेंगे, जो कि भविष्य में आपके लिए लाभदायी सिद्ध होंगे।

**तुला:** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कुछ कार्यों में सफलता मिलेगी, लेकिन उन्हें सावधानी पूर्वक शुरू करने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक:** आज का दिन शुभ है। आर्थिक लाभ के संयोग बन रहे हैं। मित्रों के साथ भेंट होगी तथा उनके साथ घूमने-फिरने, आनंद-प्रमोद करने में खर्च होगा।

**धनु :** आज का दिन बहुत अच्छे से बीतेगा। आज आपकी यश, कीर्ति और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में उच्च पदाधिकारी खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। बौद्धिक कार्य या साहित्य लेखन जैसी प्रवृत्तियों के लिए आज अनुकूल दिन है।

**कुंभ:** आज का दिन आपके लिए प्रतिकूल रहेगा। आपको आज निषेधात्मक कार्यों और नकारात्मक विचारों से दूर रहना होगा। अन्यथा मुसीबत में पड़ सकते हैं।

**मीन:** दैनिक कार्यों से बाहर निकलकर आज आप घूमने-फिरने और मनोरंजन के पीछे समय बिताएंगे। स्वजनों तथा मित्रों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं।

# अनूठे स्वाद एवं खनिज तत्वों से भरपूर पहाड़ी व्यंजन पचौले

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)**

क्योंथल क्षेत्र में कालांतर से हरी मक्की के पचौले बनाने की परंपरा बदलते परिवेश में भी कायम है। हरी मक्की से तैयार पचौले एक पहाड़ी व्यंजन है जोकि स्वादिष्ट ही नही अपितु अनेक खनिज तत्वों से भी भरपूर है। हरी मक्की को प्राय: भूटटे के तौर पर बड़े शौक के साथ खाई जाती है और यदि इसके साथ अखरोट का मिश्रण किया जाए तो इसका स्वाद दुगना हो जाता है।

ट्हाई गांव के वरिष्ठ नागरिक प्रीतम ठाकुर और मनोहर सिंह ठाकुर ने पचौले के बारे जानकारी देते हुए बताया कि पचौले तैयार करने के लिए हरी मक्की को छिलकर उसको ग्राईडर मशीन में





क्योंथल क्षेत्र में महिलाएं पहाड़ी व्यंजन पचौले के साथ

पीसकर पेस्ट बनाया जाता है जबकि अतीत में मक्की को हाथ से सील बटटे पर पीसकर पेस्ट तैयार किया जाता था। पचौले प्राय:दो प्रकार अर्थात मीठे और नमकीन बनाए जाते है। मीठे पचौले में गुड़ अथवा शक्कर के अतिरिक्त मीठी सौप, गरी इत्यादि का मिश्रण डाला जाता है जबकि नमकीन पचौले में आवश्यतानुसार नमक व अन्य मसाले मिलाए जाते है। पचौलों को अक्सर घी अथवा दही के साथ बड़े चाव के साथ खाया जाता है। उन्होने बताया कि अतीत में अनाज की कमी होने पर उनके बुजुर्ग खेतों से हरी मक्की तोड़कर लाते थे जिसके पचौले अथवा डणे बनाकर परिवार को खिलाते थे। इसके अतिरिक्त लोग कच्ची मक्की को उबालकर उसके पीसकर सत्तू भी बनाते है जिसे विशेषकर गर्मियों के मौसम मे लस्सी के साथ खेत में काम करने के दौरान खाते हैं।

आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. विश्वबंधु जोशी के अनुसार मक्का में फाईबर काफी मात्रा में उपलब्ध होता है जिसके उपयोग से शरीर में कॉलेस्ट्रॉल स्तर को सामान्य बनने के अतिरिक्त हृदय संबधी रोगों से भी बचाव रहता है। कालांतर से ग्रामीण क्षेत्रों में मक्की का उपयोग विभिन्न तरीके से काफी मात्रा में किया जाता रहा है परन्तु वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मक्की की रोटी और साग लोगों की बहुत बड़ी पसंद बन गई है।

## डबललेन ट्रैफिक के लिए बहाल हुआ पुंघ-नौलखा बाइपास

**सुंदरनगर।** कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर सुंदरनगर के पुंघ-नौलखा बाइपास पर शनिवार से डबल लेन ट्रैफिक शुरू होने से वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है। इससे पूर्व किरतपुर से मंडी-मनाली जाने वाले वाहन चालकों को एनएच के पुराने सुंदरनगर शहर बाजार की सडक़ को प्रयोग करते हुए नौलखा में फोरलेन सड़क से मिलते हुए जाम और गाड़ियों की भीड़ से दो चार होना पड़ रहा था। गौरतलब रहे कि पुंघ-नौलखा बाइपास पर अति आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु निर्माण कंपनी ने सुंदरनगर से पुंघ जाने वाले बाईपास सड़क पर ट्रैफिक वन वे किया हुआ था।

# रुंझ गांव की महिलाओं ने खलियार में छोड़ा बेसहारा गो धन

**पुष्पराज, मंडी**

मंडी नगर निगम जहां शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में भरपूर प्रयास कर रहा है वही पशुओं सुरक्षा हेतु बेसहारा पशुओं को मैगल गोशाला में भी भर्ती करवाने के लिए अनुदान देता है। लेकिन मैगल गौ सदन में अब और पशु भर्ती करने की जगह नहीं है। वही, बीते 2 दिन पूर्व रुंझ गांव की कुछ महिलाओं द्वारा बेसहारा पशुओं को नगर निगम क्षेत्र खलियार में छोड़ दिया।

लोगों को पता चलते ही इसकी जानकारी पुलिस को दी और



पुरानी मंडी में बेसहारा गो धन, सड़कों पर हादसों को न्योता।

महिलाओं से उनके दूरभाष नंबर लेकर उन्हें छोड़ दिया। लेकिन अब यह बेसहारा पशु नगर निगम क्षेत्र के लिए समस्या बन गए है। शहर में और सड़कों पर कोई भी हादसा हो सकता है। वाहन चालकों और अन्य लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### 2 दिन पहले खलियार में पशु छोड़े गए : वीरेंद्र

**नगर** निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में बीते 2 दिन पहले खलियार में पशु छोड़े गए है। नगर निगम द्वारा उनके कॉन्टेक्ट नंबर लिया गया है सोमवार को महिलाओं को इस मामले में नगर निगम बुलाया जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### पशुओं को बेसहारा छोड़ना क्रूरता भरा कार्य : हरीश

**धर्म** संघ श्री भूतनाथ मंदिर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश वैद्य ने बताया कि सनातन धर्म में गया को गो माता कहा जाता है और पूजन किया जाता है। घर में गौ धन होने से सकारात्मक आती है और गाय के गोबर से टीवी जैसी बीमारी भी खत्म हो जाती है और गौ माता के गुणों का आयुर्वेद में व्याख्यान किया गया है।

जब तक गया दूध देती है और बैल खेतो में हल जोतता है तब तक लोग मतलब के लिए उन्हें रखते है और बाद में छोड़ देते है। यह बहुत ही क्रूरता भर कार्य है पशुओं को बेसहारा छोड़ना घोर पाप है।

जो व्यक्ति अपना लक्ष्य तय नहीं कर सकता, वह जीत भी नहीं सकता। -चाणक्य

## संपादकीय

# झटके पर झटका

आर्थिक तंगी से जूझ रही हिमाचल की सुक्खू सरकार राजस्व बढ़ाने के लिए नित नए फैसले ले रही है। बिजली उपभोक्ताओं को झटका देने के बाद सरकार ने पानी और सीवरेज के रेट भी बढ़ा दिए हैं। नई दरें पहली अक्तूबर से लागू हो जाएंगी। कांग्रेस सरकार पूर्व जयराम सरकार के एक-एक फैसले को पलट रही है। तर्क यह दिया जा रहा है कि पूर्व सरकार ने जाते-जाते वोट की खातिर लोगों को लुभाने के लिए लोक लुभावनी घोषणाएं की थीं, जिसका खामियाजा वर्तमान सरकार को आर्थिक संकट के रूप में भुगतना पड़ रहा है। सरकार के फैसले के अनुसार ,अब ग्रामीण इलाकों में भी पानी और सीवरेज का बिल वसूला जाएगा। हर माह पानी के एक कनेक्शन के लिए उपभोक्ताओं को न्यूनतम 100 रुपए तो चुकता करने ही होंगे और इसके अलावा जो अतिरिक्त पानी खर्च होगा उसका अलग से बिल आएगा।

100 रुपए पानी का बिल 50000 से अधिक वार्षिक आय वाले घरेलू उपभोक्ताओं को हर महीने देना होगा। इसके अलावा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी किलो लीटर के हिसाब से भुगतान करना होगा। हालांकि, विधवाओं निराश्रितों, अकेली महिलाओं, दिव्यांगजनों और अन्य कमजोर वर्गों सहित कुछ वंचित वर्गों के लिए मुफ्त पानी की सुविधा सरकार जारी रखेगी। शुल्कों के रूप में एकत्र होने वाली धनराशि का उपयोग सरकार पेयजल की क्वालिटी सुधारने में प्रयोग करेगी। पूर्व भारतीय जनता पार्टी सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले मई 2022 में ग्रामीण क्षेत्रों में मुफ्त पानी की सप्लाई करने का फैसला लिया था जिसके परिणाम स्वरूप जल शक्ति विभाग को भारी नुकसान हो रहा था। निश्चित रूप से वर्तमान सरकार के इस फैसले से अब जल शक्ति विभाग को 800 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित होगा। विपक्षी भाजपा अब सुक्खू सरकार के इस फैसले की कड़ी आलोचना कर रही है।

भाजपा का कहना है कि सरकार जानबूझकर उसके पूर्व में लिए गए फैसलों को पलट रही है। सरकार ने पानी के साथ सीवरेज कनेक्शन के लिए भी नए रेट तय किए हैं। सीवरेज का अतिरिक्त कनेक्शन लेने पर दोगुनी राशि वसूल की जाएगी। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए यह चार्ज 500 रुपए होगा, जबकि कमर्शियल के लिए 1000 तथा नॉन डोमेस्टिक नॉन कमर्शियल पर 2500 रुपए लिए जाएंगे। इसके अलावा शहरों और ग्रामीण इलाकों में सीवरेज पर वाटर चार्जेज के रूप में 30 प्रतिशत पैसा लिया जाएगा। हिमाचल में पानी के रेट बढ़ने से सरकार को अधिक राजस्व प्राप्त होगा, जिसे वह राज्य के विकास कार्यों में उपयोग कर सकती है। पानी के रेट बढ़ने से लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सकता है, जिससे जल संसाधनों का दुरुपयोग कम हो सकता है।

बढ़े हुए रेट से सरकार जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार कर सकती है, जैसे कि पाइप लाइनों की मरम्मत, जल शोधन संयंत्रों की स्थापना आदि। सरकार जल संसाधनों के विकास पर अधिक ध्यान दे सकती है, जैसे कि जल संचयन तथा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण आदि। यही नहीं, आर्थिक विकास के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध हो सकते हैं, जिससे वह राज्य में औद्योगिक विकास, कृषि विकास आदि पर ध्यान दे सकती है। हालांकि, पानी के रेट बढ़ने से सरकार को नुकसान भी हो सकते हैं। गरीब और मध्यम वर्ग पर दबाव तो बढ़ेगा ही साथ ही जल की कमी वाले क्षेत्रों में समस्याएं भी बढ़ सकती हैं।

औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों पर भी प्रभाव पड़ता तय है। इसलिए, सरकार को पानी के रेट बढ़ने से पहले इन सभी पहलुओं पर विचार करना चाहिए था और आवश्यक उपाय करने चाहिए थे। बहरहाल, सरकार के इन फैसलों से आम जनता त्रस्त है, क्योंकि जब एक बार किसी को फ्री सुविधा की लत लग जाती है तो उससे वह सुविधा छिन जाने पर वह बहुत अधिक आहत हो जाता है। ऐसे में जनमानस के पास सरकार को कोसने के अलावा कोई उपाय शेष नहीं बचा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रदेश सरकार की आर्थिक हालत शीघ्र ही सुधर जाएगी और ये सुविधाएं दोबारा बहाल हो जाएंगी। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी और पंजाबी फिल्मों के अभिनेता

**प्रेम** चोपड़ा हिंदी और पंजाबी फिल्मों के भारतीय अभिनेता हैं। इन्होंने 50 से अधिक वर्षों के दौरान 320 फिल्मों में अभिनय किया है। प्रेम चोपड़ा ज्यादातर फिल्मों में खलनायक का अभिनय करते हैं। वर्ष 1973 में आई फिल्म 'बॉबी' प्रेम चोपड़ा के सिनेमा करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुई थी। भारतीय सिनेमा के पहले शोमैन राजकपूर के निर्देशन में बनी, इस फिल्म में वह एक मवाली गुंडे की एक छोटी-सी भूमिका में दिखाई दिए थे। इस फिल्म में उनका बोला गया यह संवाद 'प्रेम नाम है मेरा, प्रेम चोपड़ा' दर्शकों के जहन में आज भी ताजा है। प्रेम चोपड़ा का जन्म लाहौर, पंजाब, (अब पाकिस्तान) में हुआ था। प्रेम को भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध खलनायक के रूप में जाना जाता है। इनके पिता का नाम रणबीरलाल तथा माता रूपरानी चोपड़ा हैं। ये छह भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर आते हैं। प्रेम चोपड़ा के पिता सरकारी कर्मचारी थे। प्रेम चोपड़ा ने शिमला में शिक्षा प्राप्त की तथा पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातक किया है। इस दौरान वे नाटकों में भाग लेते रहते थे। प्रेम के पिता उन्हें डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन वे स्नातक करने के बाद मुंबई आ गए और जल्द ही भारतीय सिनेमा में एंट्री ले ली। इसी बीच कैंसर के चलते उनकी मां का निधन हो गया। इस दौरान उनकी बहन अंजू की उम्र महज 9 साल थी। अंजू की जिम्मेदारी अब प्रेम चोपड़ा, उनके अन्य चार भाई और पिता पर थी। प्रेम ने अंजू को अपनी पहली बेटी मान लिया और उनके पालन-पोषण में लग गए। ■



प्रेम चोपड़ा
जन्म : 23 सितंबर, 1935

## अपनी बात

**जितने** फायदे मॉर्निंग वॉक के हैं, उतने ही ईवनिंग वॉक के फायदे हैं, लेकिन लोगों को इसके फायदों के बारे पता नहीं है। शाम को वॉक करने से मोटापा कम होने के साथ नींद की समस्या भी दूर होती है और पीठ के वॉकिंग को अक्सर मॉर्निंग वॉक से कनेक्ट किया जाता है। यह सच है कि सुबह के समय वॉक करना सेहत के लिए फायदेमंद होता है, लेकिन ईवनिंग वॉक के भी फायदे कुछ कम नहीं हैं। सुबह बिजी लाइफस्टाइल के चलते शांत दिमाग से वॉक करना मुश्किल होता है, लेकिन शाम के समय आप आराम से वॉक कर सकते हैं। कई रिसर्च में भी ईवनिंग वॉक के हेल्थ बेनिफिट्स देखे गए हैं। यह वेट लॉस से अच्छी नींद पाने तक में मददगार है। ईवनिंग वॉक के क्या हेल्थ बेनिफिट्स हैं और आपके लिए इसके क्या फायदे हैं, यहां जान सकते हैं। जो लोग वेट लॉस करना चाह रहे हैं, उनके लिए भी ईवनिंग वॉक के बहुत फायदे हैं। ईवनिंग वॉक से भी फास्ट कैलोरी बर्न की जा सकती है। रोजाना वॉक करने से आपका मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है, जिससे फैट बर्न होने लगता है। बॉडी में जितना भी एक्स्ट्रा फैट होता है, वो पसीने के रूप में बाहर आ जाता है। सुकून भरी नींद से लेकर वेट लॉस तक, फायदों की सौगात है शाम को घूमना **रमना, घणा**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# जलवायु परिवर्तन से पड़ रही प्राकृतिक आपदाओं की मार

विगत दो-तीन महीनों से देश के कई राज्य प्राकृतिक आपदाओं की मार झेल रहे हैं। गुजरात, महाराष्ट्र, केरल, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर, दिल्ली, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में भारी बारिश और बादल फटने से बाढ़ एवं भूस्खलन से जनता त्राहिमाम है। बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान हुआ है। अब ऐसी प्राकृतिक आपदाएं इन राज्यों के लिए सामान्य बात हो चुकी हैं। पिछले कुछ वर्षों से उन राज्यों में भी अतिवृष्टि एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं की घटना तेजी से बढ़ी है जहां कुछ वर्ष पहले तक प्राकृतिक आपदाएं न के बराबर आतीं थी। पहाड़ों पर आए दिन असमान बारिश, बादल फटना, भूस्खलन, ग्लेशियर पिघलना, जंगलों में आग लगने जैसी प्राकृतिक आपदाओं में तेजी से वृद्धि हुई है तो वहीं उन राज्यों में बेतहाशा बारिश होने लगी है, जिन राज्यों को कुछ साल पहले तक सूखे की मार झेलनी पड़ती थी। राजस्थान और गुजरात जैसे सूखे प्रदेशों में अब बेतहाशा बारिश होने लगी है तो वहीं बिहार, बंगाल, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों का बड़ा हिस्सा सूखे की मार झेलने को विवश हो रहा है।

मैदानों में अतिवृष्टि, अनावृष्टि, चक्रवात, तूफान, बाढ़, सूखा, ओले गिरना और पाला पड़ने जैसी प्राकृतिक आपदाओं में भी असमानता देखी जा रही है। वैज्ञानिकों ने मौसम में इस तरह के अप्रत्याशित बदलाव का कारण जलवायु परिवर्तन को माना है और इस जलवायु परिवर्तन का कारण वैश्विक तापमान में वृद्धि को जिम्मेदार बताया है। दुनिया पिछली शताब्दी के मध्य से जलवायु परिवर्तन के दंश को झेल रही है। 18वीं शताब्दी के मध्य यूरोप में शुरू हुए औद्योगिकरण के बाद बड़े पैमाने पर जीवाश्म ईंधनों का इस्तेमाल किया जाने लगा, तो वहीं द्वितीय विश्व युद्ध के बाद डीजल और पेट्रोल के वाहनों के इस्तेमाल में बेतहाशा वृद्धि हुई। जिसके परिणामस्वरूप पृथ्वी पर कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा में तेजी से वृद्धि हुई।

जिससे पृथ्वी पर हरित गैसों की मात्रा गई गुना बढ़ गई। हरित गैसों की मात्रा बढ़ने से पृथ्वी के तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि होने लगी और आज स्थिति यह है कि पिछली सदी के मुकाबले धरती के तापमान में लगभग 1.1 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो चुकी है। आज हालात यह है कि वैज्ञानिकों ने दुनिया को यह कहते हुए आगाह किया है कि आने वाले वर्षों में बड़ी से बड़ी प्राकृतिक आपदाएं आ सकती हैं जिनसे भीषण तबाही मच सकती है। पिछले कुछ दशकों में धरती के तापमान में तेजी से वृद्धि हुई है जिसकी वजह से ऐसी प्राकृतिक आपदाओं में असमान वृद्धि हुई है। पर्यावरण में इस तेजी से हो रहे बदलावों से कई देशों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। पिछले दो-तीन शताब्दियों में जिस तेजी से पूंजीवाद का प्रसार हुआ है उसी तीव्रता से औद्योगिकरण का प्रसार भी हुआ है। आज पूंजीवाद ने संपूर्ण विश्व में पांव पसार लिया है और जिसने दिखावे की एक ऐसी संस्कृति को जन्म दिया है जहां अधिक से अधिक उत्पादन पर बल दिया जाता है चाहे उसके लिए संसाधनों का बेतहाशा दोहन ही क्यों न करना पड़े। अनियंत्रित एवं निरर्थक उत्पादन ने कार्बन उत्सर्जन को कई गुना तक बढ़ा दिया है। साथ ही धरती पर उपलब्ध हरित गैसों की मात्रा को भी बढ़ा दिया। कार्बन डाईऑक्साइड, मीथेन, ओजोन, नाइट्रोजन ऑक्साइड और सीएफएफसी जैसे ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में भारी वृद्धि हुई और इसके परिणामस्वरूप आज विश्व जलवायु परिवर्तन की विभीषिका को झेल रहा है।



लेखक : डॉ. अतुल वैभव
असिस्टेंट प्रोफेसर, दिल्ली विवि

जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से मौसम में असमान उतार-चढ़ाव में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। कार्बन उत्सर्जन में चीन, अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के बाद भारत का स्थान आता है। अकेले चीन दुनिया का 30 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन करता है तो वहीं अमेरिका 15 प्रतिशत, और यूरोपीय यूनियन 9 फीसदी उत्सर्जन करता है। उत्सर्जन में भारत की हिस्सेदारी लगभग 7 की फीसदी है। कार्बन उत्सर्जन का सर्वाधिक बड़ा कारक औद्योगिक गतिविधियां हैं। परिवहन एवं कृषि क्षेत्र और जीवाश्म ईंधन के जलने से भी भारी मात्रा में कार्बन उत्सर्जन होता है। वातावरण में हरित गैसों की मात्रा बढ़ने से इसका प्रभाव जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ, महासागरीय अमलीकरण, समुद्र जलस्तर में बढ़ोतरी, जैव विविधता के ऊपर भी पड़ता है। सन् 1880 ई. के बाद से औसतन समुद्र का जलस्तर आठ इंच तक बढ़ चुका है। नतीजतन समुद्र किनारे बसे दुनिया के कई शहर डूबने के कगार पर हैं या फिर भविष्य में उनके डूबने की संभावना है। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पर डूबने का खतरा मंडरा रहा है।

भारत के भी कई तटीय क्षेत्रों पर डूबने का खतरा मंडरा रहा है। जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और खतरों को कम करने के लिए दुनिया के तमाम संगठन कार्य कर रहे हैं। पिछली सदी के आखिरी दशक में सन् 1992 में रियो डी जेनेरियो में जलवायु परिवर्तन के इन्हीं खतरों को भांपते हुए और इससे दुनिया को बचाने के लिए 170 देशों ने पृथ्वी शिखर सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें यूएनएफसीसीसी (यूनाइटेड नेशन्स फ्रेमवर्क कन्वेंशन्स ऑन क्लाइमेट चेंज) का गठन किया गया और यह तय किया गया कि यूएनएफसीसीसी के सदस्य राष्ट्र जलवायु संबंधित चिंताओं और उनके समाधान के लिए कार्ययोजनाओं पर चर्चा करेंगे। इसी कड़ी में सन् 1995 ई. से कोप (कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़) सम्मेलन की शुरुआत हुई और सन् 2015 में इसके 21वें (कोप-21) सम्मेलन में पेरिस समझौता पारित किया गया जिस पर एक साथ 177 देशों ने हस्ताक्षर किए (आज देशों की संख्या 195 है)। डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर करने से अलग कर लिया था, परंतु बाद में जब जो बाइडेन राष्ट्रपति बने तब उन्होंने अमेरिका को समझौते में शामिल कर लिया।

इस समझौते के चार प्रावधान हैं जिनमें पहला वैश्विक तापमान को औद्योगिक क्रांति से पहले के स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस नीचे रखना। दूसरा मानवीय कार्यों से होने वाले ग्रीन-हाउस गैसों के उत्सर्जन को इस स्तर पर लाना कि पेड़, मिट्टी और समुद्र उसे प्राकृतिक रूप से सोख लें। तीसरा हर पांच वर्ष में गैस उत्सर्जन की कटौती में प्रत्येक देश की भूमिका की प्रगति की समीक्षा करना और चौथा विकासशील देशों के लिए जलवायु वित्तीय सहायता के लिए 100 अरब डॉलर प्रति वर्ष देना और भविष्य में इसे बढ़ाने के प्रति प्रतिबद्धता दिखाना है। जलवायु परिवर्तन से पृथ्वी को बचाना किसी एक देश के बस की बात नहीं है बल्कि पूरी दुनिया को एक साथ मिलकर सामूहिक तथा जन भागीदारी से ही धरती के तापमान को कम करके विनाशकारी प्राकृतिक आपदाओं को होने से रोका जा सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# आंखों के या अक्ल के अंधे

यह एक महज कहावत ही नहीं, बल्कि हम सबको आंखों के होते हुए भी अंधे होने की परिभाषा को बखूबी समझाती आई है बरसों से। लो देखिए घर से निकले ही थे कि किसी ने पूछ लिया 'भई कहां जा रहे हो?' और फिर जवाब भी खुद ही दे देते हैं 'अच्छा तो बाजार जा रहे हैं' अब सोचिए जरा यह क्या बात हुई। खुद ही पूछते हैं और स्वयं ही अपना उत्तर भी दे देते हैं।

हमें कहने का अवसर भी नहीं देते। एक दूसरा और पक्ष देखिए, हमारे घर रोज मिलने जुलने वाले लोग अक्सर आया जाया करते हैं। हम फूलों की क्यारियों में या दूसरे पौधों को पानी देने में मसरूफ यानी व्यस्त हैं तो पूछ ही लेंगे 'क्या कर रहे हो भाई' अरे भैया दिखता है न कि पौधों में पानी दे रहे हैं तो भला इसमें पूछने की क्या बात हुई। ऐसे बहुत सारे लोग हमें रोजमर्रा की जिंदगी में मिल ही जाते हैं। जिन्हें हम आंखों का अंधा होना ही कहते हैं । मेरी दादी मां जी की चरखा कातने की दिनचर्या थी। प्राय: बरामदे में बैठे हुए वह सूत काता करतीं। पड़ोस की महिलाएं अक्सर उनके पास बैठतीं बतियातीं। 'क्या कर रही हो अम्मा' एक दिन दादी से यह पूछ लेने भर से ही दादी जी की जो झिड़कियां उस महिला के खाते में गईं तो उनका चेहरा देखने लायक था। दादी गुस्से में भरकर मानों चीख पड़ी थी। 'दिखता नहीं है क्या चरखा कात रही हूं' मैंने यह सब होते हुए अपनी आंखों से देखा है। उस महिला की तो बात ही छोड़िए, कुछ देर के लिए तो मैं भी सकपका गया था दादी मां का गुस्सा देखकर। पिता जी पेशे से डॉक्टर हैं।



लेखक : राजेंद्र पालमपुरी
वरिष्ठ साहित्यकार

घर की बगल में ही उनका निजी क्लीनिक है। आस पड़ोस में सारे लोग जान पहचान के ही हैं। उनके एक पढ़े लिखे मित्र जिन्हें बस यही आदत है, आते जाते पिता जी से पूछ ही लेंगे 'ओर भाई डॉक्टर क्या हो रहा है' एक दिन पिता जी ने उन्हें क्लीनिक के अंदर से ही लताड़ लगाई 'यह क्या है मुरली जब देखो पूछते फिरते हो क्या कर रहे हो, क्या कर रहे हो , अरे भई डॉक्टर हूं तो मरीजों को ही ही देखूंगा न , आओ तुम्हे भी इंजेक्शन दिए देता हूं जो रोज रोज की बकबक छोड़ पता चल जाएगा कि मैं क्या कर रहा हूं।' हमें ऐसी आदतें अपने घर से भी मिलती हैं।

हमारे घर परिवार का जैसा माहौल होगा, हम वैसे ही बनते जाते हैं। अब देखिए ना अस्पताल में बीमारी के चलते हमारे किसी रिश्तेदार को देखने वालों का तांता लगा हुआ था। कुछ लोग तो आते और हल्की फुल्की सांत्वना देते हुए अपनी ओर से उन्हें कुछ खाने पीने का सामान देकर चलते बने, लेकिन कुछ ऐसे लोग भी उन्हें देखने आए जो डॉक्टरों से ज्यादा मुफ्त की सलाह मशविरों के साथ-साथ ही कुछ और बीमारियां भी मरीज के सामने गिनवाकर ही मरीज की जान छोड़ते और कुछ आते ही ढेरों सवाल पूछते 'ओह हो कैसे हुआ यह सब और कैसे हुआ, कैसे हो गया, अब क्या कहा है डॉक्टर ने' अब उन अकल के अंधों से कोई यह पूछे कि भला मरीज यह सब कैसे बताए तुम्हें। मरीज में तो बिस्तर से उठने की हिम्मत नहीं है । भला कोई पूछे ऐसे अकल के अंधों से कि आंखें होते हुए भी तुम अंधे क्यों बनते हो भईया ? होश में रहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## कविता



### जानवर तो फिर भी ठीक

*डॉ. कौमार्या मनोज*

*यह रास्ता, पगडंडियां, कहां जाते हैं देख लेना।*
*मंजिल को जाती तो ठीक,अन्यथा खुद को रोक लेना।।*
*क्या पता उस रास्ते, कुछ अनहोनी हो जाए।*
*या तो जानवर हो सामने , या लुटेरों से सामना हो जाए।।*
*जानवर तो फिर भी ठीक, लुटेरी नियत का क्या पता ।*
*जो इज्जत बचा कर निकले थे, सरे राह नीलाम न हो जाए।।*
*विद्यालयों में बच्चियां , सुरक्षित कहां हैं आजकल।*
*पता नहीं किस गीदड़ का ,कब बच्चें शिकार हो जाएं।।*
*खुद अर्जुन तुझको है बनना, खुद को सारथी बनाना है ।*
*नहीं आते अब बचाने कृष्ण ,तुम्हें खुद हथियार उठाना है।।*
*खुद की हिफाजत करनी है ,खुद को आगे बढ़ाना है।*
*मुबारक तुझको तेरा मुकद्दर, तुझे खुद को आजमाना है।।*

# देवभूमि में घुसपैठियों की रोकथाम बेहद जरूरी

देवभूमि अब दिनोंदिन घुसपैठियों की आरामगाह बनती जा रही, ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। सरकारी आंकड़ों अनुसार वर्तमान समय हिमाचल प्रदेश में प्रवासी रह रहे हैं। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि पंजीकृत प्रवासियों से कहीं अधिक अब भी गैर कानूनी गतिविधियों में संलिप्त हैं। प्रवासी लोग मजदूरी समेत कबाड़ खरीदने, सब्जी बेचने, आलू शोले, गोल गप्पे, आइसक्रीम, चारपाई बनाने तक का कारोबार कर रहे हैं। मोटर साइकिल बड़े वाहनों की तरह सरेआम इस्तेमाल करके तमाम नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। अवैध तरीके से रहने वाले लोग हिमाचल प्रदेश की जमीनों पर काबिज हो रहे हैं। सरकारी विभागों के अधिकारियों सहित प्रशासनिक अधिकारी अपनी जिम्मेदारियां सही निभाते तो ऐसे हालात कतई नहीं बनने थे।

बाहरी राज्यों के लोग आज हिमाचल प्रदेश में ड्रग्ज की तस्करी करके देवभूमि की साख खराब करने में लगे हैं। ऐसे लोग राज्य सरकार को बिना कोई राजस्व चुकाए गांवों में कई तरह का सामान बेचकर स्थानीय दुकानदारों का कारोबार चौपट कर रहे हैं। संजौली अवैध मस्जिद निर्माण को लेकर उत्पन्न हुआ विवाद खत्म होने की बजाए अब बढ़ता ही जा रहा है। हिमाचल प्रदेश के हिंदू संगठन बढ़ती अवैध घुसपैठ को लेकर सुख की सरकार से आर पार की लड़ाई लड़ने को आतुर हैं। हिंदू संगठनों के नेता आखिर प्रदेश सरकार के खिलाफ क्यों भड़क उठे समझने वाली बात है। विधानसभा चुनावों उपरांत सुख की सरकार के मुखिया ने मीडिया समक्ष हिमाचल प्रदेश की 97 प्रतिशत हिंदू विचारधारा को हराकर प्रदेश की सत्ता हासिल करने का बयान दिया था। ठीक तभी से हिमाचल प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह द्वारा दिए गए इस बेतुका बयान का सोशल मीडिया पर खासा विरोध देखने को मिलता रहा है। हिंदू संगठन नेताओं की ऐसी मंशा की प्रदेश सरकार की मिलीभगत से बाहरी लोग अवैध तरीके से हिमाचल प्रदेश में रह रहे हैं।

अन्यथा सरकारी मशीनरी अवश्य ही ऐसे लोगों खिलाफ कोई कार्यवाही करती। संजौली, मंडी और अब नेरवा में अवैध मस्जिद निर्माण और बाहरी लोगों की हिमाचल प्रदेश में बढ़ती घुसपैठ को लेकर हिंदू संगठनों ने प्रदेश सरकार को 10 दिनों के भीतर एनआरसी लागू करने की चेतावनी दी अन्यथा वह उग्र आंदोलन करेंगे। हिंदू संगठनों का मानना है कि गांव स्तर पर घुसपैठियों की आमद बड़ी है। राज्य सरकार ऐसे लोगों को सर्वप्रथम पूछे कि किस उद्देश्य से वह जहां डेरा जमाए हुए, उन्हें रोके अन्यथा जनता फिर उनसे अच्छी तरह निपटने को तैयार है। हिंदू नेताओं ने इस अभियान का नाम आरटीटी रखा है। सुरक्षा से कतई समझौत नहीं किया जा सकता है। संजौली अवैध मस्जिद निर्माण से उत्पन्न हुआ विवाद कुछेक नेता हिंदु, मुस्लिम से जोड़ रहे जो गलत बात, मगर हिमाचल प्रदेश में रहने वाले सभी प्रवासियों की जांच करना राज्य सरकार का काम है। गौरव का विषय कि हिंदू संगठन इस कार्य को करने के लिए राज्य सरकार को 10 दिनों का समय दिए हैं। लव जिहाद की घटनाएं अब पूरे देश में बढ़ रही हैं। हिंदू धर्म की लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाकर उन्हें मौत के घाट उतारने की कई घटनाएं घटित हो चुकी हैं।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

हिंदू संगठनों की सजगता भी फिर कैसे गलत ठहराई जा सकती है। सिर्फ हिंदू समाज की लड़कियों को मौत की नींद सुलाना चिंता का विषय है। हिमाचल प्रदेश के लोग चंद सिक्कों की खातिर अपने घर, दुकानें प्रवासियों को किराए पर देकर सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। सड़कों, पुलों नीचे, रेलवे स्टेशनों पर प्रवासी कहीं भी अपना तंबू गाकर वर्षों तक जीवन यापन करते हैं। पंचायत प्रतिनिधियों सहित स्थानीय प्रशासन पास ऐसे लोगों का कोई सही आंकड़ा और पहचान तक नहीं होती है। देवभूमि में प्रवासी बनकर रहने वालों के अधिकतर आधार कार्ड में जन्मतिथि एक समान होना गंभीर जांच का विषय है। आधार कार्ड आजकल रेबड़ियों की तरह बांटें जा रहे हैं।

आनलाइन प्रक्रिया में आधार कार्ड का सलंग्न बहुत बड़ी सुरक्षा में चूक है। मोबाइल नंबर, बैंक खाता, ईमेल तक आपस में लिंक हैं। ठीक इसी कारण साइबर अपराध बढ़ रहा है। हिमाचल प्रदेश उद्योगों में काम करने वाले कितने मजदूरों का आनलाइन आंकड़ा प्रदेश सरकार के पा है। हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण शांतप्रिय प्रदेश रहा है। वर्तमान समय में ड्रग्ज,चरस और अवैध शराब तस्करी का अड्डा बनकर उभर रहा है। पड़ोसी राज्यों की लड़कियों जरिये देवभूमि में जिस्मा फिरोशी का धंधा भी अपने पैर जमा चुका है। प्रदेश पुलिस रोजाना बाहरी राज्यों के लोगों को सरेआम ड्रग्ज तस्करी आरोप में गिरफ्तार कर रही है। श्रम विभाग ने कितने मजदूरों का पंजीकरण करके उन्हें पहचान पत्र मुहैया करवाए हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार गरीब आदमी को मिलने वाली तमाम सुविधाओं पर कैंची चलाने का अभियान् चलाए हुए है। सुख सरकार की मंशा की इससे वह राज्य को आर्थिक संकट से बाहर निकाल पाएगी। हिमाचल प्रदेश में बाहरी राज्यों से आकर रहने वालों का आनलाइन रिकार्ड अवश्य पुलिस के पास होना चाहिए। प्रवासियों की आंखें, हाथ की उंगलियां पुलिस टीम को अवश्य स्केन करके रखनी चाहिए। पुलिस माध्यम से प्रवासियों को पहचान पत्र उपलब्ध करवाए जाने पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनेगी।

प्रवासियों का आगमन राज्य सरकार की आय का बेहतरीन साधन बन सकता है। हिमाचल प्रदेश में आकर व्यवसाय करने वालों को राज्य सरकार लाइसेंस मुहैया करवाकर राजस्व भी कमा सकती है। कुछेक उद्योगपतियों द्वारा प्रवासियों को जानवरों से भी बदतर आवासों में रखने की व्यवस्था की जाती है। प्रवासियों का आवास ज्यादातर कच्चा रहता और इस कदर तंग होता है कि एक व्यक्ति सीधे खड़ा तक नहीं हो सकता है। खिड़की, दरवाजे और शौचालयों का कोई अता पता नहीं होता है। जमीन पर सोना मानों कुछेक प्रवासी मजदूरों का मुकदर बन चुका होता है। सूरज कब उगकर अस्त हो जाता ऐसे मजदूरों को कोई पता ही नहीं चलता है। उद्योगपतियों द्वारा ऐसे मजदूरों का जमकर शोषण किया जाता, मगर सरकारें इस तरफ ध्यान देना गवारा नहीं समझती हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# फितरती मानव के रोम-रोम में अहंकार, मानव को करुणा की दरकार

फितरती मानव के रोम-रोम में अहंकार भरा हुआ है, मानव को करुणा की दरकार है। अहंकार किसी का नहीं रहा अहंकारी औंधे मुंह गिरे हैं अहंकार का सिर नीचा होता है । इतिहास साक्षी है कि अहंकार में डूब चुके मानव एक दिन गुमनाम हो जाते हैं। गुमनामी के अंधेरे में जीने वाले लोगों को उजाला क्या मिला अपनी औकात ही भूल गए। फितरती लोग बहुत ही घातक होते हैं। इनका कोई दिन मान नहीं होता स्वार्थ खत्म पहचान खत्म फितरती लोगों की यही पहचान है। स्वार्थ के लिए कुछ भी कर सकते हैं। जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते है, परंतु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए, खासकर उन्हें जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हें दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला।

आप महसूस करेगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी महंगी होगी। मानव नंगा आता है नंगा ही चला जाता है इस संसार में जो पैदा हुआ है उसे एक दिन इस नश्वर संसार को छोड़ना ही है आधुनिक युग में जीवन मूल्यों में गिरावट समाज में विष घोल कुंठा उत्पन्न कर रही है तनिक लाभ के लिए लोग अपना जमीर बेच रहे हैं। मानव को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। कहते अपने ही काम आते है, मगर आज आदमी ही आदमी से नफरत कर रहा है। कुत्ते बिस्किट खा रहे हैं, मगर मानव भूख से त्रस्त है क्या मजाल की कोई भूखे को रोटी का निवाला दे। आदमी नरभक्षी बनता जा रहा है प्रतिदिन शराब, मांस, मदिरा का प्रयोग कर रहा है। इंसान फितरती होता जा रहा है। मानव विलासिता पर धन खर्च कर रहा है। सुख में तो सभी साथ होते है, मगर दुख में साथ छोड़ देते है। आदमी आज गिरगिटों की तरह रंग बदलता है। आज मानव मतलब निकल जाने पर पहचानने से इनकार कर देता है।



लेखक :नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

आज मानव ने भले ही कितनी प्रगति कर ली है मगर सोच वही सामंतवादी है। आदमी को सादगी व उच्च विचारों में विश्वास रखना चाहिए। अत: प्रत्येक इंसान की जितनी सहायता हो सके करनी चाहिए। ईमानदारी की हमेशा जीत हुई है। यह एक शाश्वत सत्य है। ईमानदार आदमी द्वारा समाज के लिए निस्वार्थ भाव से किए गए महान कार्यों के लिए समाज उसे युगों-युगों तक याद रखता है। ईमानदार आदमी अपने मानवता के लिए किए पुनीत कार्यों से अमर हो जाता है। ईमानदारों की मिसालें दी जाती है। ईमानदारी के रास्तें में मुसीबते बहुत है, लेकिन ईमानदारी से किए गए कार्यों के बाद जो खुशी होती है उसे करोडों रुपए से भी हासिल नहीं किया जा सकता। ईमानदार आदमी पहले दूसरों का भला सोचता है कि कौन असली जरूरतमंद है। ईमानदार समाज के हित में अपना जीवन समर्पित कर देता है। कहते हैं ईमानदारी से कमाया पैसा बरकत देता है।

ईमानदारी एक अच्छी नीति है। आज ईमानदार लोगों की खिल्ली उड़ाई जाती है। ईमानदारों के खिलाफ पड़यंत्र रचे जाते हैं, मगर ईमानदारों पर आंच नहीं आती। वर्तमान समाज में ईमानदारी पर बेईमानी हावी होती जा रही है, मगर बेईमानी औधें मुह गिर जाती है। सांच को आंच नहीं आती। ईश्वर भी ईमानदारों का साथ देता है। कहते हैं कि व्यक्ति को अपना अतीत नहीं भूलना चाहिए, भले ही आदमी कितनी ही ऊंचाइयां छू लें। आदमी को कभी भी किसी का निरादर नहीं करना चाहिए, प्रत्येक मानव का आदर-सत्कार करना चाहिए।

जीवन बार-बार नहीं मिलता है, समाज में बेईमानों का सत्यनाश हुआ है। खुदा के घर में देर है अंधेर नहीं है। आदमी को समय से डरना चाहिए क्योंकि वक्त का कोई पता नहीं कि कब कौन मिट्टी में मिल जाए। हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए, क्योंकि सच्चाई की सदा जीत हुई है। यह अटल सत्य है। समाज की रचना के लिए सादगीपूर्ण जीवन जीने की कोशिश करनी चाहिए। मानव को हमेशा समानता व एक समान व्यवहार करना चाहिए। क्योंकि जो आदमी भेदभाव करता है वह मानवता के नाम पर कलंक है। समय बहुत ही बलवान है वक्त के थपेड़ों से कोई नहीं बच पाया है। आधुनिक युग का गिरगिट इंसान दूसरों को अंधेरे में रखकर लोमड़ी की तरह चालाक बनने की कोशिश करता है। मगर कितनी भी चालाकियां कर लो, गिरगिटों वक्त हिसाब जरूर मांगेंगा। तब तुम पछताओगे, दया की भीख मांगोगें, मगर तब तक पाप का धड़ा भर चुका होगा। दया, दुआ काम नहीं आएगी। मानव नंगा आता है नंगा ही चला जाता है। इस संसार में जो पैदा हुआ है उसे एक दिन इस नश्वर शरीर को छोड़ना ही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### पीटीए की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



**अनंत ज्ञान, मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी की पेरेंट्स टीचर एसोसिएशन की आम सभा महाविद्यालय के डॉ. बीआर अंबेडकर भवन सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी की प्राचार्या प्रोफेसर सुरीना शर्मा की अध्यक्षता में अकादमिक सत्र 2024-25 के लिए पीटीए की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। पीटीए अध्यक्ष पद के लिए सुरेंद्र कुमार ठाकुर को सर्वसम्मति से चुना गया। उपाध्यक्ष के रूप में शेष राम मंड्याल, महासचिव सीमा शर्मा, संयुक्त सचिव हेमराज पठानिया, कोषाध्यक्ष डॉ. रितेश, मुख्य सलाहकार अनिल शर्मा को चुना गया। पीटीए सदस्यों में सुमन ठाकुर, राजेंद्र शर्मा और रुमा देवी शामिल हैं। शिक्षक सदस्यों में प्रोफेसर बलदेव, डॉ. अनिता ठाकुर और डॉ. आशा ठाकुर हैं।

### धर्मपुर में 28-29 को आयोजित होगा उत्सव



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करने के बाद एफपीओ धर्मपुर ने अब एक और महत्वपूर्ण फैसला लिया है। जिसके तहत अब एफपीओ 31 अक्तूबर को दीपावली पर्व के मौके पर तीन हजार किलो कोदरे के लड्डू, बर्फी, गुलाब जामुन व फ्रूट बर्फी तैयार करने जा रहा है। अध्यक्ष सत्तपाल सिंह ने बताया कि इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई है। महिलाओं को प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र की स्रोत व्यक्ति डॉक्टर कविता और डॉ. कल्पना ने सकोह में दिया जिसमें सचिव भूपेंद्र सिंह ने भी भाग लिया। दीपावली से पहले 28-29 अक्तूबर को धर्मपुर में उत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

### एंटी क्रप्शन एसो. का होगा गठन : तुलेश

**सुनील शर्मा, गोहर।** भ्रष्टाचार आज देश की प्रमुख समस्याओं में एक बन गया है। वहीं प्रदेश के कर्ज की सीमा लगभग 90 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है। गौरतलब है कि आम जनता और प्रदेश के उत्थान के लिए आया पैसा कहीं भ्रष्टाचार का निवाला बनकर तो नहीं रह रहा है? पंचायतों में भ्रष्टाचार की जहां आए दिन खबरे छपती रहती है वहीं कुछ ऐसा भी भ्रष्टाचार है जो सभी को पता होता है लेकिन सामने नहीं आ पाता। इसी कड़ी में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने हेतु जनसमूह द्वारा देवभूमि क्षत्रिय संगठन एवं सवर्ण मोर्चा संग 'एंटी करप्शन एसोसिएशन-सराज' का गठन किया जा रहा है। यह जानकारी समाजसेवक तुलेश कुमार द्वारा प्रदान की गई।

### एबीवीपी सुंदरनगर विद्यार्थी परिषद की दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सुंदरनगर का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग शिव मंदिर महादेव में 21 सितंबर को शुभ आरंभ विद्यार्थी परिषद प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा, जिला प्रमुख हेमराज ठाकुर, जिला संगठन मंत्री पवन कुमार, जिला संयोजक मंजुल शर्मा के द्वारा किया गया। इस अभ्यास वर्ग में प्रथम सत्र एबीवीपी के इतिहास विकास का संचालन विद्यार्थी परिषद के प्रांत अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार द्वारा किया गया, जिसमें विद्यार्थी परिषद के बारे में जानकारी दी गई।

### छात्रों ने ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर ।** न्यू क्रिसेंट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के होनहार छात्रों ने ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में 11वीं कक्षा की छात्रा आदर्शिता ने महिला एकल वर्ग में पहला स्थान हासिल कर स्वर्ण ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि 12वीं कक्षा की अवनी ठाकुर ने दूसरे स्थान पर रहते हुए रजत ट्रॉफी प्राप्त की। पुरुष एकल वर्ग में 12वीं कक्षा के हर्षित ठाकुर ने भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए रनर-अप का खिताब अपने नाम किया। हर्षित ने सभी का दिल जीतते हुए ट्रॉफी और सम्मान हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शशि किरण ने छात्रों की प्रशंसा की।



### 32 स्वर्ण पदक जीतकर मंडी जिला प्रथम



**अनंत ज्ञान, मंडी।** पेंचक सिलाट एस्सोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित 5वी राज्य स्तरीय पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का समापन माता भीमाकाली मंदिर परिसर मंडी में हुआ। प्रदेश पेंचक सिलाट एस्सोसिएशन के अध्यक्ष जोगिंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्यातिथि के रूप में मेयर नगर निगम मंडी विरेंद्र भट्ट शर्मा ने शिरकत की। इस दौरान जोगिंद्र सिंह ने बताया की इस प्रतियोगिता मे मंडी जिला ने 32 स्वर्ण पदक जीत कर प्रथम स्थान, कांगड़ा जिला ने 26 स्वर्ण पदक जीत कर दूसरा स्थान, बिलासपुर जिला ने 7 स्वर्ण पदक जीत कर तीसरा स्थान और सिरमौर जिला ने 4 स्वर्ण पदक जीत कर चौथा स्थान हासिल किया।

### महिलाओं को बैंक संबंधी बताई डिजिटल सुविधाएं




**जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड, जोगिंद्रनगर शाखा द्वारा समलोट में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता और डिजिटल सेवाओं पर शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन नाबार्ड बैंक के सौजन्य से किया गया, जिसकी अध्यक्षता सामुदायिक आयोजक बिनी भाटिया ने की। प्रबंधक रमेश जम्वाल और मेहर सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में महिलाओं को बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। शिविर में मुख्य रूप से 'सपनों का संचय,' महिला सशक्तिकरण, पिग्मी योजना और डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों ने महिलाओं को डिजिटल सुविधाओं का उपयोग करने के तरीके बताए।

### मच्छ्याल-बल्ह-जोल-रोपड़ी सड़क की हालत सुधारने की उठाई मांग

# किसानों व महिला मंडलों का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**




लोक निर्माण विभाग जोगिंद्रनगर में महिलाओ ने किया घेराव।

मच्छ्याल-बल्ह-जोल-रोपड़ी सड़क की खस्ताहाल स्थिति को लेकर कई गांवों के किसानों और महिला मंडलों ने मोर्चा खोल दिया है। किसान नेता और जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज के नेतृत्व में हिमाचल किसान सभा और जालपा महिला मंडल के बैनर तले लोगों ने लोक निर्माण विभाग कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जोल, चेलंग, द्रोबड़ा, समोहली, मोरडुघ, घरवासड़ा आदि गांवों के ग्रामीण उपस्थित रहे।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि छोटे वाहन चलाना मुश्किल हो गया है। कुशाल भारद्वाज ने बताया कि 40 साल पुरानी यह सड़क कुछ वर्ष पहले जोल से घरवासड़ा होते हुए रोपड़ी तक लिंक की गई थी, लेकिन समोहली से आगे की सड़क की हालत बेहद दयनीय है।

बारिश के मौसम में एचआरटीसी की बस सेवा भी कई महीनों तक बाधित रहती है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है।

कुशाल भारद्वाज ने आगे बताया कि 2022 में भी इस सड़क को पक्का करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया था और उस समय विभाग ने डेढ़ करोड़ रुपये का इस्टीमेट बनाकर इसे मंजूरी के लिए भेजा था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इस सड़क की मरम्मत और पक्कीकरण नहीं किया गया, तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे।

### डयोड टनल के ऊपर धंसी जमीन से बना विशालकाय गढ्डा

# गढ्डे को भरने के लिए डाले 100 से ज्यादा पत्थर के टिप्पर



डयोड में टनल धंसने से हुए गड्ढे को भरते हुए कर्मी।

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

पंडोह के साथ लगते डयोड टनल के ऊपर धंसी जमीन के कारण बने विशालकाय गढ्डे को भरने का 80 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। इस गढ्डे को भरने के लिए अभी तक 100 से ज्यादा पत्थर के टिप्पर और 30 के करीब कंकरीट के टीएम डाले जा चुके हैं। इतने भारी भरकम मलबे को डालने के बाद अब यह गढ्डा 80 प्रतिशत तक भर गया है। उम्मीद लगाई जा रही है कि सोमवार दोपहर तक इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा और उसके बाद यहां पर व्हीकल क्रॉसिंग का ट्रायल किया जा सकता है।

वहीं ग्राम पंचायत हटौण की प्रधान रोशनी देवी ने बताया कि कंपनी प्रबंधन द्वारा गढ्डे को भरने का कार्य तो किया जा रहा है लेकिन अभी भी गांव पर खतरा लगातार बना हुआ है। जिन लोगों ने अपने घरों को खाली किया है। भविष्य में इस बात की कोई गारंटी नहीं कि यहां जमीन न धंसे। यदि कंपनी प्रबंधन इस बात की गारंटी देती है तो उसके बाद ही लोग वापस अपने घरों की तरफ आने के बारे में सोच सकते हैं।

#### जल्द होनी चाहिए मरम्मत

**लोक** निर्माण विभाग औट मंडल ने प्रशासन को पत्र लिखकर डयोड से हटौण गांव के लिए जाने वाली सड़क को एनएचएआई के माध्यम से दुरूस्त करवाने के लिए पत्र लिखा है। अधिशाषी अभियंता ई. विनोद शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इस घटनाक्रम के कारण डयोड से हटौण के लिए जाने वाली सड़क काफी क्षतिग्रस्त हो गई है। इसलिए इस सड़क की तुरंत प्रभाव से मुरम्मत करवाई जानी चाहिए।

### टैम्पो-ट्रैवलर संगठन का सुंदरनगर में हुआ गठन



**सुंदरनगर।** जिला मंडी के सुंदरनगर में आयोजित एक बैठक में हिमाचल में टैम्पो-ट्रैवलर संगठन का गठन किया गया। इस बैठक में संपूर्ण सुंदरनगर क्षेत्र के टैम्पो-ट्रैवलर मालिकों ने हिस्सा लिया। सदस्यों ने जिला के विभिन्न क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सार्चक चर्चा की गई। इस बैठक में रविंद्र राणा, विपिन शर्मा, सुशील शर्मा, चुन्नीलाल, छांगा राम, सुरेश शर्मा, कृष्ण राव, कृष्ण ठाकुर, परमजीत, त्रिफालघाट से नारायण, बेहल से कमल और अन्य टैक्सी, टैम्पो-ट्रैवलर मलिक मौजूद रहे। जानकारी देते हुए विपिन शर्मा ने बताया कि बाहरी राज्यों के संगठन से विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की जा रही है।

### सुंदरनगर पहुंची सोनम वांगचुक की पदयात्रा



**सुंदरनगर।** लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने व पर्यावरण संरक्षण सम्बंधी मांगों और हिमालय क्षेत्र की संस्कृति व हकों की सुरक्षा को लेकर प्रसिद्ध अन्वेषण व पर्यावरण संरक्षण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक लगभग 150 सदस्यों के साथ लेह से दिल्ली तक पदयात्रा रविवार को सुंदरनगर में प्रवेश पर सर्वजन संरक्षण समिति, हिमाचल प्रदेश के राज्य सलाहकार अमर सिंह राघवा ने सुन्दरनगर स्थित सामाजिक संगठनों जिनमें रोटरी क्लब, आश्रय समिति, साकार सोसायटी फॉर डिफरेंटली एबल्ड पर्सनज, आर्ट ऑफ लिविंग, सुकेत ओल्ड एज होम, नई दिशा नई सोच, व्यापार मंडल, सहयोग सस्थां महादेव समेत सुंदरनगर की जनता की ओर से शुकदेव वाटिका में सोनम वांगचुक का टोपी पहनाकर अभिनंदन किया।

### 8 बोतल अवैध शराब बरामद

**मंडी।** बल्ह थाना के तहत अवैध शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार थाना बल्ह के अंतर्गत चौकी प्रभारी रिवालसर ने हुकुमचंद पुत्र संतराम गांव चौकी चंद्रहण डाकघर रियूर तहसील बल्ह जिला मंडी की दुकान चौकी चंद्रहण से चेकिंग के दौरान 8 बोतल शराब देसी उन्ना नंबर वन बरामद की है। पुलिस ने अवैध शराब को जब्त कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं इस बारे में एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि जिला के समस्त थानों को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं कि मादक पदार्थों की धर पकड़ में तेजी लाई जाए।

### खेलों से भागेगा नशा : ब्रह्मदास



विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंदर-14 आयु वर्ग की राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कनैड में संपन्न हुई। इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजेश ठाकुर सेवानिवृत सहायक खेल निदेशक हिमाचल प्रदेश ने की। पाठशाला के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश और सहायक खेल निदेशक ललिता नेगी ने समिति चिन्ह देकर सम्मानित किया। ब्रह्मदास चौहान उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए खेलों से बच्चे नशे से दूर रहते हैं। चंचल सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता का समापन समारोह हो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है।

### अर्णव ने मिस्टर और भूमिका बनी मिस फ्रेशर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में फ्रेशर पार्टी के दौरान की तस्वीर।

जोगिंद्रनगर कॉलेज में छात्र संगठन एसएफआई ने नए छात्र-छात्राओं के लिए एक भव्य फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। इस अवसर पर एसएफआई के पूर्व राज्य अध्यक्ष और वर्तमान में भराडू वार्ड से जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। वहीं, राज्य अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया।

कुशाल भारद्वाज ने छात्रों को संबोधित करते हुए अपने छात्र जीवन से जुड़े अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा, छात्र जीवन में चुनौतियों का सामना करना और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी नए छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

फ्रेशर पार्टी के दौरान कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के विभिन्न विभागों के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही एसएफआई जोगिंद्रनगर इकाई की अध्यक्ष शैली बड़वाल ने बताया कि यह आयोजन नए छात्रों के बीच एकता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। कार्यक्रम के अंत में, अर्णव ने 'मिस्टर फ्रेशर' और भूमिका ने 'मिस फ्रेशर' का ताज जीता। इसके अलावा, नैंसी को 'मिस परफॉर्मर' और लवली को 'मिस्टर परफॉर्मर' का खिताब मिला। इस प्रकार, फ्रेशर पार्टी ने सभी को एकजुट होकर समारोह मनाने का अवसर प्रदान किया।

### ब्रह्माकुमारीज ने यातायात नियमों का दिया ज्ञान

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



यात्रा को हरी झंडी दिखाते हुए विधायक राकेश जमवाल।

'मेरा भारत-सुरक्षित भारत' अभियान के अंतर्गत सुरक्षित हिमाचल सड़क सुरक्षा जाग्रति रैली का आयोजन को ब्रह्माकुमारीज शाखा सुंदरनगर के नौलखा से भोजपुर बाजार तक किया गया।

इस बाइक रैली को हरी झंडी विधायक एवं प्रदेश भाजपा मुख्य प्रवक्ता राकेश जंवाल ने दी। इस मौके पर राकेश जंवाल ने ब्रह्माकुमारीज की समाज के हर क्षेत्र में सराहनीय सेवा के लिए प्रशंसा करते हुए कहा कि यातायात नियमों की जागरूकता आज के समय में एक परम आवश्यक विषय है। उन्होंने बताया कि इस दिशा में ब्रह्माकुमारीज राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा कार्य सराहनीय है।

ब्रह्माकुमारीज यातायात एवं पर्यटन विभाग के राष्ट्रीय संयोजक ब्रह्माकुमारी कविता ने ब्रह्माकुमारीज की यातायात विभाग की सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर 100 बाईकर्स ने शहर में यातायात जागरूकता की जानकारी दी गई । रैली के समापन कार्यक्रम में नगर परिषद सुंदरनगर के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने ब्रह्माकुमारीज द्वारा मेडिटेशन विधि से यातायात नियमों की पालना के प्रति जागरूकता को एक अच्छी पहल बताया। वहीं इस रैली के आयोजन के दौरान पुलिस विभाग तथा यातायात विभाग के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखें।

### जमीनी विवाद को लेकर मारपीट

**मंडी।** सरकाघाट थाना में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार सरकाघाट पुलिस थाना के अंतर्गत राम देयी पत्नी राजेंद्र कुमार गांव व डाकघर सधोट तहसील सरकाघाट की शिकायत पर उनके पड़ोसी सोहन सिंह के खिलाफ जमीनी विवाद को लेकर रास्ता रोककर मारपीट करने पर मामला दर्ज किया गया है।

वहीं इस बारे में एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है, आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### दुर्गा माता मंदिर में नगदी चोरी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



खाली पड़ा हुआ दानपात्र।

लडभड़ोल तहसील क्षेत्र के पंडोल-बनान्दर मार्ग पर स्थित रथैर गांव के दुर्गा माता मंदिर में चोरों ने बीती रात नगदी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, मंदिर का ताला तोड़कर चोरों ने दानपात्र से करीब 8000 की नकदी उड़ा ली। मंदिर में इस चोरी की घटना से स्थानीय लोग स्तब्ध हैं।

मंदिर के नियमित भक्त और शिकायतकर्ता रणवीर सिंह और संतोष कुमार ने बताया कि जब वे सुबह पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि मंदिर का मुख्य गेट खुला हुआ था और अंदर का गेट भी टूटा हुआ था। जब वे मंदिर के अंदर गए तो पाया कि दानपात्र गायब है। थोड़ी दूरी पर सड़क के किनारे टूटा हुआ दानपात्र मिला, लेकिन उसमें से सारी नगदी गायब थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि यह दानपात्र पिछले छह महीनों से नहीं खोला गया था, इसलिए उसमें अच्छी-खासी रकम जमा थी। घटना की जानकारी मिलते ही लडभड़ोल पुलिस चौकी में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज कर लिए हैं और मंदिर परिसर का निरीक्षण भी किया है। लडभड़ोल पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कटोच ने बताया कि चोरी की इस घटना को लेकर गहन छानबीन की जा रही है।

### नरेंद्र ठाकुर की नाटियों पर झूमे युवा

**सुनील शर्मा, गोहर**




कार्यक्रम में प्रस्तुति पेश करते हुए कलाकार।

यहां चर रहे जिला स्तरीय ख्योड नलवाड़ मेले की पांचवीं सांस्कृतिक संध्या पहाड़ी लोक गायक नरेंद्र ठाकुर के नाम रही।

पांचवीं सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि बार एसोसिएशन गोहर के सदस्य रहे। मेला कमेटी के प्रधान व बासा पंचायत के उप प्रधान तरुण कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि समेत अन्य गणमान्य। पांचवीं सांस्कृतिक संध्या के स्टार कलाकार नरेंद्र ठाकुर के मंच पर चढ़ते ही पंडाल सीटियों और तालियों से गूंज उठा। नरेंद्र ठाकुर ने झुरी से अपने कार्यक्रम का आगाज किया।

### पंडोह में 3 करोड़ से बन रहा भव्य गुरुद्वारा, जनसहयोग से हो रहा निर्माण

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर पंडोह में बने 70 साल पुराने गुरूद्वारे को अब नया रूप दिया जा रहा है। गुरूद्वारे का तीन मंजिला नया भवन बनाया जा रहा है जिसपर करीब 3 करोड़ की राशि खर्च होने जा रही है। संत बाबा कश्मीर सिंह भूरी वालों की तरफ से यहां पर गुरूद्वारा निर्माण में सेवा करवाई जा रही है।

इसके अलावा स्थानीय और देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की तरफ से गुरूद्वारा निर्माण के लिए सहयोग राशि भेजी जा रही है। गुरूद्वारे का सारा निर्माण जनसहयोग से ही किया जा रहा है। गुरूद्वारा सिंह सभा पंडोह के प्रधान गुरनाम सिंह ने बताया कि गुरूद्वारे का नया भवन तीन मंजिला होगा। धरातल पर लंगर हाल बनेगा जबकि पहली मंजिल पर गुरू ग्रंथ साहिब विराजमान होंगे।

इसके अलावा तीसरी मंजिल पर भव्य गुंबद का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गुरूद्वारा का भवन 70 वर्ष पुराना था जिसे समय के साथ नया स्वरूप देना जरूरी हो गया था, उसी के चलते अब इस निर्माण कार्य को करवाया जा रहा है।




**कामयाबी**

### ट्राउट मछली पालन कर दहड़ गांव में लिख डाली सफलता की कहानी

# पांच लोग दो बीघा बंजर भूमि में कर रहे लाखों की कमाई

**सुनील शर्मा, गोहर**



मजबूत इरादों से यदि सही दिशा में प्रयास किए जाएं तो सफलता अवश्य कदम चूमती है, भले ही परिस्थितियां कितनी ही विपरीत क्यों न हो। यह कर दिखाया है मंडी जिला की चच्योट तहसील के देवधार क्षेत्र के एक छोटे से गांव दहड़ के पांच लोगों ने।

प्रदेश सरकार ने युवाओं, किसानों, बागवानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं चला रखी हैं। इनके लिए सरकार की योजनाएं वरदान साबित हुई हैं और यह सभी केवल दो बीघा बंजर भूमि में ट्राउट मछली पालन करके सालाना 15 से 18 लाख रुपए की आय अर्जित कर रहे हैं।

खेती-बाड़ी पर निर्भर रहने वाले दहड़ के नेत्र सिंह को वर्ष 2018 में एक ट्राउट मछली पालक ने उनकी खड्ड किनारे बंजर भूमि होने पर ट्राउट मछली पालन करने की सलाह दी। नेत्र सिंह ने मत्स्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर, नीली क्रांति योजना के अंतर्गत ट्राउट मछली पालन के लिए अनुदान प्राप्त कर कार्य शुरू किया। नेत्र सिंह ने इसके बाद कुछ और लोगों को भी इससे जोड़ा और सभी ने 30 लाख रुपये व्यय करके 12 ट्राउट रेसवेज का निर्माण कर लिया।

ट्राउट मछली पालन में नेत्र सिंह को महंगे मत्स्य आहार की समस्या सामने आई तो उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का लाभ उठाते हुए 12 लाख रुपए के अनुदान से 30 लाख रुपए का लघु मत्स्य आहार यूनिट भी स्थापित कर लिया। वर्तमान में वे अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ ही क्षेत्र के अन्य ट्राउट मछली पालकों को भी सस्ती दरों पर गुणवत्तायुक्त मछली आहार उपलब्ध करवा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

#### 96 परिवार कर रहे मत्स्य पालन

**सहायक** निदेशक मत्स्य विभाग मंडी नीतू सिंह ने बताया कि मंडी जिले में इस वित्तीय वर्ष में अब तक 763 नदीय मछुआरों ने मछली पकड़ने हेतु लाइसेंस लिए हैं। जिला में 96 परिवार मत्स्य पालन का कार्य कर रहे हैं और अच्छे मुनाफा कमा रहे हैं।

#### मत्स्य पालन से जुड़े युवा

जिला उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि युवाओं को मत्स्य पालन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। मत्स्य विभाग को सहकारिता विभाग से समन्वय बनाकर मत्स्य सहकारी सभाओं का गठन करने के लिए संभावनाओं को तलाशने के निर्देश दिए गए हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### विज्ञान संकाय के छात्रों की होगी ऑफलाइन परीक्षा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** समग्र शिक्षा द्वारा विज्ञान संकाय के कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्रों के लिए 25 सितंबर को पूरे प्रदेश में ऑफलाइन चयन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसके अंतर्गत मेडिकल और इंजीनियरिंग में रुचि रखने वाले विद्यार्थी इस परीक्षा में बैठेंगे। परीक्षा पास करने पर बच्चों को इससे संबंधित कोचिंग दी जाएगी। जिला परियोजना अधिकारी राकेश अरोड़ा ने बताया कि इस परीक्षा के लिए विद्यार्थियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन स्कूलों के माध्यम से हुआ है। इस परीक्षा में चयनित होने वाले छात्रों को इन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाएगी। जिला ऊना में इसके लिए हर ब्लॉक में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा सुबह 10 बजे से 1 बजे तक होगी। इस परीक्षा का उद्देश्य प्रतिभाशाली बच्चों को आगे लाना है। चयनित विद्यार्थियों को नीट और जेईई परीक्षाओं की तैयारी के लिए अतिरिक्त सहायता और मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### फैक्टरी में अवैध शराब बनाने वाला एक और आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली क्षेत्र के अमराली में स्थित एक शराब की फैक्टरी में पिछले दिनों अवैध शराब बनाने का मामला पाया गया था। आबकारी विभाग द्वारा शिकायत देने पर पुलिस थाना हरोली में मामला दर्ज हुआ था पुलिस ने पहले शराब फैक्टरी के मुख्य कारोबारी अनिल कुमार को गिरफ्तार किया था। अनिल की गिरफ्तारी के बाद इसके सारे साथी फरार हो चुके थे जिनकी काफी समय से पुलिस तलाश कर रही थी। पिछले कल एक गुप्त सूचना के आधार पर हरोली पुलिस की एक टीम उपनिरीक्षक चेतन सिंह की अगुवाई में राजस्थान गई थी, जहां से घटना के एक अन्य आरोपी कृष्ण कुमार को गिरफ्तार कर हरोली पहुंचाया। जिसे रविवार को माननीय अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उक्त आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### अमेरिका में राहुल गांधी ने बताई धरातल की सच्चाई: जगत राम

**अनंत ज्ञान, ऊना।** आरएसएस जनसंघ तथा भाजपा द्वारा कांग्रेस पार्टी व गांधी परिवार के विरुद्ध अमर्यादित व कुंठित भाषा रहती है। यह बात राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव व प्रदेश इंटक के महासचिव कामरेड़ जगत राम शर्मा ने प्रैस वार्ता में कही। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी ने अमेरिका के टैक्सास में जो बयान दिया है अति-सराहनीय और धरती से जुड़ी हुई सच्चाई है। राहुल ने वहां पर स्पष्ट किया कि आज दुनिया में बेरोजगारी, मंहगाई व भ्रष्टाचार भारत व पश्चिमी देशों में ज्यादा है। चीन व वियतनाम में ऐसे हालात नहीं हैं। उनके इस बयान पर भाजपा के मंत्री जिनके अभी दूध के दांत हैं, राहुल पर देशद्रोही का इलजाम लगा दिया और कम्युनिस्टों का प्रचारक बताया। जगत राम ने अपनी बात को जारी रखते हुए देश के लोगों, मजदूरों, कर्मचारियों और किसानों को बताया कि भाजपा की यह कुंठित भाषा आरएसएस व जनसंघ से जन्म से ही मिली है। देश की आजादी के बाद स्व. पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश को गरीबी व बेरोजगारी से निकालने के लिए देश में बड़े-बड़े उद्योग स्थापित किए, लाखों लोगों को रोजगार मिला, जिससे देश आज अपने पैरों पर खड़ा है। स्वर्गीय नेहरू को भी कम्युनिस्ट समर्थक कहना शुरू कर दिया था। जिसके बाद जब स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने बैंक, बीमा आदि का राष्ट्रीयकरण किया तथा राजा-महाराजाओं के भत्ते खत्म किए उनको भी कम्युनिस्ट समर्थक कहना शुरू कर दिया। उस जमाने में सीपीआई के नेता अमृतपद डांगे सीपीआई के राष्ट्रीय नेता थे और उनकी इंदिरा के साथ भी काफी घनिष्टता थी। कांग्रेस पार्टी ने जब सोनिया गांधी को प्रधानमंत्री बनाने का निश्चय किया तो बताते हैं कि सोनिया ने उस समय के वरिष्ठ सीपीएम नेता हरीकृष्ण सिंह सुरजीत ने मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाने का सुझाव दिया। जगतराम ने यह कहा कि अब भाजपा जली-कटी हुई बातें अनाप-शनाप तरीके से राहुल गांधी और कांग्रेस पर उल-जलूल की बयानबाजी करती रहती है। आने वाला युग कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी का प्रधानमंत्री बनना और इंडिया गठबंधन की भारी मात्रा में सफल होने का है। समय आने पर गलत ब्यान बाजी करेन वालों की भी दुर्दशा होगी और यह सभी जेल में जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिस परिवार ने अपने दो सदस्य प्रधानमंत्री के रूप में देश पर शहीद किए हैं उनके लिए यह अभद्र भाषा उचित नहीं है।



# अगले वर्ष अपने मैदान में होगा जिला स्तरीय पीपलू मेला

## पीपलू और जंडियाना में बोले विधायक-हर घर को पक्का रास्ता और गांव को मिलेगी सड़क सुविधा

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ के जंडियाना में सड़क शिलान्यास के बाद पीपलू में बैठक करके विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में वर्ष 1993 से लगातार भाजपा राज करती रही। अगर कुटलैहड़ की जनता की दर्दनीय हालत को देखें, तो कुटलैहड़ में आज भी सैकड़ों परिवार पक्के रास्ते और सड़क सुविधा से वांछित है। बड़े-बड़े दावे और वादे करने वाले भाजपा नेता केवल कुटलैहड़ में वोट बैंक की राजनीति करते रहे है।

उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ से जब वर्ष 1977 में स्व रामनाथ शर्मा ने चुनाव जीता था, तो उस समय कुटलैहड़ को बिजली नसीब होने लगी थी। और वर्ष 1990 आते आते कुटलैहड़ के हर घर तक बिजली और पानी की 23 योजनाएं स्वीकृत करवा कर कुटलैहड़ में पानी के संकट को दूर किया था। और बंगाणा में सरकारी कार्यालय खुलवा कर जनता को सुविधाएं प्रदान की थी। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकाल में अगर कोई कुटलैहड़ में पेयजल योजना धरातल पर आई हैं, तो भाजपा नेता बताए। कुटलैहड़ में सड़क, बिजली, पानी की सुविधा केवल कांग्रेस सरकारों में ही मिली है, लेकिन भाजपा राजनीति की रोटियां सेंककर केवल जनता को गुमराह करने में लगी हुई है।

उन्होंने कहा कि सौ दिनों के मेरे विधायक कार्यकाल में दस करोड़ का कुटलैहड़ के अघालौर में सौर ऊर्जा पावर का शिलान्यास, 62 लाख हर पंचायत के विकास के लिए 33 करोड़ भ्यावी बड़सर सड़क को चौड़ा करने के लिए कुटलैहड़ विस क्षेत्र को दो और सौर ऊर्जा पावर प्रोजेक्ट मंजूर, लिंक सड़कों पक्के रास्तों की स्वीकृति प्रदान हुई है और यह तभी संभव हो पाया है। कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी को आपका आशीर्वाद मिला है। पीपलू बैठक में विवेक ने कहा कि जिला स्तरीय पीपलू मेले में हमने कहा था कि अगली बार पीपलू में मैदान बनाकर


कुटलैहड़ में विधायक विवेक शर्मा का स्वागत करते स्थानीय लोग।

उस मैदान में जिला स्तरीय पीपलू मेला होगा। और उसके लिए भूमि चयनित करके उसकी डीपीआर तैयार करने की ओर बढ़ रहे है।

उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ के युवाओं को घर द्वार रोजगार देने के लिए हमने जोगी पंगा में 300 कनाल भूमि जो सरकारी हैं। उसे औद्योगिक के लिए चयनित किया है। वहीं, सोलह सिंगी धार को पर्यटक की दृष्टि से विकसित करके जब उक्त सड़क को चौड़ाकिया जाएगा तथा उक्त सड़क पर आवाजाही बढ़ेगी और सोलहसिंगी धार के युवा भी स्वरोजगार से जुड़ेंगे। विवेक शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के पास विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है। और सौ दिनों के कार्यकाल में हमने जो भी मांग सीएम साहब के पास रखी है। उसे धन के साथ उसी समय स्वीकृति मिली है। इस मौके पर राज्य कांग्रेस प्रवक्ता विजय डोगरा, स्थानीय प्रधान महिंद्र सिंह, प्रधान सुनील कुमार, पूर्व प्रधान विपिन शर्मा, गुलामदीन, योगराज, धर्म चंद, नंद लाल वर्मा, निर्मला देवी, पुष्पलता के अलावा दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र का एक छोर मुख्यमंत्री सुक्खू और दूसरा छोर डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री के विधानसभा क्षेत्र के साथ लगता है। और मध्य में कुटलैहड़ विस क्षेत्र पड़ता है। यही कारण है कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र को राज्य सरकार का पूरा आशीर्वाद मिल रहा है। कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर घर तक पक्का रास्ता और हर गांव तक एंबुलेंस सड़क बनाकर सुविधा देना मेरा मुख्य उद्देश्य हैं। ताकि बीमार होने पर हर घर तक एंबुलेंस पहुंचे। और घर द्वार स्वास्थ्य सुविधा मिले। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ की जनता से अपील करता हूं। कि सड़क और रास्ते के लिए जमीन का विवाद न करें। क्योंकि खंड बिकास कार्यलय बंगाणा में दस करोड़ की धनराशि आपसी जमीनी विवाद को लेकर वैसे ही पड़ी है। जो मुख्य मंत्री के आशीर्वाद से कुटलैहड़ के बिकास को स्वीकृत हुई थी। (अनंत ज्ञान)

### राज्य सरकार की वित्तीय स्थिति खराब होती तो न मिलती आर्थिक सहायता

**विवेक** शर्मा ने कहा कि अगर सरकार की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं होती। तो राज्य सरकार ने तो ओल्ड पेंशन स्कीम लागू कर पाती। न ही आपदा में बेघर हुए परिवारों को आर्थिक सहायता दे पाती। शर्मा ने कहा कि यह भाजपा द्वारा जनता को भड़काने का काम किया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि जनता देख रही है। कि राज्य सरकार केंद्र से एक रुपया मदद न मिलने के बाद भी राज्य में बिकास की रफ्तार को किस प्रकार आगे बढ़ा रही है। और राज्य के अंतिम पंक्ति पर खड़े परिवार तक पहुंचकर उन्हें आर्थिक रूप से और बिकास स्वरूप से मदद कर रही है।

# कानूनी अधिकारों के प्रति लोग किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अप्पर कोटला कलां में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) उपमंडल विधिक सेवा समिति, ऊना द्वारा महत्वपूर्ण विधिक जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमंडल विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ सिविल न्यायधीश कपिल शर्मा ने की। शिविर में लगभग 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और आवश्यकता पड़ने पर कानूनी सहायता प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर वरिष्ठ सिविल न्यायधीश द्वारा नालसा मुआवजा योजना, 2018 के बारे में जानकारी दी गई। यह योजना यौन उत्पीड़न और अन्य अपराधों की पीड़ित/उत्तरजीवी महिलाओं के लिए


लोगों को कानूनी अधिकारों को लेकर जानकारी देते कानूनविद्।

मुआवजा और सहायता प्रदान करने के लिए तैयार की गई है। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को न्यायिक सहायता एवं मुआवजे के लिए जागरूक किया।

इसके पश्चात उन्होंने हिमाचल प्रदेश (अपराध पीड़ित) मुआवजा योजना, 2019 के बारे में बताया। इस योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में अपराध पीड़ितों को आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है, जिससे वे अपने जीवन को पुनः सामान्य बना सकें।

एडवोकेट नवदीप राणा ने भी कानूनी सहायता और कानूनी जागरूकता पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर प्रधान सरजीवन सिंह, पंचायत सचिव पूजा शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्थानीय लोग तथा उपमंडल विधिक सेवा समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# वॉलीबाल में बाथू स्कूल बना विजेता

**संजीव पुरी, ऊना**

गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बसदेहड़ा मे चार दिवसीय जिला स्तरीय अंडर-19 पुरुष वर्ग खेलों का आयोजन किया गया। खेलों के समापन समारोह में पूर्व एमएलए सतपाल रायजादा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। रायजादा ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलों को खेलना चाहिए। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हैंडबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, चेस, बास्केटबॉल बैडमिंटन, वॉलीबाल खेलों का आयोजन किया गया। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।


विजेता टीम के साथ मुख्य अतिथि सतपाल रायजादा।

वॉलीबॉल में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी बाथू विजेता और तलमेहड़ा उपविजेता रहा, खो-खो में ललड़ी की टीम विजेता और रोड़ा की टीम उपविजेता रही। कबड्डी में हीरा स्कूल विजेता और थानाकलां उपविजेता रहे। बैडमिंटन में डीएवी लठियाणी की टीम विजेता और हरोली की टीम उपविजेता रही, चेस प्रतियोगिता में गवर्नमेंट हाई स्कूल तनोह की टीम विजेता और उपविजेता टीम वी पी एस बहडाला रही। हैंडबॉल में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल दूलहैड विजेता और उपविजेता गवर्नमेंट बॉयस सीनियर सेकेंडरी स्कूल संतोषगढ़ रहे। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल देहलां की टीम विजेता और एसडी स्कूल संतोषगढ़ उप विजेता रही। मार्च पास्ट में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जखेडा की टीम विजेता बनी। (अनंत ज्ञान)

# विधायक विवेक ने मत्स्य रेस्ट हाउस का किया निरीक्षण

**विनोद शर्मा, लठियाणी**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा हर दिन सरकारी कार्यालयों में निरीक्षण के लिए पहुंच रहे है। कुटलैहड़ के सभी सरकारी कार्यलय के अधिकारी कर्मचारी सतर्क होकर कार्य में जुट गए है। विवेक शर्मा ने पहले लठियानी में बने मत्स्य विभाग द्वारा रेस्ट हाउस का निरीक्षण किया। रेस्ट हाउस की दुर्दशा देखकर विधायक विवेक शर्मा विभाग के अधिकारी की खूब क्लास लगाई।

लठियानी के रेस्ट हाउस जो मत्स्य विभाग द्वारा पूर्व भाजपा सरकार में बनाया गया था, उक्त रेस्ट हाउस में दरवाजे टूट गए हैं। अंदर की हालत खस्ता बनी हुई है। वहीं, विधायक ने पहले मत्स्य विभाग अधिकारी लठियानी की क्लास लगाई।

उन्होंने कहा कि लठियानी का यह रेस्ट हाउस पूर्व भाजपा सरकार में बना है। उक्त रेस्ट हाउस में काफी अनिमिताएं देखी जा रही हैं। केवल इस रेस्ट हाउस की लीपापोथी करके हड़बड़ाहट में बनाया है। पहले तो उक्त रेस्ट हाउस की जांच होगी। जिस

**पूर्व भाजपा सरकार में निर्मित हुआ है यह रेस्ट हाऊस, उक्त ठेकेदार होगा तलब**



मत्स्य विश्राम गृह के टूटे हुए दरवाजे।

ठेकेदार ने यह रेस्ट हाउस बनाया है। उससे दोबारा इस रेस्ट हाउस की पूरी मरम्मत करवाई जाएगी। क्योंकि किसी भी ठेकेदार द्वारा कार्य करने पर दस वर्षों तक उसी ठेकेदार पर मरम्मत की जिम्मेदारी होती है। इस रेस्ट हाउस की कंडीशन इतनी खराब है। जैसे आजादी के पहले का बना हो। सरकार के पैसे की बर्बादी बर्दाश्त नहीं होगी।

विवेक शर्मा ने कहा कि नेशनल सड़क के किनारे इस रेस्ट हाउस को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा, ताकि दूर दूर से आने वाले सैलानी और बीआईपी परिवार इस रेस्ट हाउस में ठहर सकें। उन्होंने कहा कि लठियानी में मत्स्य व्यापार बहुत ज्यादा है। लठियानी बाजार को और ज्यादा विकसित करने के लिए धरातल पर कार्य किया जाएगा।

वहीं, विधायक विवेक शर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लठियानी का निरीक्षण के बाद उक्त अस्पताल को और ज्यादा स्वास्थ्य सुविधाएं देने के जो भी उक्त अस्पताल में जरूरत है। उन्हे जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व प्रधान महिंद्र सिंह, शिव नाथ, राजेंद्र सिंह एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और मत्स्य विभाग अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश सरकार बताए पिछले तीन साल से क्यों नहीं हो पा रही है पुलिस भर्ती : अमित

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

विधानसभा क्षेत्र गगरेट से बतौर आजाद उम्मीदवार चुनाव लड़ चुके अमित वशिष्ठ ने कानून-व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि जिला ऊना में कानून-व्यवस्था का बुरा हाल है। आए दिन चोरी की वारदातों के साथ जिले में कई आपराधिक वारदातें हो रही हैं, जबकि पुलिस अधिकारी भी फोर्स की कमी की बात कबूल रहे हैं।

बावजूद इसके प्रदेश सरकार पिछले तीन सालों से पुलिस भर्ती को सिरे नहीं चढ़ा पाई है। कर्मचारियों की कमी के चलते ही जिला ऊना में सोमभद्रा नदी में हो रहे अवैध खनन पर भी पूर्णतया अंकुश नहीं लग पाया है।

पत्रकार वार्ता में वशिष्ठ ने कहा कि जिला ऊना के कई ज्वलंत मुद्दे हैं जिन पर जनप्रतिनिधियों का ध्यान ही नहीं है। सबसे बड़ा मुद्दा तो जिला ऊना में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर है। चोर जिले में पूरी तरह से सक्रिय हैं, लेकिन पुलिस महज इसलिए रात्रि गश्त नहीं कर पा रही है, क्योंकि पुलिस के पास फोर्स की कमी है। हालात यह हैं कि ऊना में पंजाब के साथ लगती जिले की सीमाएं बिना पुलिस के पहरे के लावारिस पड़ी हुई हैं। यह भी एक कारण है कि पंजाब से प्रदेश को आने वाले कई सड़क मार्ग चिट्टा माफिया के लिए सिल्क रूट बने हुए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बताए कि आखिर पिछले तीन साल से पुलिस भर्ती क्यों नहीं हो पाई है। सरकार अविलंब पुलिस थानों के लिए स्वीकृत किए गए पदों का फिर से आकलन करे और स्वीकृत पदों में वृद्धि करे। उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए न तो पर्याप्त फील्ड स्टाफ है और जिले की सीमाओं पर जो माइनिंग चेक पोस्ट लगाए गए हैं वे भी सफेद हाथी ही साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तो मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार को कोई खतरा भी नहीं है, इसलिए प्रदेश सरकार अब सारा ध्यान जनता को सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर लगाए।

# चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब में कीर्तन दरबार


चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब में लगा कीर्तन दरबार।

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**

बाथड़ी से सटे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब में जेठे रविवार को कीर्तन दरबार सजाए गए। इसमें हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों सहित विदेश की संगत बड़ी संख्या में पहुंची है।

संगत को गुरबाणी से जोड़ते हुए प्राणी क्या मेरा क्या तेरा, रविदास गुरु रविदास गुरु, मिशनरी गायक ज्ञान गंगड ने समय बांधा, कार्यक्रम में जहां चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब के प्रधान संत सुरिंद्र दास ने कहा कि अपने बच्चों के लिए हम अपने संसारिक जीवन में जो भी महल-मुनारे बनाते हैं, यह सभी यहीं रह जाएंगे, क्योंकि यह संसार एक सराय जहां पर कुछ समय के मेहमान है। हमें चाहिए जितना भी समय पर गुरबाणी पढ़कर व सुनकर बिताना चाहिए दिन में जो समय भी मिले उसमें उस परमात्मा का नाम जपना चाहिए

वही हैपी एंड हेल्दी डाइट टीम द्वारा जगदीप सिंह राणा, सतपाल सिंह पठानकोट, रेखा, मीना कुमारी की टीम ने एक स्वास्थ्य कैंप लगया जिसमे सुगर, बीपी, थायर्ड व लीवर सहित अन्य बीमारियों के चेकअप किए गए। खुरालगढ़ साहिब में कई धार्मिक कार्यक्रम होते हैं, जिसमें देश-विदेश सहित विभिन्न राज्यों से लोग नतमस्तक होने के लिए पहुंचते हैं। इस अवसर पर संत दयाल चंद बंगा, संत कर्म चंद, मनजीत मूंगोंवालिया, जगदीश दिस्सा, रजिंदर सिंह, कुलवंत सिंह, राम सिंह सहित अन्य संगत मौजूद रही। (अनंत ज्ञान)

**सौगात** वर्ष 2023-24 के लिए 106 लाभार्थियों को मिला था प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

# विधायक कालिया ने 532 लाभार्थियों को बांटे 6.91 करोड़ के स्वीकृति पत्र

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विकास खंड गगरेट में एक साथ 532 परिवारों का पक्के घर का सपना साकार होने जा रहा है। रविवार को खंड विकास कार्यालय में आयोजित एक समारोह में विधायक राकेश कालिया ने 532 लाभार्थियों को 6,91,060 रुपए के स्वीकृति पत्र वितरित किए। इन लाभार्थियों को मकान निर्माण का पहली किस्त भी जारी कर दी गई है।

इससे पहले वर्ष 2023-24 के लिए 106 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला था। यह पहली मर्तबा है कि इतने बड़े स्तर पर एक साथ लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा है। विधायक कालिया ने स्वीकृति पत्र वितरित करते हुए कहा कि प्रदेश के इतिहास में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कार्यकाल में यह पहली बार संभव हुआ है कि प्राकृतिक आपदा में अपना आशियाना गंवा चुके लोगों को सात लाख रुपए भवन निर्माण के लिए दिए गए हैं। अब भी प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केंद्र


खंड विकास कार्यालय गगरेट में पात्र लोगों को स्वीकृति पत्र प्रदान करते विधायक राकेश कालिया।

सरकार के समक्ष सभा लाभार्थियों को एक साथ प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान करने की पैरवी की। जिसके फलस्वरूप ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र परिवारों को मकान निर्माण के स्वीकृति पत्र मिल पाए हैं।

उन्होंने खंड विकास कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों का आह्वान किया कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके यह अधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चुने हुए जनप्रतिनिधियों के प्रति लोगों की यह राय होती है कि उन तक उनकी समस्या पहुंचने पर इसका निश्चित हल होगा। इसलिए खंड विकास कार्यालय यह सुनिश्चित करे कि उनके कार्यालय के माध्यम से आने वाले जनसमस्याओं पर कार्रवाई हो, ताकि लोगों की समस्याओं का समय रहते समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि जहां कहीं बजट की समस्या होगी तो इस मसले को वह प्रदेश सरकार के समक्ष उठाकर बजट उपलब्ध करवाने का प्रयास करेंगे। इससे पहले खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र जेटली ने कहा कि खंड विकास कार्यालय के माध्यम से विकास योजनाओं को धरती पर उतारना ही उनकी प्राथमिकता रहेगी।

इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कंवर, पंचायत समिति सदस्य व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अनिल डढवाल, ब्लाक कांग्रेस उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र जसवाल, विष्णु दत्त गर्ग, राम लुभाया लखनपाल, ग्राम पंचायत नकड़ोह की प्रधान दर्शना देवी, हिमाचल प्रदेश नंबरदार महासंघ के उपाध्यक्ष अश्विनी ठाकुर, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष गुरमेल सिंह, पंचायत समिति की चेयरपर्सन रीता धीमान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मधुसूदन जसवाल, शौर्य चक्र विजेता सुशील जरियाल सहित कई लोग मौजूद रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक



**मनाली।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोशाल स्थित बाहंग की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर रविवार से शुरू हुआ। सात दिवसीय इस शिविर का शुभारंभ रोशन उपप्रधान मनाली होटलियर एसोसिएशन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्कूल के उपप्रधानाचार्य पन्ना लाल ठाकुर ने मुख्यातिथि और अन्य गणमान्य अतिथियों को टोपी, मफलर और बैच पहनाकर सम्मानित किया। उसके बाद उपप्रधानाचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी पन्नालाल ठाकुर और मंजुला कुमारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा मुख्यातिथि तथा अन्य अतिथियों के समक्ष रखी। मुख्यातिथि रोशन ने स्वयं सेवियों को राष्ट्रनिर्माण समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नशे से भी दूर रहने के लिए भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद सहित अन्य विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लें और नशे से दूरी बनाएं। मुख्यातिथि ने स्वयं सेवियों को कैंप के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस 7 दिवसीय विशेष शिविर में 52 स्वयंसेवी हिस्सा ले रहे हैं। कैंप का समापन 27 को होगा।

### हाई मैनेजर परफॉर्मेंस के लिए 17 तक आवेदन

**कुल्लू।** जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी, कविता ठाकुर ने बताया कि हिमाचल खेल परिषद, खेलो इंडिया योजना के तहत बिलासपुर हिमाचल प्रदेश में खेलो इंडिया राज्य स्तरीय उत्कृष्टता केंद्र (केआईसीई) के लिए हाई मैनेजर परफॉर्मेंस के पद पर अस्थायी/सह-अवधि के आधार पर भर्ती के लिए पात्र उममीदवारों से आवेदन आमांत्रित करते हैं। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप पर अपने विधिवत हस्ताक्षरित आवेदन पत्र के साथ सभी शैक्षणिक योग्यता, व्यावसायिक योग्यता और अनुभव प्रमाण पत्र की स्वयं सत्यापित प्रतियों के साथ-साथ अपनी उम्मीदवारी का समर्थन करने के लिए आवश्यक अन्य प्रशंसा पत्रों के साथ आवेदन कर सकते हैं। आवेदन (केवल निर्धारित प्ररुप पर) सचिव हिमाचल खेल परिषद केग गार्डन-5 छोटा शिमला-2 को व्यक्तिगत रुप से या डाक के माध्यम से या विभाग dir-yss-hp@nic.in(deputydirectoryss@gmail.com) 27 सितंबर पांच बजे तक जमा करना होगा। आवेदन पत्र नियम और शर्तें और पद का नौकरी विवरण दस्तावेज हिमाचल खेल विभाग की अधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

### 200 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक किया एकत्रित



**कुल्लू।** कुल्लू के शिरड़ में रविवार को जेएमके युवा मंडल के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जंयती के अवसर पर दो दिवसीय स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवा कार्यक्रम विभाग, युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत के बैनर तले 17 से 2 अक्तूबर तक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का आगाज देश में चल रहे 623 विभिन्न केंद्रों में किया गया। शिरड गांव में यह अभियान नेहरू युवा केंद्र कुल्लू, भारत सरकार के राज्य निदेशक डॉ. लाल सिंह के दिशा-निर्देशानुसार में किया गया। दो दिवसीय स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में पंचायत वार्ड सदस्य, महिला मंडल और युवाओं ने बढ़-चढ़कर इस अभियान में अपना सहयोग दिया। इस स्वच्छता अभियान में मुख्य रूप से सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्रित किया गया, जिसमें लगभग 200 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित किया गया। जेएमके युवा मंडल के प्रधान गणेश ने इस संदर्भ में जानकारी देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम स्वभाव स्वच्छता -संस्कार स्वच्छता के मनोभाव को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम सेवा से सीखें अभियान के तहत गांव में सिंगल यूज प्लास्टिक इकट्ठा करने का लक्ष्य रखा गया। दो दिवसीय स्वच्छता कार्यक्रम के पहले दिन पंचायत वार्ड सदस्य, महिला मंडलों एवं युवाओं ने मिल कर साफ-सफाई कर करीब 200 किलो प्लास्टिक एकत्रित किया। इस अभियान में पंचायत वार्ड सदस्य कुशाल ठाकुर, रीना, सीमा, स्मृति महिला मंडल, माता काली ओडी महिला मंडल और लक्ष्मी सहायता समूह ने विशेष तौर पर अपनी भागीदारी की। उन्होंने कहा कि 29 रविवार को दोबारा से सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्रित किया जाएगा और एकत्रित किए गए कचरे को नगर परिषद कुल्लू के हवाले किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पदों के लिए आवेदन

**आनी।** बाल विकास परियोजना अधिकारी निरमंड के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र बडीधार, जझार और निरमंड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व बोहटा, दुराह, न्युकुंदर, कोयल, बूंग, बिझाई, ठठाल, रेशल, जौवा सराहन, भालसी व स्तगीघार में सहायिका के पद रिक्त हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी निरमंड मनोज का कहना है कि उक्त पद भरने के लिए 8 अक्तूबर को एसडीएम निरमंड के कार्यालय में साक्षात्कार होंगे। जिन महिला उम्मीदवार की आयु 18-35 वर्ष के बीच हो, संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के सर्वे में शामिल हो, वार्षिक आय 50,000/- (पचास हजार) या इससे कम हो व न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बाहरवीं पास हो, अपना आवेदन पत्र बाल विकास परियोजना अधिकारी निरमंड के कार्यालय में 3 अक्तूबर सायं 5 बजे तक सादे कागज पर सभी वांछित दस्तावेजों की छाया प्रतियों साथ जमा करें। उनका कहना है कि विज्ञापन की प्रति एसडीएम के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर, संबंधित पंचायत, संबंधित वृत के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पान की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी निरमंड के कार्यालय के दूरभाष नंबर 01904265469 पर किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

### कॉलेज के प्रांगण से स्पोर्ट्स ऑफिस तक की सफाई



**कुल्लू।** नेहरू युवा केंद्र कुल्लू के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एक विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कॉलेज कुल्लू, स्नो लैंड स्काउट्स एवं गाइड्स ओपन ग्रुप कुल्लू, टीम सहभागिता, और जेहर युवा क्लब, सैंज के सदस्यों ने भाग लिया। इस सफाई अभियान का आयोजन कॉलेज कुल्लू के प्रांगण से लेकर स्पोर्ट्स ऑफिस कुल्लू तक किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खेम चंद ठाकुर, टीम सहभागिता के राज्य उपाध्यक्ष राज सिंघानिया और स्नो लैंड स्काउट्स एवं गाइड्स ओपन ग्रुप कुल्लू के असिस्टेंट रोवर स्काउट लीडर पूर्ण ने भी विशेष रूप से भाग लिया और सफाई अभियान में योगदान दिया। डॉ. लाल सिंह, राज्य निदेशक, नेहरू युवा केंद्र ने कहा, स्वच्छता केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक आदत होनी चाहिए। यह हमारे समाज को स्वस्थ और खुशहाल बनाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। युवा पीढ़ी को इसमें सक्रिय भूमिका निभाने की आवश्यकता है, क्योंकि वे भविष्य के निर्माणकर्ता हैं। स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाना बेहद जरूरी है। नेहरू युवा केंद्र इसी उद्देश्य के साथ स्वच्छता अभियानों का आयोजन कर रहा है, जिससे हमारे युवाओं में समाज के प्रति सेवा और कर्तव्य की भावना का विकास हो।

# बढ़ने लगे सैलानी, पर्यटन स्थलों में रौनक

## ताजा बर्फबारी के बाद खिली धूप से बर्फ से ढके पहाड़ चांदी सा निखर उठे

**कमलेश वर्मा, मनाली**

जिला कुल्लू के विभिन्न पर्यटन स्थलों में अब एक बार फिर पर्यटकों के आने से रौनक आ गई है और वीरान पड़े पर्यटन स्थल फिर से चहकने लगे हैं।

मौसम खुलते ही अब मनाली सहित रोहतांग, शिंकुला व बारालाचा सहित अन्य पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की चहलकदमी बढ़ गई है। रोहतांग और ऊंची चोटियों में गत दिनों हुई ताजा बर्फबारी के बाद रविवार को खिली धूप से बर्फ से ढके पहाड़ चांदी सा निखर उठे हैं, जो पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। मनाली में दशहरा सीजन में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसको देखते हुए पर्यटन कारोबारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मनाली के अन्य पर्यटन स्थलों सोलंगनाला, हिडिंबा मंदिर, वशिष्ट में भी काफी रौनक देखने को मिल रही है। उधर, रविवार को 158 पर्यटक वाहन रोहतांग पहुंचे। सोलंगनाला में पर्यटक पैराग्लाइडिंग जबकि कुल्लू में राफ्टिंग का आनंद ले रहे हैं। गत दिनों रोहतांग, शिंकुला व बारालाचा में बिछी बर्फ की परत पर्यटकों को आकर्षित करने लगी है। होटलों में भी छाई रौनक छा गई है। पर्यटन से जुड़े कारोबारियों का कारोबार भी चलने लगा है। सोमवार को 72 डीजल व 86 पेट्रोल इंजन वाहन रोहतांग पहुंचे। मनाली आने वाले पर्यटक वाहनों में भी इजाफा हुआ है। रविवार को वाहनों का आंकड़ा एक हजार के करीब पहुंच गया। लग्जरी बसों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। रविवार सुबह लगभग 40 बसें पर्यटकों को लेकर मनाली पहुंची। रोहतांग दर्रे के पर्यटन कारोबारी रमेश, तुला व दीपक ने बताया कि रविवार को एक हजार से अधिक पर्यटकों ने रोहतांग दर्रे में दस्तक दी। पर्यटकों ने दिन भर खिली धूप के बीच घूमने का आनंद लिया। सोलंग के पर्यटक कारोबारी रूप चंद ने बताया कि सोलंग में पर्यटकों की आमद कम रही, लेकिन साहसिक खेलों से प्रतिबंध हटते ही रौनक लोटी है।

होटल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि सप्ताहांत में पर्यटकों की आमद बढ़ रही है। दशहरा व दिवाली सीजन को लेकर मनाली के पर्यटन कारोबारी तैयार हैं। उन्होंने बताया कि धीरे-धीरे रौनक बढ़ने लगी है। (अनंत ज्ञान)



कुल्लू के बबेली में ब्यास नदी में राफ्टिंग का लुत्फ उठाते पर्यटक।

### सुचारु है सभी दर्रों में वाहनों की आवाजाही

**रविवार** को मौसम साफ रहने से रोहतांग सहित बारालाचा, शिंकुला व कुंजम दर्रे में वाहनों की आवाजाही सुचारु रही। मनाली से शिंकुला होते हुए 50 से अधिक वाहन जंस्कार आए गए, जबकि तीन सौ से अधिक वाहन बारालाचा दर्रे के आर पार हुए। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि सभी दर्रों में वाहनों की आवजाही सुचारु है।

# अफगानिस्तान के रास्ते अवैध रूप से आ रहे ईरानी सेब से बागवानों को हो रहा नुकसान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

कुल्लू घाटी में एक तरफ जहां इस वर्ष सेब का उत्पादन गत वर्ष की तुलना में कम आंका जा रहा है। वहीं, बागवानों को सेब का दाम भी गत वर्ष के मुकाबले कम ही मिल रहा है।



कुल्लू फलोत्पादक मंडल कटराई के महामंत्री राजीव ने बताया कि इस समय जो दाम बागवानों को सेब के मिल रहे हैं, वह दाम वर्ष 2008 में बागवानों को मिले थे यानी इस समय बागवान 16 वर्ष पहले के दामों में अपनी ऊपज को बेचकर संतोष कर रहे हैं। राजीव ने बताया कि सितंबर महीने में बागवानों का सेब 70 से 80 रुपए प्रति किलो बिकता आया है, मगर इस बार फसल के दाम कम होने के बावजूद भी सेब का दाम 40 से 50 रुपए बागवानों को मिल रहे हैं। हालांकि गत वर्ष सेब की पैदावार अधिक होने के कारण भी दाम बढ़िया मिले, मगर इस वर्ष विदेशों से अवैध रूप से आने वाले सेब ने बागवानों की जेब पर ढाका डाल दिया है। राजीव ने बताया कि सेब के दामों में आई गिरावट का मुख्य कारण अफगानिस्तान के रास्ते अवैध रूप से आने वाले ईरान का सेब है। हालांकि कुल्लू फलोत्पादक कई वर्षों से बागवानों की बेहतरी के लिए राज्य व केंद्र सरकार से प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से इस समस्या को उनके समक्ष रखता आया है, मगर इसके लिए कोई सार्थक कदम नहीं उठाए गए हैं। कुल्लू फलोत्पादक मंडल ने चिंता जाहिर की है कि यदि इस तरह से इंपोर्ट पौलिसी का रवैया रहा, तो उससे सरकार को मिलने वाली ड्युटी के साथ बागवानों की झोली भी खाली हो जाएगी।

महामंत्री राजीव ने बताया कि इस भारत में विदेश से अवैध रूप में आने वाले सेब का आयात इस तरह से रहा तो आने वाले समय में हिमाचल का सेब 20 रुपए प्रति किलो खरीदना भी बंद हो जाएगा। राजीव ने कहा कि कुल्लू फलोत्पादक मंडल की मासिक बैठक में कार्यकारिणी ने निर्णय लिया कि शीघ्र ही एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री व केंद्र सरकार के बागवानी मंत्री से भेंट करेगा व बागवानों की इस समस्या से अवगत करवाएगा।

# बच्चों ने कौशल विकास यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

दिव्यम सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षा कल्याण सोसायटी (भुंतर) जिला कुल्लू के भुंतर में (दिव्यम कंप्यूटर शिक्षण संस्थान) में कौशल विकास यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत भुंतर के प्रधान रविंद्र डोगरा व उनके साथ मीना घई मुख्यातिथि पहुंचे।

इस अवसर पर मुख्यातिथि व दिव्यम इंस्टिट्यूट के ऑनर और स्टाफ के साथ बच्चों ने कौशल विकास यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। आईसेकट ऑर्गेनाइजेशन से नरेंद्र भट्ट, दर्शन लाल ने स्टूडेंट्स को नई शिक्षा नीति के बारे में अवगत करवाया। साथ में उच्च शिक्षा व कौशल विकास कार्यक्रम नियमों के बारे में जानकारी के साथ रोजगार मंत्रा पोर्टल की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में कंप्यूटर सेंटर का स्टाफ भी उपस्थित रहा। आए हुए मेहमानों का इंस्टिट्यूट के ऑनर मीनाक्षी नायक तथा स्टाफ गोपाल कृष्ण तथा अन्य स्टाफ ने टोपी मफलर से उनका स्वागत किया और साथ में बच्चों ने भी आए हुए मेहमानों के लिए मनोरंजन के तौर पर डांस, स्वागत गीत, अशोक ने गाना गाकर उन सभी का मनोरंजन करवाया।



# डोम आवंटन के लिए खुली बोली 25 सितंबर को

**कुल्लू।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कुल्लू तथा दशहरा प्लॉट आवंटन कमेटी के अध्यक्ष अश्वनी कुमार ने जानकारी दी है कि दशहरा मैदान में डोम के आवंटन के लिए खुली बोली के माध्यम से आवंटन किया जाना है, जिसके लिए 25 सितंबर 12 बजे अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कार्यालय कुल्लू में खुली बोली का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इसके लिए पूर्व निर्धारित नियम एवं शर्तों में काफी हद तक छूट दी गई है, ताकि इसमें अधिक से अधिक प्रतिभागिता सुनिश्चित हो सके। अतः इच्छुक बोलीदाताओं से निवेदन किया गया है कि वह इस तिथि को उक्त कार्यालय में आकर इस खुली बोली में भाग ले सकते हैं।

# रंगकर्मियों ने हिमाचल के रंगमंच दशा एवं दिशा पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित अटल सदन कुल्लू के कॉन्फ्रेंस हॉल में 'हिमाचल का रंगमंच, दशा एवं दिशा' विषय पर आधारित एक राज्य स्तरीय संगोष्ठी आयोजित हुई। इस राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन रंगमंच के क्षेत्र में वर्षों से अपनी उत्कृष्ट सेवा दे रही स्थानीय संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन के बैनर तले किया गया। इस संगोष्ठी में प्रदेश भर के 51 रंगकर्मी जुटे और सभी ने अपने-अपने विचार रखे।

सेमिनार बारे जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध रंगकर्मी केहर सिंह ने बताया कि इस दौरान हिमाचल का रंगमंच, दशा एवं दिशा' विषय पर सभी ने अपने-अपने विचार रखकर उनके समाधान बारे विस्तृत चर्चा की। इस गोष्ठी में मुख्य रूप से इस बात को लेकर चर्चा हुई कि कुल्लू, मंडी, बिलासपुर तथा सोलन में जो नए प्रेक्षागृह भाषा विभाग द्वारा बनाए गए हैं उन्हें हिमाचल की नाट्य संस्थाओं के लिए भाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गेयटी थियेटर शिमला की तरह नाट्य मंचन के लिए निशुल्क और गेयटी के प्रेक्षागृह की तरह ही नाटक मंचन के लिए आरक्षण शुल्क में छूट पर उपलब्ध करवाए जाएं। साथ ही भाषा विभाग की ओर से गेयटी सहित हिमाचल के इन नवनिर्मित प्रेक्षागृहों में मासिक नाट्य प्रस्तुति की योजना शुरू की जाए और हिमाचल भर की उत्कृष्ट नाट्य प्रस्तुतियों को प्रति माह मंचन के लिए आमंत्रित किया जाए। सभी रंगकर्मियों ने उक्त बिंदुओं पर एक मांग पत्र भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल को भेजने का भी निर्णय लिया। साथ ही इस बात पर भी मंथन किया कि कैसे विभिन्न जिलों की संस्थाएं अपने ही स्तर पर आपस में एक से दूसरे जिले में नाटकों का विनिमय कर सकती हैं।



राज्य स्तरीय रंगमंच संगोष्ठी के दौरान चर्चा करते हुए प्रदेशभर के रंगकर्मी।

# सीएम करेंगे पतलीकूहल बस अड्डे का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

कुल्लू के पतलीकूहल में बस स्टैंड बनकर तैयार हो चुका है और बस स्टैंड को जल्द ही सुचारू रूप से शुरू करने के लिए स्थानीय जनता ने मांग की है। मुख्यमंत्री जल्द ही पतलीकूहल बस स्टैंड का विधिवत शुभारंभ करेंगे। बस स्टैंड का उद्घाटन होने के बाद यहां आने वाली सभी लोकल बसों को जहां रात में रुकने की सुविधा मिलेगी।

वहीं, मनाली या कुल्लू जाने वाली बसों को भी पतलीकूहल बस स्टैंड से होकर गुजरना होगा, जिससे आर्थिकी का संकट झेल रहे स्थानीय दुकानदारों को फायदा होगा। स्थानीय निवासियों ने पतलीकूहल बस स्टैंड को जल्द से जल्द सुचारु करने की मांग की है। बस स्टैंड का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन अभी तक यह सुचारु नहीं किया गया है। स्थानीय निवासी रोशन लाल, ढोल दास, संजय अंगरूप, शंकर, ज्योति प्रकाश, सुरेश, राम चंद बोध, मोहिंद्र ठाकुर व जग्गू ने सरकार से मांग की है कि जल्द बस स्टैंड से बसों की आवाजाही शुरू की जाए।



नवनिर्मित पतलीकूहल बस स्टैंड।

### जाम से मिलेगी निजात

व्यापार मंडल अध्यक्ष अर्जुन देव गौतम ने कहा कि बस स्टैंड के शुरू होने से कुल्लू-मनाली नग्गर व पनगां को जोड़ने वाले पतलीकूहल चौक पर जाम से भी लोगों को निजात मिलेगी। पतलीकूहल चौक से मनाली की तरफ जाने वाले वाहनों सहित कुल्लू, नग्गर व पनगां की तरफ जाने वाले वाहनों के खड़े होने से जाम की स्थिति पैदा हो जाती है, जिस कारण घंटों जाम लगा रहता है।

**पतलीकूहल** बस स्टैंड का निर्माण हो चुका है। अब जल्द ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के द्वारा इस बस स्टैंड का उद्घाटन कर दिया जाएगा और उद्घाटन होने के बाद बस स्टैंड को जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

**भुवनेश्वर गौड़, विधायक मनाली विधानसभा क्षेत्र।**

# बाइकों की भिड़ंत एक की मौत

**कुल्लू।** कलैहली के पास रविवार को एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार कलैहली के पास 2 बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। तेज रफ्तार के कारण यह हादसा पेश आया। एक बाइक पर सवार नेपाली मूल के व्यक्ति विजय को हादसे में अधिक चोटें आईं और उसे उपचार के लिए तेगुबेहड़ अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार व्यक्ति को हल्की चोटें आई हैं। पुलिस ने घटना को लेकर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वहीं, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान विजय (41) पुत्र कलिमान हाल निवासी जिया जिला कुल्लू के रूप में हुई है, जो कि हादसे के समय भुंतर की तरफ को आ रहा था। उधर, एसपी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि इस घटना में नेपाली मूल के एक व्यक्ति की मौत हुई है।

# पानी और बिजली की दरों में बढ़ोतरी जनता के मूलभूत अधिकारों का हनन : गोविंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पूर्व मंत्री एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोविंद ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 300 यूनिट मुफ्त बिजली की गारंटी देकर प्रदेश की सत्ता पर बैठी थी, लेकिन कुर्सी मिलते ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने चुनाव पूर्व किए बड़े वादों को एक एक कर ठंडे बस्ते में डालना शुरू कर दिया।



उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और उसके मुखिया पेट्रोल-डीजल में की गई बेतहाशा वृद्धि के बाद ऐसे जन विरोधी निर्णयों से सरकार प्रदेश की जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही है। पूर्व भाजपा सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र की जनता को 125 यूनिट मुफ्त बिजली और पानी के बिलों से आजादी दी थी, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद आर्थिक कुप्रबंधन से प्रदेश को आर्थिक बदहाल करने के बाद अब मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता से उगाही का कार्य शुरू कर दिया है, जिससे जनता भी सरकार से निराश और आक्रोशित है। सुक्खू सरकार ने निर्णय लिया है कि अक्तूबर महिने से तीन सौ से अधिक यूनिट खरचने पर सारी सब्सिडी बिलकुल बंद कर दी जाएगी, जिससे बिजली की दरें आसमान को छुएंगी और आम जनता पर भारी बोझ पड़ेगा। सरकार के इस आदेश के बाद राज्य बिजली बोर्ड ने बिजली नियामक को टैरिफ बड़ाने के लिए पत्र भी लिख दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में अक्तूबर माह से पानी के अत्यधिक भारी बिल आएंगे क्योंकि यदि किसी उपभोक्ताओं के घर में दो कनेक्शन हैं, तो फिर 2400 रुपए से अधिक की सालाना राशि केवल पानी पर ही खर्च होगी। इसके अलावा पानी के टैरिफ रेट में भी कांग्रेस सरकार ने बड़ी वृद्धि की है, जो सीधा हिमाचल की जनता की जेब पर डाका है।

# प्रवासी मजदूर कूड़ा फेंक सुंदरता को लगा रहे दाग

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

कुल्लू-मनाली हाईवे में रायसन के समीप प्रवासी मजदूरों का डेरा राष्ट्रीय प्राधिकरण ने नोटिस दे कर उठा तो लिया, मगर उन लोगों की ओर से गंदगी नहीं उठाई गई है। अब इन लोगों ने वहीं समीप ही ब्यास किनारे डेरा डाल दिया है।

कूड़े का ढेर जस का तस वहीं पड़ा हुआ है। इन के द्वारा फेंका गया कबाड़ का सामान भी ब्यास नदी में गिर रहा है, जो ब्यास नदी को भी प्रदूषित कर रहा है। शौचालय की व्यवस्था न होने के कारण ब्यास नदी व शिरढ नाला को गंदा करने का काम किया। लोगों ने बताया कि इनको बार-बार कहने के बाद भी यह समीप ही इधर-उधर कुछ दिनों के लिए डेरा बदल लेते हैं, मगर इस स्थान को नहीं छोड़ते हैं। शिरढ प्रधान चित्रलेखा भार्गव ने बताया कि शिरढ मेले के दौरान कुछ दिन इन को रहने को कहा गया था। फिर इन लोगों ने वहां से डेरा उठा लिया और राष्ट्रीय उच्च मार्ग के किनारे लगा दिया। राष्ट्रीय प्राधिकरण के रेजिडेंट अभियंता अशोक ने बताया कि हमने हाईवे से डेरा उठाने व कबाड़ हटाने का नोटिस दे दिया है। प्रवासी मजदूरों द्वारा स्वयं कबाड़ को 2 दिनों में हटाकर जगह को साफ किया जाएगा। लोगों ने प्रशासन से भी मांग की है कि इस गंदगी के ढेर को जल्द साफ करवाया जाए, ताकि इलाके की सुंदरता बनी रहे। (अनंत ज्ञान)



ब्यास नदी किनारे प्रवासी मजदूरों के द्वारा फेंका गया कूड़ा।





**आयोजन** जिला परिषद भवन के सभागार में बहुविषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ शुभारंभ, 24 को 50 लोग ऑनलाइन तरीके से संगोष्ठी का बनेंगे हिस्सा

# संगोष्ठी में विभिन्न राज्यों के विद्वान 12 विषयों पर रखेंगे व्याख्यान

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुल्लू में बहु-विषयक अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हो रहा है। दो दिवसीय यह संगोष्ठी रूपी सिराज कला मंच साधना स्थली कुल्लू और भाषा एवं संस्कृतिक विभाग हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जा रही है।

जिला मुख्यालय कुल्लू स्थित जिला परिषद भवन के सभागार में इस बहुविषयक अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। अध्यक्ष एवं पूर्व प्रोफेसर हिप्र विश्विद्यालय शिमला डॉ. सरस्वती भल्ला ने दो दिवसीय इस संगोष्ठी का विधिवत शुभारंभ किया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय रोरिक मेमोरियल ट्रस्ट की रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रही। इस संगोष्ठी में देशभर के विभिन्न राज्यों के विद्वान दो दिनों तक 12 विषयों पर अपने व्याख्यान रखेंगे। इसी कड़ी में पहले दिन संगोष्ठी के दौरान उपस्थित साहित्यकारों एवं विभिन्न विषयों पर शोध कर चुके शोधार्थियों ने अपने-अपने विचारों को साझा किया। इस अवसर पर साहित्य के विविध आयाम पर सभी गणमान्य अतिथियों ने अपने-अपने विचार रखे। रूपी सिराज कला मंच साधना स्थली कुल्लू के सचिव एवं कार्यक्रम के सूत्रधार डॉ. दयानंद गौतम ने संगोष्ठी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस संगोष्ठी में 12 ज्वलंत विषयों पर आमंत्रित विद्वानों एवं साहित्यकारों के द्वारा शोधपत्र पढ़ने के साथ-साथ चर्चा भी की जाएगी। इस संगोष्ठी में विशेष रूप से जम्मू कश्मीर, हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथि संगोष्ठी का हिस्सा बनेंगे। संगोष्ठी छह सेशन में करवाई जाएगी, जहां पर आमंत्रित 31 अतिथि अपने शोधपत्र पढ़ेंगे। सह संगोष्ठी तीन दिनों तक चलेगी इसमें करीब चार दर्जन लोग ऑफलाइन और उसके बाद 24 को 50 लोग ऑनलाइन तरीके से संगोष्ठी का हिस्सा बनेंगे।

इस दौरान संवाद, मानव मूल्यों, भाइचारा, संवेदना, मानव और मानव के रिश्तों की बात की जाएगी। संगोष्ठी के पहले दिन उपस्थित सभी विद्वानों ने साहित्य से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक अपने विचारों को साझा किया। (अनंत ज्ञान)



रूपी सिराज कला मंच द्वारा आयोजित संगोष्ठी में भाग लेते साहित्यकार एवं शोधकर्ता।

## न्यूज ब्रीफ

### गलत शब्दावली की पोस्ट करने पर मामला दर्ज

**बीबीएन।** दून विधायक राम कुमार चौधरी के खिलाफ फेसबुक पर गलत शब्दावली की पोस्ट अपडेट करने पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने आईटी एक्ट में मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में जसविंद्र सिंह गांव लेही बद्दी ने बताया कि कोई नामालूम व्यक्ति द्वारा फेक आईडी (सच कडवा होगा) के नाम से फेसबुक पेज बनाकर वतथ्यों को तोड़ मरोड़ कर उल्टी शब्दावली की पोस्ट डाल कर विधायक राम कुमार के खिलाफ व छवि को धुमिल करने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### एचआईवी एड्स से बचने के उपयों पर की चर्चा




**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट कॉलेज रेड रिबन क्लब की प्रभारी भूवि शर्मा व दो छात्राओं की ओर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला सोलन के अंतर्गत रेड रिबन क्लब के बैनर तले एचआईवी एड्स पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया गया। रेड रिबन क्लब की प्रभारी सहायक आचार्य भूवि शर्मा ने बताया कि तृतीय वर्ष से ममता व द्वितीय वर्ष से हर्षा ने इस कार्यशाला में भाग लिया। इस कार्यशाला में एचआईवी एड्स से बचने के उपायों के बारे में चर्चा की गई। कार्यशाला में मुख्य रूप से एचआईवी एड्स की रोकथाम व जनसमुदाय में जागरूकता का प्रसारित करने के संदर्भ में विद्यार्थियों को जानकारी मुहैया करवाई गई।

### आपदा प्रबंधन कमेटी का किया गठन



**नाहन।** नाहन कॉलेज में आपदा पर जागरूकता शिविर को आयोजन किया गया, जिसमें सात सदस्यीय आपदा प्रबंधन कमेटी का गठन किया। डॉक्टर वेद प्रकाश (संयोजक), प्रोफेसर देवेंद्र कुमार, प्रोफेसर नवदीप कौर शाह, डॉ. पंकज चांडक, प्रोफेसर भूमिका, प्रोफेसर ट्विंकल व खेमराज शामिल हैं। अंत में इस कार्यक्रम में कॉलेज के संपूर्ण शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ, राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी, राष्ट्रीय कैडेट कोर के विद्यार्थी व डीसी कार्यालय परिसर से आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ में कार्यरत अरविंद चौहान भी मौजूद रहे।

### भारत में कोचिंग में उभरते रुझानों पर की चर्चा




**सोलन।** दो दिवसीय सेंटर फॉर लीडरशिप कोचिंग लांच कॉन्फ्रेंस शिखर सम्मेलन प्रभावशाली अंतर्दृष्टि और प्रेरक चर्चाओं के साथ संपन्न हुआ क्योंकि इसने नेतृत्व विकास में भविष्य की पहल के लिए मंच तैयार किया। नेतृत्व उत्कृष्टता: सभी स्तरों पर सीईओ, बोर्ड सदस्यों और प्रबंधकों के लिए अनुकूलित कोचिंग विषय पर एक पैनल चर्चा की अध्यक्षता करते हुए, कुलपति प्रोफेसर अतुल खोसला ने कहा कि भारत को भविष्य के नेताओं को तैयार करने के लिए बुनियादी ढांचे में काफी वृद्धि करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि अगले एक साल में दुनिया का 25 प्रतिशत कार्यबल भारत में होगा क्योंकि देश में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है। उन्होंने कहा कि कोचिंग की शुरुआत जैसी पहल से भारत को आगे की चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी।पैनलिस्टों में क्वानोलेटिक्स के प्रबंध निदेशक डॉ. अनुज बत्ता, शूलिनी विश्वविद्यालय में सेना के अनुभवी और बोर्ड सदस्य कर्नल शैलेश पाठक हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड में एचआर रणनीति, मानव संसाधन और पीपुल्स स्ट्रैटेजी, नटवाल काडेल शामिल थे। एक अन्य पैनल चर्चा में, एनएचआरडीएन के अध्यक्ष और जेके संगठन में ग्रुप एचआर प्रमुख प्रेम सिंह ने भारत में कोचिंग में उभरते रुझानों के बारे में बात की और कार्यक्रम के आयोजन और कोचिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में मानक स्थापित करने के लिए शूलिनी विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्होंने कोचिंग को एक अभ्यास के रूप में वर्णित किया जो आत्म-खोज की सुविधा प्रदान करता है। उन्होंने प्रस्ताव दिया कि कोचिंग कॉन्क्लेव शूलिनी विश्वविद्यालय में एक वार्षिक कार्यक्रम बनना चाहिए।

### कांग्रेस का कार्यकाल हर दृष्टि से असफल : सूरत



**रिकांगपिओ।** पिछले डेढ़ वर्षो के प्रदेश में कांग्रेस सरकार का कार्यकाल हर दृष्टि से पूरी तरह से असफल रहा है। पूर्व प्रदेश वन विकास निगम उपाध्यक्ष सूरत नेगी ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षों से किन्नौर के निगुलसरी अवरुद्ध मार्ग का मुद्दा समय -समय पर सरकार की समक्ष उठाया गया, लेकिन कांग्रेस सरकार को जनता की कोई परवाह नहीं है। भाजपा सरकार के समय निगुलसरी में अवरुद्ध मार्ग पर वैकल्पिक मार्ग की व्यस्था के लिए भावानगर से छोटा कंबा तक वैकल्पिक मार्ग को लेकर प्रशासनिक अप्रूवल लिया व 11 करोड़ 45 लाख रूपए बजट का प्रावधान किया था, लेकिन वर्तमान कांग्रेस सरकार ने इस कार्य को ठंडे बस्ते में डाल दिया, जिस कारण आज जिले की जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। जिले की जनता व किसान, बागवान पिछले डेढ़ महिने से निगुलसरी अवरुद्ध होने के कारण बहुत परेशान हैं। नेगी ने सेब सीजन के समय नाथपा के समीप एनएच पर वाइडनिंग के कार्य के चलते एनएच अवरुद्ध होने पर आपत्ति जताई व आरोप लगाते हुए कहा कि नाथपा के समीप स्लाइडिंग प्वाइंट पर गर्मियों के दौरान वाइडनिंग का कार्य न कर ठीक सेब सीजन के दौरान कार्य शुरु करने से जिले के बागवानों सहित जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# सोलन में होगा बाल भिखारियों का सर्वेक्षण, शहरों में बढ़ रही समस्या

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जिला सोलन में झुगी झोंपड़ियों और सड़कों के किनारे रहकर शहरों में भीख मांगने वाले बाल भिखारियों की पहचान का प्रशासन सर्वेक्षण करवाएगा।

साथ ही इसकी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर स्वराज पोर्टल में अपलोड की जाएगी। प्रवासियों के बच्चे अक्सर निर्माण स्थलों के साथ-साथ सोलन, बद्दी, बरोटीवाला और नालागढ़ जैसे शहरी स्थानों पर भी भीख मांगते पाए जाते हैं। ये बच्चे समूहों में घूमकर राह चलते लोगों से पैसे और खाने की मांग करते नजर आते हैं। इससे लोगों को खासकर पर्यटकों को खासी दिक्कते पेश आती हैं। (अनंत ज्ञान)


फाइल फोटो।

### जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**हालही** में इस विषय पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित करने वाले एक अधिकारी ने बताया कि किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम-2015 के तहत कानून के साथ संघर्षरत बच्चों और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के मामलों को संभालने के लिए विशेष किशोर पुलिस इकाइयां (एसजेपीयू) स्थापित की गई हैं, लेकिन यह केवल कागजी काम बनकर रह गया है। अधिकांश पुलिस अधिकारी विशेष किशोर पुलिस अधिकारी के रूप में अपनी भूमिका के बारे में नहीं जानते हैं, क्योंकि यह केवल कागजी औपचारिकता बनकर रह गई हैं। उन्हें उनकी भूमिका के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस गणना में गुमशुदा बच्चों का विवरण भी शामिल किया जा रहा है।

### बच्चों की काउंसलिंग जरूरी

**सोलन** के अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) अजय यादव ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस और बाल विकास परियोजना अधिकारियों और शहरी क्षेत्रों में महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों की मदद से सड़क पर सामान बेचने, धार्मिक स्थलों के पास भीख मांगने या बाल श्रम में लिप्त बच्चों की पहचान की जाएगी। उन्होंने कहा कि मिशन वात्सल्य के तहत संस्थागत देखभाल, गैर-संस्थागत देखभाल, गुमशुदा बच्चों की तलाश, सड़कों पर रहने वाले बच्चों का सर्वेक्षण, देखभाल और संरक्षण की जरूरत वाले बच्चों और कानून, बाल विवाह, बाल श्रम आदि से जूझ रहे बच्चों की काउंसलिंग की जा रही है। यादव ने कहा, नवीनतम विवरण के अनुसार, यह पाया गया है कि इस वर्ष बद्दी में नौ बच्चे लापता हुए। एक बच्चे को छोड़कर, अन्य सभी का पता लगा लिया गया है। सोलन के शेष हिस्सों में लापता बताए गए सभी 11 बच्चों का पता लगा लिया गया है। प्रवासियों के बच्चे अक्सर निर्माण स्थलों के साथ-साथ सोलन, बद्दी, बरोटीवाला और नालागढ़ जैसे शहरी स्थानों पर भी भीख मांगते पाए जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सड़कों पर रहने वाले बच्चों की पहचान और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से स्थापित बाल स्वराज पोर्टल पर उनका विवरण अपलोड करना अनिवार्य कर दिया है। ऐसा इन बच्चों को मिशन वात्सल्य के तहत सहायता प्रदान करने के लिए किया गया है।

## भुरेश्चवर महादेव मंदिर में नेचर पार्क व वन वाटिका होंगे आकर्षण का केंद्र

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**



सराहां के समीप क्वागधार की पहाड़ियों पर स्थित भुरेश्चवर महादेव का मंदिर इलाके के लोगों की श्रद्धा का आस्था का केंद्र है और यहां दूर-दूर से भक्त आते हैं। धीरे-धीरे यह स्थान धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है।

इस धार्मिक पर्यटन स्थल के आसपास के क्षेत्र को और सुंदर व आकर्षक बनाने के लिए वन विभाग की ओर से ईको टूरिज्म के यहां बनाई जा रही वन वाटिका व नेचर पार्क भी यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बन रही है। इस वन वाटिका में एक्वाप्रेशर पाथ यानी पैदल रास्ते के साथ-साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे भी लगाए गए हैं, जिसमें औषधिय पौधे भी शामिल हैं, जो लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश देते हैं। वहीं, इस वाटिका में एक सेल्फी प्वाइंट भी बना है। पर्यटकों की सुविधा के लिए यहां एक कैंटीन का भी निर्माण किया जा रहा है यहां इस वन वाटिका में वाटर फाल भी बनाया जा रहा है, ताकि भुरेश्वर महादेव के दर्शन करने के लिए आने वाले भक्तों को यहां दर्शन के बाद कुछ देखने को मिले। इस वन वाटिका व नेचर पार्क के निर्माण में वन रक्षक नीलम शर्मा का सबसे ज्यादा योगदान है। नीलम शर्मा के अनुसार ईको टूरिज्म के तहत यहां लगभग 32 लाख रुपए की लागत से इस वन वाटिका एवं नेचर पार्क का निर्माण किया गया है। इससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को जहां एक और यहां की प्राकृतिक वनस्पति व औषधीय पौधों की जानकारी मिलेगी। वहीं, श्रद्धालु यहां एक्वा प्रेशर पैदल रास्ते का भी मजा ले सकेंगे।

## अवैध कटिंग बारे डीसी के निर्देशों की उड़ाई जा रही धज्जियां : नाथुराम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर में अवैध कटिंग, अवैध डंपिंग समेत अवैध खनन जोरों पर है। डीसी सिरमौर की ओर से संबंधित विभागों को अति आवश्यक लिखते हुए कार्रवाई करने के लिए भी बाकायदा लिखित तौर पर निर्देश जारी किए गए थे। बावजूद इसके कोई कार्रवाई सबंधित विभागों की ओर से होती दिखाई नहीं दे रही है। पांवटा-शिलाई क्षेत्र में लगातार अवैध खनन का कार्य जोरों पर है।

नेशनल हाईवे-707 पर अवैध कटिंग अवैध ब्लास्टिंग की जा रही है। डीसी द्वारा एनजीटी को दिए निर्देशों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यह आरोप नाहन में डीसी सिरमौर को पुन: सौंपी एक शिकायत में सामाजिक कार्यकर्ता नाथूराम चौहान ने लगाए हैं। नाथूराम चौहान ने कहा कि नेशनल हाईवे पांवटा-



शिलाई-गुम्मा 707 पर अवैध कटिंग, अवैध डंपिंग लगातार जारी है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। प्राकृतिक जल स्रोत खत्म हो चुके हैं। एनजीटी के निर्देशों की यहां सरेआम धज्जियां उड़ाई गई हैं, जिसको लेकर डीसी सिरमौर को लिखित तौर पर पत्र सौंपा गया। डीसी ने भी सबंधित विभागों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए, बावजूद इसके संबंधित विभाग व अधिकारी मूकदर्शक बने बैठे हैं। क्षेत्र वासियों को लगातार खनन माफिया अवैध कटिंग कर रहे लापरवाह लोगों के चलते भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### बाइक चोरी के मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार



**बीबीएन।** नालागढ़ के सीएचसी अस्पताल परिसर से बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गुरमीत सिंह पुत्र कंदारा सिंह निवासी रेल माजरा तहसील बलाचौर जिला शहीद भगत सिंह नगर पंजाब 69 वर्ष से हुई है। बीते 14 अगस्त को पुलिस थाना नालागढ़ में शिकायत मिली थी कि नालागढ़ अस्पताल की पार्किंग से मोटरसाइकिल कोई नामालूम व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना नालागढ़ के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

## संडोली में 21 लाख की लागत से विकास कार्यों का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

मुख्य संसदीय सचिव उद्योग राजस्व एवं नगर नियोजन विभाग हिमाचल प्रदेश सरकार राम कुमार ने दून की पंचायत संडोली में लगभग 21 लाख रुपए की लागत के विभिन्न विकासात्मक कार्यों का शिलान्यास किया।

उन्होंने निचली संडोली से जोध सिंह के घर तक बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण के माध्यम से 4 लाख 50 हजार रुपए से संपर्क मार्ग पर बिछाने वाली इंटरलॉक टाइल्स और गांव खाबलिया संडोली में ज्ञानचंद के घर से जगदीश चंद के घर तक 16 लाख 57 हजार से बनने वाले भूमिगत जल निकासी, सीवरेज व संपर्क मार्ग पर बिछाने वाली इंटरलॉक टाइल्स के कार्य का शिलान्यास किया। मुख्य संसदीय


दून विधायक विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन कर शुरुआत करते हुए।

सचिव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रयास किया जा रहा है कि दून के सभी गांवों, घरों को बेहतर सड़क सुविधा मिले। क्षेत्र के लोगों तक सभी मूलभूत सुविधा पहुंचाना और विकास की गति को तेज करना उनकी प्राथमिकता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने निचली संडोली से जोध सिंह के घर तक बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण के माध्यम से 4 लाख 50 हजार रुपए से संपर्क मार्ग पर बिछने वाली इंटरलाक टाइल्स के लिए अतिरिक्त 4 लाख 50 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर पंचायत संडोली के प्रधान भाग सिंह, उपप्रधान श्यामलाल, पंचायत नंदपुर के प्रधान मस्त मोहम्मद, पंचायत सुनेड़ के प्रधान मेहर चंद आदि मौजूद रहे।

### बान वृक्ष की विलुप्त होती प्रजाति के संरक्षण को आगे आया वन विभाग

## वन बीट पानवा में तैयार किया जा रहा बान का जंगल

**रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़**

पच्छाद उपमंडल में विलुप्त होते जा रहे बान के जंगलों को पुन: स्थापित करने के लिए वन विभाग हिमाचल प्रदेश लगातार प्रयास कर रहा है।

वन विभाग की पानवा बीट की वन रक्षक नीलम शर्मा के अनुसार जनवरी महीने में यहां बान के बीजों का एकत्रीकरण कर उसे रेत व गोबर में रख दिया गया था। एक महीने के बाद बान के बीज को गोबर व रेत से निकाल उसे बान का जंगल तैयार करने के लिए चिन्हित किए गए क्षेत्र में लगा दिया गया। इस पूरे क्षेत्र में लगभग चार सौ



ट्रेंच खोदी गई, जिसमें बारिश का पानी एकत्र हो सके और इस पूरे क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में नमी बनी रही। इसके साथ-साथ इस पूरे क्षेत्र को सीमेंट के पोल व कांटेदार तारों से सील कर दिया गया, ताकि जंगली जानवर व पशु आदि बान के पौधों को हानि न पहुंचा सकें। इस पूरे क्षेत्र में लगभग ढ़ाई क्विंटल बान का बीज लगाया गया था, जो लगभग पूरी तरह से जम गया है और अब बान के पौधे धीरे-धीर बढ़ने लग गए हैं।

इस अभियान के तहत 3 हेक्टेयर जमीन पर ढाई क्विंटल बीज की बिजाई की गई थी यदि यह योजना सिरे चढ़ गई तो, इससे न केवल इलाके में विलुप्त हो रहे बान के वनों को संरक्षण मिलेगा, बल्कि इससे वातावरण में नमी, पशुओं को चारा व लकड़ी भी उपलब्ध होगी। बान का पेड़ एक ऐसा पेड़ है, जो कई तरह से उपयोगी है। इसका उपयोग जहां पालतू पशुओं के चारे के लिए इस्तेमाल किया जाता है वहीं, जंगली जानवर भी इसके बीजों को खुश होकर खाते हैं। माना जाता है कि इसका चारा पशुओं के लिए स्वास्थ्य वर्धक होता है। वहीं इसका पेड़ आसपास के इलाके में नमी बरकरार रखता है। इतना ही नहीं, जिस क्षेत्र में बान के जंगल पाए जाते हैं। उस क्षेत्र का तापमान काफी कम रहता है। नीलम शर्मा का कहना है कि यहां इस क्षेत्र में बान का जंगल तैयार करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है और वे इसके लिए लगातार प्रयास कर रही है।

## दुष्प्रवृत्तियों को दूर कर ही युवा पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित : पं. जयचंद

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

दाड़लाघाट के मझेड़ गांव में पं.जय चंद के घर श्रीमद्भागवत कथामृत की वर्षा हो रही है।

आचार्य नरेंद्र भारद्वाज व्यास गद्दी को अलंकृत करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का सुंदर बखान कर रहे हैं। आचार्य नरेंद्र भारद्वाज ने अपने प्रवचनों तथा सरस भजनों द्वारा भक्ति रस की धारा बहाते हुए पंडाल में उपस्थित भक्तों को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने आज के प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण जन्म से लेकर उनके



बाल्यकाल की अनेक लीलाओं का वर्णन रोचकता भरे उदाहरण देकर किया, साथ ही साथ उन्होंने रोचक दृष्टांत देकर समाज में पनप रही अनेक दुष्प्रवृत्तियों की ओर भक्तों का ध्यानाकर्षित किया। उन्होंने आग्रह किया कि हम इन दुष्प्रवृत्तियों को दूर कर ही युवा पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं।

## पांवटा में युवाओं को सिखाए आपदा प्रबंधन के तरीके

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

डीसी सिरमौर के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सिरमौर की ओर से विकासखंड पांवटा साहिब के आसपास की 9 पंचायतों के 80-90 युवा स्वयंसेवकों की टास्क फोर्स के निर्माण के लिए आपदा प्रबंधन के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का खंड विकास अधिकारी कार्यालय सभागार हॉल, पांवटा साहिब में कार्यवाहक खंड विकास अधिकारी, दयाल सिंह ने सभी सफल युवा स्वयंसेवको को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर स्थानीय पंचायत प्रधान, उपप्रधान, पंचायत सचिव,



ग्रामीण रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक व अन्य स्थानीय स्वयंसेवक व ग्रामीण भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में कार्यवाहक खंड विकास अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को इस तीन दिवसीय कार्यशाला के सफलतापूर्वक समापन पर बधाई दी।

### बीमा योजना के बारे में बताया

**पांवटा साहिब।** ग्राम मेलियों, माजरा के नाबॉर्ड तथा हिमाचल प्रदेश शाखा राज्य सहकारी बैंक की शाखा माजरा के सौजन्य से एवं रिजर्व बैंक के आदेशानुसार वित्तीय साक्षरता व डिजिटल कैंप का आयोजन किया गया।

इस शिविर में मेलियों ग्राम की महिलाओं को बैंक में चल रही विभिन्न बचत ऋण व बीमा योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। समस्त महिलाओं को ऋण योजना की जानकारी दी गई, आजकल बैंको में वित्तीय फ्रॉड से बचने के बारे में व सतर्क रहने को कहा गया। इतना ही नहीं मोबाइल पर आने वाले ओटीपी को शेयर न करने की सलाह दी गई।

## छात्राओं को वितरित किए सेनेटरी पैड

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंडी में हंस फाउंडेशन की ओर से छात्राओं को सेनेटरी पैड वितरित कर स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया गया।

एसपीओ उमा ठाकुर ने कहा कि सेनेटरी पैड महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ा एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन शर्म व झिझक के कारण आज भी कई महिलाएं इस सुविधा से वंचित हैं। एमओ शिल्पा ठाकुर व डॉक्टर उमा भारती ने कहा कि समाज में बदलाव लाने के लिए स्वयं को आगे आने की जरूरत है। इस दौरान किशोरियों के लिए स्वास्थ्य शिविर में मासिक


चंडी स्कूल में हंस फाउंडेशन छात्राओं को सेनेटरी पैड वितरित कर स्वच्छता का संदेश देते हुए।

धर्म से संबंधित उस समय होने वाली परेशानियों और स्वच्छता और पौष्टिक भोजन के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही 13 साल से ऊपर की सभी किशोरियों को सेनेटरी पैड भी बांटे। इसके साथ बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस मौके पर हंस फाउंडेशन की ओर से आयोजित शिविर के लिए विद्यालय प्रधानाचार्य अमिता कौशल ने उनका आभार व्यक्त किया।

## नशे को हराने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि खेलकूद गतिविधियां युवाओं को नशे से दूर रखने में महत्वपूर्ण हैं।

डॉ. शांडिल ने कंडाघाट स्कूल में आयोजित 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की छात्राओं की तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह को समारोह को संबोधित कर रहे थे। खेलकूद प्रतियोगिता में सोलन के 46 स्कूलों की 543 छात्राओं ने प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि देश एवं प्रदेश के विकास में युवा शक्ति महत्वपूर्ण है और युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखने के


खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह पर सम्मानित करते स्वास्थ्य मंत्री शांडिल।

लिए हम सभी को एकजुट होकर प्रयास करने चाहिए। सभी के सामूहिक प्रयासों से ही नशे की चुनौती से निपटा जा सकता है। अभिभावक, अध्यापक, मित्र और समाज की एकजुटता ही नशे को हरा सकती है। वालीबॉल प्रतियोगिता में सोलन स्कूल विजेता तथा कंडाघाट स्कूल उपविजेता रहा। कबड्डी प्रतियोगिता में दभोटा स्कूल विजेता, घनागुघाट स्कूल उपविजेता रहा। खो-खो में छावशा स्कूल विजेता तथा देलगी स्कूल उपविजेता रहे। बैडमिंटन में कुफटु स्कूल विजेता तथा दानोघाट स्कूल उपविजेता रहा। योग में चामियां स्कूल विजेता तथा सोलन स्कूल उपविजेता रहे। शतरंज में चायल स्कूल विजेता रहा। डॉ. शांडिल ने कंडाघाट खेल मैदान के निर्माण के लिए अनुसूचित जाति घटक योजना के तहत 50 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि देने की घोषणा की।

**डिजिटलाइजेशन** डॉ. शांडिल ने कहा-प्रदेश के सरकारी स्कूलों के 17 हजार, 510 प्राइमरी शिक्षकों को दिए जा रहे टैबलेट

## सोलन और कंडाघाट के शिक्षकों को दिए 261 टैबलेट

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने सोलन के कंडाघाट में समग्र शिक्षा अभियान के तहत सोलन तथा कंडाघाट शिक्षा खंड के शिक्षकों को 261 टैबलेट वितरित किए।

स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर शिक्षा खंड सोलन के शिक्षकों को 130 तथा कंडाघाट खंड के प्राइमरी स्कूलों के शिक्षकों को 131 टेबलेट वितरित किए गए। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों



शांडिल सोलन तथा कंडाघाट शिक्षा खंड के शिक्षकों को टैबलेट वितरित करते हुए।

के 17 हजार, 510 प्राइमरी शिक्षकों को यह टैबलेट वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का यह कदम स्कूलों में शिक्षण प्रक्रियाओं के डिजिटलाइजेशन की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के इस कदम से शिक्षकों की शैक्षणिक डिजिटल संसाधनों तक बेहतर पहुंच बनेगी। इससे प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने, यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (यूडीआईएसई) डेटा अपलोड और अपडेट करने में शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति दर्ज करने में भी सहायता मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस योजना से स्कूलों में शिक्षण कार्य में सुधार होगा और स्कूलों में शिक्षण सामग्री प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने में शिक्षकों को मदद मिलेगी। इन टेबलेट का इस्तेमाल कर शिक्षक ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी भाग ले सकेंगे। प्रदेश सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। इस दिशा में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों की स्थापना एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि डे-बोर्डिंग स्कूलों में प्रदेश के विद्यार्थी विश्व स्तरीय गुणात्मक शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से व्यावसायिक आरंभ किए जा रहे हैं। इस अवसर पर खंड कांग्रेस कमेटी सोलन के अध्यक्ष संजीव ठाकुर, एसडीएम कंडाघाट सिद्धार्थ आचार्य, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) के अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### चंडीगढ़ में मनाया वर्ल्ड कार फ्री डे



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** वर्ल्ड कार फ्री डे यानी विश्व कार मुक्त दिवस। जैसा कि इसके नाम से पता चलता है, इस दिन कार मुक्त होने के फायदों को सामने लाने और लोगों को जागरूक करने का एक मौका होता है। मोटर चालकों को एक दिन के लिए अपनी कार नहीं चलाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए दुनिया भर में हर साल 22 सितंबर को वर्ल्ड कार-प्री डे मनाया जाता है। इसके तहत सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में भी वर्ल्ड कार फ्री डे मनाया गया। बता दें कि चंडीगढ़ में हर वर्ष इस दिन को सेलिब्रेट किया जाता है। चंडीगढ़ को साइकिल सिटी भी कहा जाता है। (अनंत ज्ञान)

### सैलजा के मुद्दे पर गरमाई हरियाणा की सियासत

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़ ।** कांग्रेस के चुनाव प्रचार से दूरी बनाने वाली पार्टी की वरिष्ठ नेता और सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा के मुद्दे पर हरियाणा की सियासत गरमा गई है। केंद्रीय मंत्री व राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कुमारी सैलजा को भाजपा में शामिल होने का प्रस्ताव दिया है। वहीं, कांग्रेस ने भी मनोहर लाल के प्रस्ताव पर पलटवार करते हुए कहा है कि भाजपा पहले अपना घर संभाले। हम तो सब साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस की प्रमुख दलित नेता कुमारी सैलजा पिछले पांच दिन से विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में शामिल नहीं हैं। वह कांग्रेस के घोषणा पत्र जारी किए जाने वाले कार्यक्रम में भी नहीं दिखी थीं। बताया जा रहा है कि वह कांग्रेस में टिकट वितरण को लेकर नाराज हैं। उन पर जातिगत टिप्पणी का एक वीडियो भी वायरल हुआ। इसके बाद से भाजपा इस मुद्दे को भुनाने की कोशिश में जुटी है। भाजपा नेताओं की ओर से बयान जारी कर बताया जा रहा है कि कांग्रेस में दलितों का सम्मान नहीं है।



### उद्योगपति से जालसाजों ने एक करोड़ ठगे

**लुधियाना।** पंजाब में जालसाजों ने एक उद्योगपति से कथित रूप से 1.01 करोड़ रुपए की ठगी की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सराभा नगर निवासी और वाहनों के कल पुरजे बनाने वाली इकाई के मालिक रजनीश आहूजा को व्हाट्सऐप पर एक कॉल आई और कॉल करने वाले ने खुद को दिल्ली हवाई अड्डे का अधिकारी बताया। आहूजा को बताया गया कि उनके द्वारा भेजा गया एक कूरियर दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जब्त किया गया है, जिसमें 16 पासपोर्ट और 58 एटीएम कार्ड हैं तथा संजय सिंह नामक व्यक्ति को हवाई अड्डे पर कूरियर के साथ पकड़ा गया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, फोन करने वाले ने दावा किया कि संजय सिंह ने स्वीकार किया है कि किसी से रंगदारी के तौर पर वसूले गए 38 करोड़ रुपए आहूजा के बैंक खाते में जमा किए गए हैं। जब आहूजा ने कोई भी पार्सल भेजने से इनकार किया तो फोन करने वाले ने कहा कि हो सकता है कि पार्सल भेजने के लिए उनकी आईडी का दुरुपयोग किया गया हो और मामला दिल्ली पुलिस को स्थानांतरित किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि कुछ मिनट बाद पीड़ित को एक अन्य नंबर से कॉल आई और कॉल करने वाले ने खुद की पहचान दिल्ली पुलिस में कार्यरत सुनील कुमार के तौर पर बताई। फोन करने वाले ने आहूजा से कहा कि उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया गया है तथा कूरियर भेजने तथा बैंक खाते में रंगदारी रकम प्राप्त करने के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि आहूजा को डराने और ब्लैकमेल करने के लिए उन्हें फर्जी गिरफ्तारी वारंट भी भेजा गया था। कानूनी कार्रवाई के डर से आहूजा ने जालसाजों द्वारा बताए गए बैंक खातों में क्रमशः 86 लाख रुपए और 15 लाख रुपए स्थानांतरित कर दिए।

### अमेरिका में गोलीबारी, चार लोगों की मौत



**वाशिंगटन।** अमेरिका के अलबामा राज्य में कई हमलावरों की सामूहिक गोलीबारी में कम से कम चार लोग मारे गए और दर्जनों लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ट्रूमैन फिट्जगेराल्ड ने स्थानीय मीडिया को बताया कि बर्मिंघम के फाइव प्वॉइंट्स साउथ जिले में रात 11:00 बजे के बाद कई हमलावरों ने लोगों के एक समूह पर कई गोलियां चलाईं। फिट्जगेराल्ड ने बताया कि अधिकारियों ने दो वयस्क पुरुषों और एक वयस्क महिला को फुटपाथ पर बेहोश पाया, जो गोली लगने से घायल थे। तीनों को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया।

### बिहार में बाढ़, कई ट्रेनों को किया रद्द



**पटना।** पूर्व मध्य रेलवे के सुल्तानगंज और रतनपुर स्टेशन के बीच रेलवे के एक पुल के ग्रिडर तक बाढ़ का पानी पहुंच जाने के कारण जमालपुर-भागलपुर रेलखंड से गुजरने वाली कई ट्रेन रद्द कर दी गई, जबकि कई अन्य के मार्ग में बदलाव किया गया। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सरस्वती चंद्रा ने बताया कि जमालपुर-भागलपुर रेलखंड के सुल्तानगंज और रतनपुर स्टेशन के बीच पुल संख्या 195 के ग्रिडर तक बाढ़ का पानी पहुंच जाने से शनिवार रात से इस रेलखंड पर ट्रेन परिचालन बाधित है। जमालपुर-भागलपुर रेलखंड से गुजरने वाली कई ट्रेन रद्द कर दी गई हैं, जबकि कई के मार्ग में बदलाव किया गया है।'

### मथुरा में धर्मांतरण के आरोप में 5 गिरफ्तार

**मथुरा (उप्र)।** मथुरा जिले के हाईवे थानाक्षेत्र के तुलसी नगर इंद्रपुरी कॉलोनी में लोगों को हिंदू धर्म से ईसाई धर्म में परिवर्तित करने की कोशिश करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि सूचना मिली कि कुछ लोग लोगों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए उकसा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हाईवे थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और पांच लोगों को गिरफ्तार किया।

### गोदावरी नदी में पाइपलाइन से गैस रिसाव

**मुम्मिडिवरम (आंध्र प्रदेश)।** गोदावरी नदी में ओएनजीसी पाइपलाइन से गैस रिसाव होने से लोगों में दहशत फैल गई है। लोगों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद संबंधित अधिकारियों ने सुध नहीं ली है। लोगों ने आशंका जताई है कि गैस रिसाव किसी बड़े हादसे का रूप ले सकती है। नदी से दुर्गंध भी आने लगी है। पाइपलाइन बिछाए जाने के बाद कई जगह पर पानी में लहरें भी उठ रही हैं, जिससे लोग खासे परेशान हैं। इस इलाके के कुछ वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं।

### दंतेवाड़ा में चार नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में तीन महिला नक्सलियों और एक पुरुष नक्सली ने आत्मसमर्पण किया। इन नक्सलियों पर 20 लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। जून 2020 से अब तक दंतेवाड़ा में 872 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि एक दंपति समेत चार नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें से हुंगा तामो उर्फ तामो सूर्या (37) और उसकी पत्नी आयती ताती (35) माओवादियों की क्षेत्रीय कंपनी नंबर 2 में सक्रिय थे।

### पंजाब में अवैध बंदूक मॉड्यूल का भंडाफोड़, 17 धरे

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में कमिश्नरेट पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो सप्ताह तक चले एक ऑपरेशन के बाद एक अंतर-राज्यीय अवैध बंदूक मॉड्यूल को भंडाफोड़ कर 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार लोगों से 18 हथियार, 66 कारतूस और 1.1 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है। वे पंजाब के कई जिलों में कई जघन्य अपराधों और कई अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल थे। यह गिरोह पंजाब और हरियाणा में गिरोहों को रसद सहायता और हथियार भी मुहैया करा रहे थे।

## पंजाब में ट्रेन को डिरेल करने की साजिश नाकाम

# रेलवे कर्मियों की मुस्तैदी से टला हादसा, ट्रैक पर रखा था सरिया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब के बठिंडा में दिल्ली रेलवे लाइन पर असामाजिक तत्वों की तरफ से ट्रेन को डिरेल करने की कोशिश की। इसमें रेलवे कर्मियों की मुस्तैदी के चलते बड़ा ट्रेन हादसा होने से बच गया। फिलहाल मामले में रेलवे अधिकारियों, रेलवे पुलिस व जिला पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

सुबह 3 बजे के करीब उक्त रेल ट्रैक से मालगाड़ी गुजर रही थी। गाड़ी की स्पीड कम होने के कारण रेल पटरी में रखे सरिया के बारे में जानकारी मिल गई। इस वजह से ट्रेन को पहले ही रोक दिया गया।

इस ट्रैक पर आधा दर्जन के करीब पैसेंजर ट्रेनों का आवागमन होता है। इसमें हजारों यात्रियों की जान जोखिम में पड़ सकती थी। इससे पहले भी देश के विभिन्न हिस्सों में इसी तरह की साजिशों का खुलासा हो चुका है व कई ट्रेन हादसे का शिकार हुई हैं। केंद्र की तरफ से रेलवे ट्रैक से छेड़खानी करने व किसी तरह का रोधक लगाकर गाड़ी को गिराने की कोशिश करने वालों पर देशद्रोह का केस दर्ज करने की हिदायत दी है।




जानकारी अनुसार बठिंडा-दिल्ली रेलवे ट्रैक के बंगी नगर के पास रविवार सुबह तीन बजे के करीब एक मालगाड़ी गुजरने वाली थी। इसी दौरान कैबिन मैन के साथ रेल ड्राइवर ने रेलवे ट्रैक में किसी अनहोनी की आशंका के चलते ट्रेन को रोक दिया व मामले की जानकारी रेलवे अधिकारियों व जीआरपी पुलिस को दी। अधिकारियों के साथ जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर देखा कि रेलवे ट्रैक के बीच में किसी ने सरिया का बंडल रखा था, जिससे रेल गाड़ी को डिरेल करने की साजिश का खुलासा हुआ है।

यह घटना 24 घंटे के अंदर घटित हुई इससे पहले सूरत में भी ट्रेन को डिरेल करने की कोशिश की गई। ऐसा नहीं है कि रेलवे ट्रैक पर यह सब सामान मिलने की घटनाएं कुछ विशेष शहरों या राज्यों में ही आई हैं। बल्कि, ऐसी घटनाएं उत्तर प्रदेश से लेकर ओडिशा और तेलंगाना से लेकर मध्य प्रदेश तक सभी जगह देखने को मिल रही हैं। पिछले 40 दिनों में ही करीब 20 घटना सामने आई हैं।

## नेकां और कांग्रेस गैर राष्ट्रवादी ताकतें : नड्डा

**एजेंसी, जम्मू**

भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) को गैर-राष्ट्रवादी ताकतें बताया और कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने खुद दोनों दलों को जम्मू कश्मीर में पड़ोसी देश का एजेंडा चलाने का प्रमाणपत्र दे दिया है। उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में परिवर्तन की लहर का भी उल्लेख किया और केंद्र शासित प्रदेश के साथ भाजपा के गहरे जुड़ाव पर भी जोर दिया।

उन्होंने दावा किया कि आतंकी हमलों में काफी कमी आई है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आतंकवादियों का जीवनकाल 'महज कुछ दिन' का है, लेकिन ये दल उनके साथ समझौता करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने जम्मू जिले के बर्नी इलाके में चुनावी रैली में कहा कि वे (नेकां, कांग्रेस और आतंकवादियों के साथ समझौता करने वाले) गैर-राष्ट्रवादी ताकतें हैं। ये वे लोग हैं जो आतंकवादियों को छोड़ने और नियंत्रण रेखा के पार व्यापार शुरू करने तथा उनके साथ समझौता करने की बात करते हैं।

### नड्डा ने डॉ. दीपक पुरी की सराहना की

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने वर्ष 2011 में गठित कार्डियोमर्सन के माध्यम से भारत में हृदय रोग प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए डॉ. दीपक पुरी के प्रयासों की सराहना की है। नड्डा ने कार्डियोमर्सन टीम व इसके ग्लोबल अध्यक्ष डॉ. पुरी को हाल ही में मोहाली में भारत में व्यापक लागत प्रभावी हृदय रोग प्रबंधन प्रदान करने के लिए एकीकृत दृष्टिकोण पर 14 वें वैश्विक सम्मेलन का आयोजन करने के लिए बधाई दी, जिसमें दुनिया भर के लगभग 400 हृदय विशेषज्ञों ने भाग लिया।



उन्होंने कहा, 'मुझे खुशी है कि कार्डियोमर्सन, जिसने हृदय रोगों के लिए व्यापक लागत प्रभावी उपचार के बारे में जागरूकता फैलाने का मिशन शुरू किया था, अपने लॉन्च के बाद से दुनिया भर के प्रमुख हृदय रोग विशेषज्ञों, कार्डियक सर्जनों और अन्य विशिष्टताओं को एक साथ ला रहा है।'

## पंजाब के साथ भेदभाव कर रही है भाजपा : आप

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र की राजग सरकार पर राज्य के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। यह आरोप केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा द्वारा मुख्यमंत्री भगवंत मान से आयुष्मान भारत योजना के तहत निजी अस्पतालों का बकाया चुकाने के लिए कहने के बाद लगाया गया।

राज्य सरकार के साथ बढ़ते बकाये के कारण राज्य के निजी अस्पतालों ने आयुष्मान भारत कार्डधारकों को नगद रहित उपचार प्रदान करना बंद कर दिया है।

आम आदमी पार्टी की पंजाब इकाई के मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद मलविंदर सिंह कंग ने शनिवार को कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत कुल बकाया 376 करोड़ रुपए में से 220 करोड़ रुपए केंद्र सरकार पर हैं।

उन्होंने यह भी दावा किया कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत पंजाब के हिस्से का 950 करोड़ रुपया रोक रही है। कंग ने दावा किया कि इन निधियों के अलावा नरेन्द्र मोदी सरकार पंजाब के लिए ग्रामीण विकास निधि (आरडीएफ) और मंडी विकास निधि (एमडीएफ) भी रोक रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पर आरडीएफ का 6,800 करोड़ रुपए और एमडीएफ का 177 करोड़ रुपए बकाया है।

### मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 10 गिरफ्तार

चंडीगढ़ । पंजाब पुलिस की एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने एक केंद्रीय एजेंसी के साथ संयुक्त अभियान में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान चंदन शर्मा, आकाश शर्मा, विशाल सिंह, अरविंदर सिंह, लवप्रीत सिंह, रिंकू थापर, भरत, दिव्यम, प्रथम और अंकुश भट्टी के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक किलो हेरोइन, 381 ग्राम चरस, एक अत्याधुनिक पिस्तौल सहित तीन पिस्तौल, 62 कारतूस और दो खोखा, 48.7 लाख रुपये नकद, 262 ग्राम सोना और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए।

## सीएम धामी ने किया विभिन्न क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एक दिवसीय भ्रमण पर जनपद चंपावत पहुंचे। उन्होंने जनपद के आपदा प्रभावित क्षेत्र सरयू घाटी,काली घाटी, पंचेश्वर घाटी, रौसाल तथा तामली आदि विभिन्न क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके पश्चात् एनएचपीसी गेस्ट हाउस, बनबसा में जनपद के अधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों तथा अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में जन जीवन सामान्य बनाने तथा पुनर्निर्माण कार्यों की अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री जनता से मिले और उनकी समस्याएं सुनी इस दौरान जनता द्वारा मुख्यमंत्री जी को विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया गया। माननीय मुख्यमंत्री ने जनता को उनकी हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।



इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनपद में आपदा से क्षतिग्रस्त हुए सड़क मार्गों एवं पुलों को ठीक करने हेतु किए जा रहे कार्यों की भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में व्यवस्थाएं सामान्य बनाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त मार्गों, पेयजल एवं विद्युत लाइनों को यथाशीघ्र बहाल किया जाए। तथा वैकल्पिक तौर पर उरेडा द्वारा सौर ऊर्जा से विद्युत व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए की जनपद के प्रत्येक आपदा प्रभावित को हर संभव मदद दी जाए, जिन प्रभावितों को आपदा राहत राशि वितरित की जानी है तत्काल राहत राशि वितरित की जाए। जनपद में पुनर्निर्माण कार्यों सहित जनपद के विभिन्न व्यवस्थाओं को शीघ्र सामान्य कराएं और जनपद में बंद पड़ी सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर यातायात हेतु सुचारु किया जाए।

## देश-विदेश

# जेएंडके में पत्थरबाज व आतंकवादी नहीं होंगे रिहा : शाह

### गृह मंत्री ने की नौशेरा रैली : कहा- आतंकवाद के सफाया होने तक नहीं होगी पाकिस्तान से कोई बात

**एजेंसी, नौशेरा**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने आतंकवाद पर कड़ा रुख अपनाते हुए रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में किसी भी पत्थरबाज या आतंकवादी को रिहा नहीं किया जाएगा। जब तक आतंकवाद का सफाया नहीं कर दिया जाता तब तक पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत नहीं होगी।

नौशेरा में चुनावी रैली में अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के युवाओं को 'शेर' करार देते हुए कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर के युवाओं से बात करना चाहता हूं। शाह ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस- कांग्रेस गठबंधन पत्थरबाजों और आतंकवादियों को रिहा करना



चाहता है (जैसा कि उन्होंने अपने घोषणापत्र में वादा किया है कि उनकी सरकार बनने पर इसे पूरा किया जाएगा)। फारूक अब्दुल्ला जम्मू की पहाड़ियों में आतंकवाद के फिर से पनपने की बात कर रहे हैं, लेकिन मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि यह मोदी सरकार है और हम आतंकवाद को पाताल में दफना देंगे। किसी भी आतंकवादी या पत्थरबाज को रिहा नहीं किया जाएगा।

### बोले- डेयरी के जरिए अब विदेशी मुद्रा का अर्जन भी किया जा सकेगा

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के शुरुआती 100 दिनों में सहकारिता मंत्रालय ने 10 महत्वपूर्ण पहलें की हैं, जिनका मकसद देश के सहकारी क्षेत्र को और अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने एक राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि इनका लक्ष्य सहकारी समितियों को पुनर्जीवित करना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना है। अमित शाह ने बताया कि आजादी के 70 साल बाद मोदी सरकार ने सहकारिता मंत्रालय का गठन किया, जिसके तहत देश के गांवों और पंचायतों में 2 लाख नई बहुउद्देश्यीय सहकारी समितियों, डेयरी, और मत्स्य सहकारी समितियों का गठन किया जा रहा है। इसके साथ ही, श्वेत क्रांति 2.0 के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और कुपोषण से लड़ने का मार्ग भी प्रशस्त किया जा रहा है।

## ईरान की कोयला खदान में विस्फोट, 34 लोगों की मौत



**एजेंसी, तेहरान**

**पूर्वी** ईरान में एक कोयला खदान में मीथेन गैस लीक होने के कारण हुए विस्फोट में कम से कम 34 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 घायल हो गए। आशंका है कि 18 अन्य श्रमिक खदान में फंसे हुए हैं।

राजधानी तेहरान से करीब 540 किलोमीटर दूर दक्षिणपूर्व में तबास में स्थित एक कोयला खदान में शनिवार देर रात यह दुर्घटना हुई। हादसे के वक्त खदान में करीब 70 लोग काम कर रहे थे। सरकारी न्यूज एजेंसी के अनुसार, जमीन से नीचे 700 मीटर की गहराई पर सुरंगों के भीतर 18 लोगों के फंसे होने की आशंका है। ईरान के नए सुधारवादी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा कि उन्होंने खदान में फंसे लोगों को बचाने तथा उनके परिवारों की सहायता के लिए हरसंभव प्रयास करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि विस्फोट की जांच शुरू कर दी गई है। तेल उत्पादन करने वाला ईरान विभिन्न प्रकार की खनिज संपदा से भी समृद्ध है। ईरान हर साल करीब 35 लाख टन कोयले की खपत करता है, लेकिन अपनी खदानों से प्रति वर्ष केवल 18 लाख टन कोयला ही उत्पादित करता है। वह बाकी का कोयला आयात करता है।

### जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर मंत्री समूह की बैठक 25 सितंबर को

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को युक्तिसंगत बनाने पर मंत्री समूह (जीओएम) की बैठक 25 सितंबर को होगी। बैठक में कर स्लैब और दरों में बदलाव पर चर्चा हो सकती है। जीओएम की पिछली बैठक 22 अगस्त को हुई थी और उसने नौ सितंबर को जीएसटी परिषद को स्थिति रिपोर्ट सौंपी थी।

## जेएंडके के लोगों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने का लिया है संकल्प : खड़गे

**एजेंसी, जम्मू**

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के लोगों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लिए कांग्रेस की सात गारंटी का उद्देश्य क्षेत्र के लिए एक उज्जवल भविष्य की शुरुआत करना है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के लोगों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने का संकल्प लिया है। हमारा प्रगतिशील विकास एजेंडा सभी के लिए है।



जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए पार्टी की सात गारंटी का उल्लेख करते हुए कहा कि यह गारंटी सामाजिक न्याय और आर्थिक सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित करके एक उज्ज्वल भविष्य लाएगी।

### यूपी में कुएं में गिरने से तीन लोगों की मौत

**बांदा (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में रविवार को कुएं में गिरकर तीन लोगों की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) शिवराज ने बताया कि बड़ागांव में पैर फिसलने पर अनिल पटेल खेत में बने कीचड़ युक्त कुंएं में गिर गया, जिसे बाहर निकालने के लिए संदीप वर्मा और बाला वर्मा ने भी उतर गए। तीनों को कुएं से बाहर निकालकर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां तीनों को मृत घोषित कर दिया।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति बने चीनी समर्थक अनुरा दिसानायके

**एजेंसी, कोलंबो**

श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव में मार्क्सवादी नेता अनुरा दिसानायके ने जीत दर्ज कर ली है। दिसानायके ने एक्स पर पोस्ट करके लिखा कि यह जीत हम सबकी है। पिछले सालों में आर्थिक रूप से चुनौतियों और फिर राजनीतिक रूप से अस्त-व्यस्त हो जाने के बाद श्रीलंका का यह पहला चुनाव था। सरकार के खिलाफ आंदोलन में दिसानायके ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इन्हें चीन का समर्थक माना जाता है।



श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव में 38 उम्मीदवार मैदान में थे।

दिसानायके कोलंबो से सांसद हैं। वह नेशनल पीपल्स पार्टी और जेवीपी पार्टी का नेतृत्व करते हैं। वह कई बार भारत का विरोध कर चुके हैं। इसके अलावा चीन की तरफ खास रुझान रहता है।

### तिरुपति लड्डू विवाद

### वाईएसआरसीपी चीफ जगन रेड्डी पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी

**आंध्र प्रदेश।** तिरुपति लड्डू विवाद पर पूरे देश में बवाल मचा हुआ है। वाईएसआरसीपी चीफ जगन मोहन रेड्डी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू पर तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) की पवित्रता को धूमिल करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। जगन ने पीएम से नायडू को फटकार लगाने और सच्चाई को उजागर करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सीएम चंद्रबाबू नायडू की ओर से तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम की पवित्रता, अखंडता और प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## हिजबुल्लाह की इसराइल के सैन्य हवाई अड्डे पर एयर स्ट्राइक

**एजेंसी, यरूशलम**

**लेबनानी** आंदोलन हिजबुल्लाह ने उत्तरी इसराइल में रमत डेविड हवाई अड्डे पर हमला किया है। हिजबुल्लाह ने कहा कि यह लेबनान के विभिन्न क्षेत्रों और इलाकों पर हमलों और नागरिकों की मौत का जवाब था। उल्लेखनीय है कि गत 17 और 18 सितंबर को लेबनान के विभिन्न क्षेत्रों में पेजर और रेडियो सहित संचार उपकरण फट गए थे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस घटना में 37 लोग मारे गए और 3,000 से अधिक घायल हो गए। पीड़ितों में लेबनान में ईरानी राजदूत मोजतबा अमानी भी शामिल थे। अभी तक यह पता नहीं चल पाया



है कि हजारों उपकरणों के एक साथ विस्फोट का कारण क्या था। हिजबुल्लाह, लेबनानी सरकार और ईरान ने इस घटना के लिए इसराइल को जिम्मेदार ठहराया है। इसराइल अधिकारियों ने न तो अपनी संलिप्तता की पुष्टि की है और न ही इससे इनकार किया है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने लेबनान में जो कुछ हुआ उसे आतंकवाद का एक भयानक कृत्य और एक बड़े संघर्ष को भड़काने का प्रयास बताया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### अश्विन ने हेडली को पीछे छोड़ा



**चेन्नई।** रविचंद्रन अश्विन ने इस मैच में बल्ले और गेंद दोनों से उम्दा प्रदर्शन किया। अश्विन ने पहली पारी में शतक लगाया और जिस वक्त भारतीय टीम मुश्किल स्थिति में दिख रही थी, उस वक्त रवींद्र जडेजा के साथ मिलकर 7वें विकेट के लिए 199 रनों की साझेदारी की। अश्विन को उनके ऑलआउंड प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। यह 10वीं बार था जब टेस्ट में अश्विन को यह पुरस्कार मिला। अश्विन ने टेस्ट में 37वीं बार पारी में पांच विकेट झटक कर महान शेन वॉर्न के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने इस दौरान न्यूजीलैंड के दिग्गज रिचर्ड हेडली के 36 बार पांच विकेट लेने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। टेस्ट मैच में यह चौथी बार है जब इस अनुभवी हरफनमौला ने शतक लगाने के साथ पारी में पांच विकेट चटकाए हैं।

### जीत पर बोले रोहित शर्मा-मजबूत गेंदबाजी विकल्पों पर ध्यान



**चेन्नई ।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 280 रन से जीत दर्ज करने के बाद कहा कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए वह 'मजबूत गेंदबाजी विकल्पों' के आस पास अपनी टीम को तैयार करने पर ध्यान दे रहे हैं। भारत ने अनुभवी रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा के हरफनमौला खेल के साथ शुभमन गिल और ऋषभ पंत की शतकीय पारियों के दम पर पांच सत्र रहते बड़ी जीत दर्ज की। रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, ''हम अपनी टीम को मजबूत गेंदबाजी विकल्पों के इर्द-गिर्द बनाना चाहते हैं, हमें किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।''

### ...जब पंत ने बांग्लादेश की फील्ड चेंज की




**चेन्नई ।** पहले टेस्ट के तीसरे दिन नाहिद राणा के ओवर में बांग्लादेशी कप्तान नजमुल हुसैन शांटो फील्डिंग चेंज करते समय कन्फ्यूज दिख रहे थे। यहां स्ट्राइक पर खड़े ऋषभ पंत ने बांग्लादेशी कप्तान को फील्डिंग चेंज करने के लिए कहा। उनकी बात स्टंप माइक में रिकॉर्ड भी हो गई। पंत ने मिड-विकेट की तरफ इशारा करते हुए कहा, इधर आएगा एक, भाई एक इधर, वन फील्डर हियर। कप्तान शांटो ने ऋषभ की बात मानते हुए उसी जगह पर फील्डर लगा दिया। 2019 वर्ल्ड कप में धोनी ने भी कुछ इसी तरह बांग्लादेश टीम को सलाह दी थी।

### खूबसूरती को लेकर सुर्खियों में अलीशा

**नई दिल्ली ।** स्विट्जरलैंड की स्टार महिला फुटबॉलर अलीशा लेहमन्न अपने खेल के साथ अपनी खूबसूरती को लेकर भी अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। अलीशा स्विट्जरलैंड महिला फुटबॉल की टीम स्टार प्लेयर हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है।



**भारत vs बांग्लादेश**

## टीम इंडिया ने बांग्लादेश को पहले टेस्ट के चौथे दिन 280 रनों से दी मात

# चेन्नई में चला अश्विन का जादू




चेन्नई टेस्ट के चौथे दिन बांग्लादेश के खिलाड़ी को आउट करने के बाद रविचंद्रन अश्विन को बधाई देते भारतीय क्रिकेट टीम के साथी खिलाड़ी। अश्विन ने मैच में 88 रन देकर 6 विकेट झटके।

**एजेंसी, चेन्नई**

पहली पारी के शतकवीर रविचंद्रन अश्विन ने दूसरी पारी में गेंद से अपने चिर-परिचित अंदाज में छह विकेट झटक कर दो मैचों की सीरीज के शुरुआती मुकाबले के चौथे दिन रविवार को यहां बांग्लादेश पर भारत की 280 रन से बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई।

बांग्लादेश के खिलाफ अपने शानदार रिकॉर्ड को जारी रखते हुए भारतीय टीम ने सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त बना ली है। बांग्लादेश की टीम दिन की शुरुआत चार विकेट पर 158 रन से आगे से करते हुए 234 रन पर ऑलआउट हो गई। रविचंद्रन अश्विन ने 88 रन देकर छह विकेट लिए। उन्हें रवींद्र जडेजा का शानदार साथ मिला, जिन्होंने 58 रन देकर तीन विकेट चटाए।

कप्तान नजमुल हसन शंटो ने बांग्लादेश के लिए 127 गेंद में आठ चौके और तीन छक्के की मदद से 82 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन उन्हें छोर से किसी बल्लेबाज का अच्छा साथ नहीं मिला।

बीते दिन के नाबाद बल्लेबाज शंटो और अनुभवी शाकिब अल हसन (25) ने हालांकि बांग्लादेश के लिए दिन की अच्छी शुरुआती की थी। दोनों ने खेल के शुरुआती घंटे में भारतीय गेंदबाजों को सफलता से दूर रखा।

### स्कोर बोर्ड

| | | | |
|---|---|---|---|
| भारत (पहली पारी) | | | 376/10 |
| बांग्लादेश (पहली पारी) | | | 149/10 |
| भारत (दूसरी पारी) | | | 287/4 |
| बांग्लादेश (दूसरी पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
| जाकिर क. जायसवाल ब. बुमराह | 33 | 47 | 5/1 |
| इस्लाम क. गिल ब. अश्विन | 35 | 68 | 3/0 |
| शांटो क. बुमराह ब. जडेजा | 82 | 127 | 8/3 |
| हक ब. अश्विन | 13 | 24 | 3/0 |
| रहीम क. राहुल ब. अश्विन | 13 | 11 | 1/1 |
| शाकिब क. जायसवाल ब. अश्विन | 25 | 56 | 3/0 |
| लिट्टन क. रोहित ब. जडेजा | 01 | 10 | 0/0 |
| मिराज क. जडेजा ब. अश्विन | 08 | 10 | 1/0 |
| अहमद क. सिराज ब. अश्विन | 05 | 04 | 1/0 |
| हसन ब. जडेजा | 07 | 14 | 1/0 |
| राणा (नाबाद) | 00 | 02 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 12 | | |
| कुल : (62.1 ओवर) | 234/10 | | |

**विकेट पतन** : 1-62, 2-86, 3-124, 4-146, 5-194, 6-205, 7-222, 8-222, 9-228, 10-234.

**गेंदबाजी :** बुमराह 10-2-24-1, सिराज 10-5-32-0, आकाशदीप 6-0-20-0, अश्विन 21-0-88-6, जडेजा 15.1-2-58-3.

### दूसरे टेस्ट के लिए कोई बदलाव नहीं

बीसीसीआई के चयनकर्ताओं ने भारतीय टीम को कानपुर में होने वाले दूसरे और अंतिम मैच के लिए बरकरार रखा है।
**टीम ।** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप रैंकिंग

| रैंक टीम | मैच | जीत | हार | ड्रा | अंक | जीत % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. भारत | 10 | 07 | 02 | 01 | 86 | 71.67 |
| 02. ऑस्ट्रेलिया | 12 | 08 | 03 | 01 | 90 | 62.50 |
| 03. न्यूजीलैंड | 06 | 03 | 03 | 00 | 36 | 50.00 |
| 04. श्रीलंका | 07 | 03 | 04 | 00 | 36 | 42.86 |
| 05. इंग्लैंड | 16 | 08 | 07 | 01 | 81 | 42.19 |
| 06. बांग्लादेश | 07 | 03 | 04 | 00 | 33 | 39.29 |
| 07. द.अफ्रीका | 06 | 02 | 03 | 01 | 28 | 38.89 |
| 08. पाकिस्तान | 07 | 02 | 05 | 00 | 16 | 19.05 |
| 09. वेस्टइंडीज | 09 | 01 | 06 | 02 | 20 | 18.52 |

### घर में 4302 दिनों से कोई टेस्ट सीरीज नहीं हारा भारत



**अपने** घर में साल 2012 से शुरू हुए सिलसिले में भारत ने कोई टेस्ट सीरीज नहीं गंवाई है। भारत अपने घर में 4302 दिनों से कोई टेस्ट सीरीज नहीं हारा है। यह अन्य किसी भी देशों से ज्यादा है। भारत के बाद इस लिस्ट में दक्षिण अफ्रीका है। अफ्रीकी टीम ने साल 2020 से शुरू हुए सिलसिले में 1702 दिनों से कोई टेस्ट सीरीज नहीं गंवाई है। ऑस्ट्रेलिया 1348 दिनों के साथ तीसरे स्थान पर है। साल 2013 से अपने घर में टेस्ट में भारत का रिकॉर्ड शानदार रहा है। उसने 52 टेस्ट खेले हैं और 41 में जीत हासिल की है। भारत इस दौरान सिर्फ चार टेस्ट हारा है और सात मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। भारत साल 2013 से घर में लगातार 17 टेस्ट सीरीज से अजेय है।

## संग्राम एमएमए मुकाबला जीतने वाले पहले भारतीय बने

**एजेंसी, जॉर्जिया**

भारतीय पहलवान संग्राम सिंह ने गामा इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप में अपना पहला मुकाबला जीतकर एमएमए की दुनिया में अपनी पहचान बनाई। कॉमनवेल्थ हैवीवेट कुश्ती चैंपियन संग्राम ने मात्र एक मिनट और तीस सेकेंड में पाकिस्तानी फाइटर अली रजा नासिर को हराया, जो उनसे 17 साल छोटे हैं।

इस तरह वे मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) मुकाबला जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बन गए। 11 प्रतिस्पर्धी देशों में संग्राम की यह उपलब्धि 93 किलोग्राम वर्ग में किसी भारतीय फाइटर द्वारा दर्ज कीगई सबसे तेज जीत है।

संग्राम ने अपनी कुश्ती कौशल और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करके स्पष्ट जीत हासिल की। पारंपरिक कुश्ती में उनकी पृष्ठभूमि है और वे प्रशिक्षण के प्रति समर्पित हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे भारत के लिए यह जीत घर लाने पर बेहद गर्व है। यह जीत भारत में एमएमए के बेहतर भविष्य की दिशा में एक कदम है। यह व्यक्तिगत उपलब्धि से बढ़कर है। मुझे उम्मीद है कि वैश्विक स्तर पर मान्यता मिलने से भारतीय सरकार को मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स का समर्थन करने वाले कार्यक्रमों को लागू करने और युवाओं को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करने की प्रेरणा मिलेगी।'

संग्राम सिंह ने मुकाबला जीतने के बाद कहा, 'मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि इससे युवा एथलीटों को अपनी आंतरिक शक्ति खोजने, महानता के लिए प्रयास करने और मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स की दुनिया में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।'




## जमशेदपुर की आईएसएल में मुंबई सिटी पर संघर्षपूर्ण जीत

**एजेंसी, जमशेदपुर**

स्पेन के खिलाड़ी जावी हर्नांडेज के दो गोल की मदद से जमशेदपुर एफसी ने एक गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके मुंबई सिटी एफसी को एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में 3-2 से हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के वर्तमान सत्र में अपने घरेलू मैदान पर पहली जीत हासिल की।

जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए मैच में जमशेदपुर की तरफ से हर्नांडेज ने 44वें और 50वें मिनट में गोल किए। इससे पहले जॉर्डन मरे (36वें मिनट) ने टीम की तरफ से बराबरी का गोल किया था। हर्नांडेज इस तरह से आईएसएल में पांच अलग-अलग क्लबों के लिए गोल करने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए। मुंबई सिटी के लिए निकोलाओस कारेलिस (18वें) और योएल वैन नीफ (77वें) ने गोल किए।



## अर्शदीप के छह विकेट से भारत डी की सांत्वना जीत

**एजेंसी, अनंतपुर**

**दलीप ट्रॉफी**

अर्शदीप सिंह के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (40 रन पर छह विकेट) के दम पर भारत डी ने दलीप ट्रॉफी मैच में रविवार को यहां चौथे और आखिरी दिन भारत बी को 257 रन के बड़े अंतर से हराकर सांत्वना जीत दर्ज की।

भारत डी ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 244 रन से आगे की, लेकिन टीम 305 रन पर आउट हो गई। इसके बाद भारत-बी को लगभग 70 ओवर में जीत के लिए 373 रन का मुश्किल लक्ष्य मिला।

अर्शदीप और आदित्य ठाकरे (59 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली भारत-बी की टीम महज 115 पर आउट हो गई। अर्शदीप ने मैच में 90 रन पर 9 विकेट झटक कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने पहली पारी की तरह दूसरी पारी में भी भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव (16) का विकेट चटकाया।



ईश्वरन एक बार फिर से दबाव की परिस्थिति में जज्बा दिखाने में विफल रहे और 19 रन बनाकर अर्शदीप की गेंद पर आकाश सेनगुप्ता के द्वारा लपके गए।

नीतिश रेड्डी ने 43 गेंद में नाबाद 40 रन की आक्रामक पारी खेलकर टीम को 100 रन के पार पहुंचाया।

भारत-डी की टीम इस मैच से छह अंक हासिल करने के बावजूद तालिका में सबसे नीचे चौथे स्थान पर रहेगी। टीम अपने शुरुआती दोनों मैचों को हार गयी थी।

## उमेश को इंडोनेशिया पैरा बैडमिंटन में सोना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

उमेश विक्रम ने रविवार को यहां इंडोनेशिया पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में एसएल3 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि सुकांत कदम, सिवाराजन सोलाईमलई और मंदीप कौर ने अपनी स्पर्धाओं में रजत पदक हासिल किए।

सुकांत ने पुरुष एकल एसएल4 स्पर्धा में जबकि सिवाराजन ने पुरुष एकल एसएच6 वर्ग में रजत पदक जीता। मंदीप को महिला एकल एसएल3 वर्ग में रजत पदक मिला। भारत ने इंडोनेशिया के सराकार्ता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय लेवल 2 के टूर्नामेंट में 34 पदक जीते। पुरुष एकल एसएल3 में उमेश ने हमवतन और शीर्ष वरीय नेहाल गुप्ता पर फाइनल में 12-21, 21-8, 21-19 से जीत हासिल की। सुकांत पेरिस पैरालंपिक में प्लेऑफ में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान से हारकर कांस्य पदक से चूक गए थे और वह यहां एसएल4 फाइनल में फिर इस इंडोनेशियाई से 14-21,14-21 से पराजित हो गए। सिवाराजन को एसएच6 फाइनल में शीर्ष वरीय इंडोनेशियाई सुभान सुभान से 19-21, 15-21 से हार मिली।



मंदीप कौर को एसएल3 फाइनल में इंडोनेशिया की शीर्ष वरीय कोनिताह इख्तियार सयाकुरोह से 10-21, 5-21 से हार से रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय दल का टूर्नामेंट में प्रदर्शन मजबूत रहा, पर उमेश ही एकल में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी रहे। जगदीश दिली ने इसी वर्ग में कांस्य पदक जीता।

## ऑस्ट्रेलिया की वनडे में लगातार 14वीं जीत

**एजेंसी, लीड्स (इंग्लैंड)**

एलेक्स कैरी की 67 गेंदों में 74 रन की आक्रामक पारी और मिशेल स्टार्क (3 विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को दूसरे वनडे में 68 रन से हराकर खेल के इस प्रारूप में जीत का सिलसिला जारी रखा। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 44.4 ओवर में 270 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 40.2 ओवर में 202 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह से पांच मैच की सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाई।

ऑस्ट्रेलिया की वनडे में यह लगातार 14वीं जीत है। पहले बल्लेबाजी करते हुए उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय उसकी टीम 200 रन तक पहुंचने के लिए भी संघर्ष कर रही थी।

कप्तान मिशेल मार्श (59 गेंदों में 60 रन) शीर्ष क्रम के एकमात्र बल्लेबाज थे, जिन्होंने अर्धशतक बनाया। पहले वनडे में नाबाद 154 रन की पारी खेलकर ऑस्ट्रेलिया को सात विकेट से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ट्रैविस हेड केवल 29 रन बनाकर तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स (75 रन देकर तीन विकेट) के पहले शिकार बने। दूसरे सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट ने भी 29 रन का योगदान दिया।




**चैस**

## भारतीय पुरुष टीम ने अमेरिका को हराया, महिला टीम ने चीन को दी शिकस्त

# शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक लगभग पक्का

**एजेंसी, बुडापेस्ट**

ग्रैंडमास्टर और विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने यहां 45वें शतरंज ओलंपियाड में अमेरिका के फैबियानो कारूआना को हराकर ओपन वर्ग में भारतीय टीम को स्वर्ण पदक विजेता बनाने के बेहद करीब पहुंचा दिया।

इस साल नवंबर में सिंगापुर में अगला विश्व चैंपियनशिप मैच खेलने के लिए तैयार गुकेश ने शीर्ष वरीयता प्राप्त टीमों के खिलाफ अपनी शानदार कौशल का प्रदर्शन जारी रखते हुए एक और कठिन मुकाबले में अपने से बेहतर रैंकिंग वाले कारूआना को शिकस्त दी।

गुकेश की यह जीत बेहद खास थी क्योंकि इससे वेस्ले सो ने आर प्रज्ञानानंदा को हराकर अमेरिका को शुरुआती बढ़त दिलाई थी। अमेरिका की इस बढ़त के बावजूद भारतीय टीम कभी भी इस मुकाबले को गंवाने की स्थिति में नहीं थी क्योंकि अर्जुन एरिगैसी ने लेनियर डोमिंग्वेज पेरेज पर शिकंजा कस रखा था। अर्जुन लगभग पांच घंटे के मैराथन मुकाबले को जीतने में सफल रहे तो वही विदित गुजराती लेवोन अरोनियन को ड्रॉ पर रोकने में सफल रहे। ओपन वर्ग में भारत के नाम 19 अंक है और वह चीन पर दो अंक की बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष पर है।



भारतीय महिला टीम

महिला वर्ग में भी भारतीय टीम ने पिछले मुकाबले में पोलैंड से मिली निराशाजनक हार को पीछे छोड़ते हुए चीन को शिकस्त दी।

दिव्या देशमुख ने एक बार फिर टीम की स्टार खिलाड़ी साबित हुई। उन्होंने तीसरे बोर्ड पर नी शीकुन को शिकस्त दी जबकि बाकी तीनों मुकाबले बराबरी पर छूटे। भारतीय टीम 2.5-1.5 की जीत के साथ तालिका में कजाखस्तान के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गई है।

### आप आज इतिहास रचने के कगार पर : राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को शतरंज ओलंपियाड के निर्णायक दौर से पहले भारतीय टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब स्वर्ण जीतने और दुनिया को दिखाने का समय आ गया है कि भारत किस चीज से बना है।

ग्रैंडमास्टर और विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने बुडापेस्ट में 45वें शतरंज ओलंपियाड में अमेरिका के फैबियानो कारुआना को हराकर भारतीय पुरुष टीम के लिए स्वर्ण पदक लगभग पक्का कर दिया है। भारतीय महिला टीम भी तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर है और स्वर्ण पदक की मजबूत दावेदार है।